Veddhama
42 Herbs used in Chyawanprash
The Chyawanprash made by VEDDHAMA FOUNDATION, is unique because it involves a painstaking process in which amla was plucked at an auspicious time, after Sharad Purnima.
As per Maharishi Charak,the Amla at this time beholds Amrit.
Dr. (Vaidya) VivekAhuja
Ayurveda & Nadi Expert
www.drvivekahuja.in
www.veddhama.in
99151-51166
Address : Inside Sri Sukhmani Hospital, Ambala Road, Dera Bassi

दैनिक
अर्थ प्रकाश
उत्तर भारत का अनूठा अखबार, प्रादेशिक व लोकल खबरों का एकमुश्त उपहार

आयुर्वेदिक टिप्स 373 by Veddhama Foundation

वर्षा ऋतु में स्वास्थ्य-सुरक्षा

हरड़ (हरीतकी) चूर्ण में दो गुना पुराना गुड़ मिलाकर चने के बराबर गोलियाँ बना लें। 2-2 गोलियाँ दिन में 1-2 बार चूसें। यह प्रयोग वर्षाजन्य सभी तकलीफों में लाभदायी है।

Dr. (Vaidya) Vivek Ahuja
www.drvivekahuja.in (Ayurveda & Nadi Expert)

वर्ष 37 | अंक 225 | मूल्य 3:00 रुपये | पृष्ठ संख्या : 20+4+4+4+4 | चंडीगढ़, सोमवार, 15 अगस्त, 2022 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रमी संवत-2079
www.arthparkash.com
YouTube/Arth Parkash TV

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक

आज के दिन आज़ाद भारत में लोकतंत्र की चेतना का अवतरण हुआ था। दैनिक अर्थ प्रकाश परिवार के सभी पाठकों, पत्रकारों, हॉकरों और शुभचिंतकों को इस पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकमाएं।

–प्रधान सम्पादक

आवश्यक सूचना

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज सोमवार को दैनिक अर्थ प्रकाश कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक अब आपको बुधवार को मिलेगा।

टेंशन ख़ल्लास

आजादी के जश्न में
पूरा देश मदहोश।
देश का खा कर जो विरोध करे,
वो एहसान फरामोश।
-अर्थ प्रकाश

15 अगस्त पर दिल्ली को दहलाने की साजिश नाकाम

अर्थ प्रकाश नेटवर्क/ संवाददाता

पंजाब पुलिस ने पकड़े चार आतंकवादी

आईईडी के साथ 3 ग्रेनेड और पिस्टल बरामद

नई दिल्ली/चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने नई दिल्ली से चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चारों आतंकी कनाडा में बैठे अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला और ऑस्ट्रेलिया में बैठे गुरजंट सिंह उर्फ जनता के करीबी हैं। पुलिस ने इन चारों से आईईडी के अलावा तीन ग्रेनेड, दो पिस्टल और 40 कारतूस बरामद किए। पंजाब पुलिस का दावा है कि इनकी प्लानिंग 15 अगस्त पर दिल्ली में ब्लास्ट करने की थी। चारों की गिरफ्तारी में दिल्ली पुलिस की मदद भी ली गई। पंजाब के डीजीप गौरव यादव ने बताया कि एक हफ्ते में पकड़ा गया यह तीसरा आतंकी मॉड्यूल है जिसके कनेक्शन क्रॉस बॉर्डर से हथियारों की तस्करी करने वालों से जुड़ रहे हैं। पकड़े गए आरोपियों में से 2 पंजाब और 2 दिल्ली के रहने वाले हैं। इनमें दीपक शर्मा निवासी प्रीतनगर (मोगा), संदीप सिंह निवासी गांव कोटकरोड़ कलां (फिरोजपुर), सन्नी डागर निवासी ईशापुर गांव (दिल्ली) और विपन जाख? निवासी गोयला खुर्द (नई दिल्ली) है। इन चारों ने हथियारों के साथ दिल्ली में पनाह ले रखी थी।

सूचना के बाद की रेड: पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) को पुख्ता इनपुट मिला था

कि दीपक, सन्नी और संदीप नई दिल्ली के गोयला खुर्द गांव में अपने चौथे साथी विपिन जाखड़ के साथ उसी के घर में छिपे हुए हैं। इसके बाद एसएसओसी की टीम ने नई दिल्ली पुलिस के द्वारका थाने की टीम के साथ जाखड़ के घर रेड की। वहां से इन चारों को दो पिस्तौल और 40 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद इन चारों ने पंजाब में उनकी ओर से छिपाई एक आईईडी और तीन ग्रेनेड बरामद करवाए।

दिल्ली-पंजाब में दहशत फैलाने की साजिश: पंजाब के डीजीपी के अनुसार, चारों आतंकियों ने बताया कि उन्हें अर्श डल्ला ने स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली और पंजाब में माहौल बिगाड़ने का जिम्मा सौंपा था। गिरफ्तार किया गया दीपक मोगा के ही जसविंदर सिंह जस्सी को मारने और पंचायत सेक्रेटरी के घर पर फायरिंग करने के केस में भी वांटेड था। इसी तरह संदीप सिंह कुछ समय पहले ही दुबई से लौटा था। उसी ने पंचायत सेक्रेटरी के घर फायरिंग के लिए दीपक को हथियार उपलब्ध करवाए थे। इनका तीसरा साथी सन्नी डागर जेल से पैरोल पर बाहर आया हुआ था। डागर नीरज बवाना और तीलू तेजपुराया गैंग का एक्टिव मैंबर है। उसने दिल्ली और आसपास के एरिया में कई वारदातें की हैं। विपन जाखड़ का काम इन तीनों को पैसे और हथियार उपलब्ध कराना था।

गैंगस्टर से आतंकी बनी अर्श डल्ला

कनाडा में बैठा अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला गैंगस्टर से आतंकी बना है। वह मोगा का रहने वाला है लेकिन अब कनाडा में ही सैटल हो चुका है। वह काफी समय से गैंगस्टर और आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है। वह पाकिस्तान में बैठे अपने साथियों से संपर्क करके भारत में हथियारों की डिलीवरी करवाता है। पंजाब पुलिस पहले ही अर्श डल्ला के कई मॉड्यूल का पर्दाफाश कर उसके नजदीकी साथियों को गिरफ्तार कर चुकी है। फिलहाल पुलिस अर्श डल्ला को भारत डिपोर्ट कराने की कोशिश में जुटी है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है।

राष्ट्रपति का देश के नाम संदेश, मुर्मू बोलीं-

जब दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, तब भारत ने खुद को संभाला; अब तेजी से बढ़ती इकोनॉमी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया। अपने पहले संबोधन में उन्होंने महिलाओं के अधिकारों से लेकर आदिवासी समुदाय के योगदान तक पर बात की। वहीं, यह भी कहा कि कोरोना के दौर में जब पूरी दुनिया संकट से जूझ रही थी, तब भारत ने खुद को संभाला। अब भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमने देश में बनी वैक्सीन के साथ मानव इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया। पिछले महीने हमने दो सौ करोड़ वैक्सीन कवरेज का आंकड़ा पार कर

लिया है। महामारी का सामना करने में हमारी उपलब्धियां दुनिया के विकसित देशों से बेहतर रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में महिलाओं को वोटिंग राइट्स हासिल करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था, जबकि भारत ने गणतंत्र की शुरुआत से ही सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया। इससे शुरुआत से ही महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला।

बेटियां फाइटर पायलट से लेकर स्पेस साइंटिस्ट तक बनीं: राष्ट्रपति ने कहा कि देश की बहुत सी उम्मीदें बेटियों पर टिकी हुई हैं। मौका मिलने पर वे शानदार सफलता हासिल कर सकती हैं। आज बेटियां फाइटर पायलट से लेकर स्पेस साइंटिस्ट तक हर काम में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत के नए आत्मविश्वास का स्रोत देश के युवा, किसान और सबसे बढ़कर देश की महिलाएं हैं। महिलाएं अनेक रूढ़ियों और बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रही हैं। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में उनकी बढ़ती भागीदारी निर्णायक साबित होगी। आज हमारी पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या चौदह लाख से भी ज्यादा है।

नायक देवेंद्र प्रताप सिंह कीर्ति चक्र से सम्मानित

■ 8 जवानों को शौर्य चक्र मिला, इनमें 2 को मरणोपरांत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कारों की घोषणा की। इस स्वतंत्रता दिवस पर नायक देवेंद्र प्रताप सिंह को दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है।

देवेंद्र प्रताप सिंह इस साल 29 जनवरी को पुलवामा में एक ऑपरेशन का हिस्सा थे, जहां उन्होंने असाधारण बहादुरी दिखाते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया था। इसके अलावा सेना के 8 जवानों को शौर्य चक्र प्रदान किए गए हैं। इनमें सिपाही कर्ण वीर सिंह, गनर जसबीर सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। इनके अलावा शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में मेजर नितिन धानिया, अमित दहिया, संदीप कुमार, अभिषेक सिंह, हवलदार घनश्याम और लांस नायक राघवेंद्र सिंह शामिल हैं। भारतीय सेना के असॉल्ट डॉग एक्सेल को मरणोपरांत वीरता अवॉर्ड 'मेंशन इन डिस्पेचेस' से नवाजा गया। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियान में डॉग की भूमिका के लिए यह अवॉर्ड दिया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आने वाले 25 वर्षों का अमृतकाल, हर देशवासी का कर्तव्यकाल
मिलकर बनाएं स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत

“स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कृतज्ञ देशवासी अपने अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं। जैसे देश की आज़ादी के मतवाले, स्वतंत्रता के लिए एकजुट हो गए थे, वैसे ही हमें देश के विकास के लिए एकजुट होना है।”
- नरेन्द्र मोदी

#HarGharTiranga

cbc 22201/13/0101/2223

न्यूज ब्रीफ

डेरा सच्चा सौदा ने स्वतंत्रता दिवस पर चलाया पौधरोपण अभियान

सोनीपत (आदेश त्यागी)। रविवार को डेरा सच्चा सौदा द्वारा शहर के सेक्टर 3 में स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर पौधरोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नगर निगम सोनीपत मेयर निखिल मदान मुख्यातिथि के तौर पर पहुँचे और उन्होंने पौधारोपण कर कार्यक्रम में भाग लिया। मेयर निखिल मदान ने इस पुनीत कार्य के लिए सारी साध संगत का धन्यवाद किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर डेरा प्रेमियों ने बड़, पीपल, नीम, जामुन, अमरूद सहित विभिन्न 1000 फलदार और छायादार वृक्ष लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर मौजूद जय सिंह सैनी ने बताया कि हर वर्ष संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह के जन्मदिन और स्वतन्त्रता दिवस पर साध संगत वृक्षारोपण का अभियान चलाती हैं, हर वर्ष कि भांति आज भी पूरी संगत ने मिलकर 1000 वृक्ष लगाए और साफ सफाई अभियान चलाया है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि बरसात के मौसम में पौधरोपण का कार्य सबसे सर्वोतम कार्य है जिससे प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी और साथ ही हमारी अगली पीढ़ी ताजा हवा में सांस लें पायेगी। इस कार्य के लिए वो पूरी साध संगत का हार्दिक धन्यवाद करते है और इस तरह के अभियान में हर तरह से सहयोग के लिए सदैव तत्पर हैं। मेयर निखिल मदान ने कहा कि वो सभी शहरवासियों से अनुरोध करते हैं कि इस स्वतन्त्रता दिवस पर तिरंगे के साथ साथ सब लोग अपने अपने घरों और आस पास में एक वृक्ष अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें। मेयर ने मौके पर मौजूद सभी लोगों को देश के 75 वें स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दी और राष्ट निर्माण में अपना सार्थक योगदान देने की अपील की। इस दौरान राजेंद्र वर्मा,जय नारायण सैनी,चंद्रभान, राजकुमार, अतर सिंह, सोमपाल, संजय और पूरी साध संगत मौजूद रही।

ब्रह्माकुमारीज ने निकाली शहर में तिरंगा रैली

नरवाना (अनिल कुमार)। आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान की श्रृंखला में ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजपा शहरी प्रधान प्रमोद शर्मा व मंडी सचिव दिनेश गोयल ने तिरंगा झंडे वितरित किये। सेंटर इंचार्ज बीके सीमा व अतिथिगण ने झंडा फहराया व तिरंगा रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के मार्गों पर बहन भाइयों ने तिरंगा पकड़े हुए देश भक्ति के नारे लगाते हुए तिरंगा रैली निकाली। डॉ साधु राम शर्मा व बीके पूजा ने सयुक्त रूप से कहा कि संस्था के सभी भाई बहन अपने-अपने घरों पर तिरंगा लहरा कर देश भक्ति का परिचय दे रहे हैं। इस अभियान के तहत ब्रह्माकुमारिज द्वारा विश्व भर में हजारों समाज सेवा के कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर कार्यक्रम

टोहाना (सुरेश)। रेलवे रोड स्थित प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिसर में नैतिक शिक्षा का जीवन मे महत्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल ने शिरकत की जबकि अध्यक्षता सेंटर इंचार्ज बहन वंदना ने की। इस दौरान मुख्य वक्ता के तौर पर माउंट से ब्रहमाकुमार भगवान भाई पहुंचे जिनका कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया गया। ज्योत प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के सभी पार्षदों व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। वहीं इससे पूर्व सेंटर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम भी किया गया जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी रमेश गोयल ने पंहुचकर ध्वजारोहण किया। ब्रहमाकुमार भगवान भाई ने बताया कि 75 वर्ष हमें अंग्रेजो से आजादी मिल गई थी लेकिन अभी भी हमे अपने पांच विकार (काम, क्रोध, लोभ, मोह व अंहकार) से आजादी लेना है। इस समय युवा नशा व मोबाइल के कारण गलत संगत में जा रहा है, जिसके चलते वे 5 हजार से अधिक स्कूलों व 800 जेलों मे ऐसे कार्यक्रम कर चुके है। शिक्षा का उद्देश्य अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का है, केवल पेट भरना शिक्षा का लक्ष्य नही है क्योंकि पेट तो पशु पक्षी भी भरते है। हमें आत्मा को सकारात्मक विचारों व अध्यात्मिकता की ओर ले जाना होगा ताकि तनाव मुक्त जीवन व्यतीत किया जा सके। उन्होंने कहा कि आत्मा, परमात्मा व प्राकृति को कोई नष्ट ओर बना नहीं सकता है। इस दौरान चेयरमैन नरेश बंसल ने कार्यक्रम की सराहना की तथा सभी से अध्यात्मिकता व सकारात्मकता का रास्ता अपनाने की अपील की। अंत में सेंटर इंचार्ज बहन वंदना ने सभी का धन्यवाद किया तथा चेयरमैन नरेश बांसल, सभी पार्षदो गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बहन कौशल्या, नेहा गर्ग, सुमन, पार्षद पूजा माथुर, सीमा भाटिया, पुष्पा गर्ग, रोशनलाल, राकेश कुमार, संजय सपड़ा, निखिल बंसल, सतीश पुरी, प्रतिनिधि अमित भाटिया, शंकर मित्तल सहित गणमान्य उपस्थित थे।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे मंत्रालय ने सोनीपत रेलवे स्टेशन पर किया प्रदर्शनी का आयोजन

विभाजन के दौरान हमारे सगे-संबंधियों को सहनी पड़ी थी बहुत यातनाएं: सांसद कौशिक

सांसद ने किया भारत के विभाजन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 14 अगस्त। आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे मंत्रालय द्वारा सोनीपत रेलवे स्टेशन पर 14 अगस्त 1947 को हुए भारत के विभाजन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसकी शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे भारत में भारत विभाजन पर आधारित प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को पता चले कि विभाजन के समय हमारे सगे-संबंधियों को कितनी यातनाएं सहनी पड़ी थी। सांसद कौशिक ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सामाजिक विभाजन व वैमनस्यता के जहर को दूर करने के साथ-साथ एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तीकरण की भावना को और अधिक मजबूत करने की दिलाता है। उन्होने कहा कि भारत का विभाजन देश के लिए किसी विभीषिका से कम नहीं था। यह अंग्रेजों की साजिश थी कि देश को दो टुकड़ों में बांट दिया जाए। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त 1947 की तारीख भारत भला कैसे भूल सकता है। एक तरफ 200 वर्षो की गुलामी के बाद आजादी मिलने वाली थी तो वहीं दूसरी ओर देश के दो टुकड़े हो रहे थे। विभाजन से लाखों लोग इधर से उधर हो गए। लोगों का घर-बार व परिवार छूटा तथा लाखों लोगों की जानें गई। यह विभाजन का दर्द भारत के लिए यह विभीषिका से कम नहीं था। इसी दर्द को याद करते हुए ही 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने निर्णय लिया गया था। सांसद ने कहा कि इन प्रदर्शनियों में चित्रों के माध्यम से भारत की वर्तमान और भावी पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा सही गई यातना और वेदना का स्मरण दिलाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाजन के कारण हुई हिंसा और नासमझी में की गई नफरत से लाखों लोग विस्थापित हो गए और कई ने जान गंवा दी। उन लोगों के बलिदान और संघर्ष की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर याद किया जाता है। इस दौरान उन्होंनें रेलवे स्टेशन पर लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

इस मौके पर रेलवे से सीनियर डिवीजन इंजीनियर राजबीर ड्क्षसह दांगी, सीनियर सैक्सन इंजीनियर नरेश कुमार, आरपीएफ थाना इंचार्ज युद्धवीर ड्क्षसह तथा कमर्शियल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सहित रेलवे के अन्य अधिकारी व अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

भाजपा नेता ने किया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

युवा बदलाव के साथ अपनी जड़ों को मजबूत करें: योगेन्द्र नाथ मल्होत्रा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 14 अगस्त। लाखों शहादतों और कुर्बानियों के बाद हमें अंग्रेजों से आजादी मिली थी। लेकिन कालांतर में इस आजादी की महत्ता कम होती जा रही है। हमें अपने युवाओं को यह बताना होगा कि कितने संघर्ष के बाद देश आजाद हुआ तथा इस आजादी की असली कीमत क्या है। यह बात आज वरिष्ठ भाजपा नेता योगेन्द्र नाथ मल्होत्रा ने स्थानीय डी-पार्क से तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ को आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अमृत महोत्सव के जरिए प्रत्येक भारतवासी का यह कर्त्तव्य है कि वो देश के लिए समर्पित हो। युवाओं को चाहिए कि वे बदलाव के इस समय में अपनी जड़ों को मजबूत करे तथा राष्ट्र हित में कार्य करे। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाल रहे स्कूली बच्चों के लिए जल की व्यवस्था भी की गई। तिरंगा यात्रा में प्रमोद सिंहपुरिया, अनिल मल्होत्रा, सुरेन्द्र लाला, अनिल जांगडा, रमेश गुलिया, सुभाष चावला, पंकज भट्टी, सुनील सैनी, धर्मबीर सेन, विजय यादव, संजीव मक्कड़, दिनेश मल्होत्रा, लक्की परूथी, अनिल पाहवा, मनीष मल्होत्रा, हरीश मल्होत्रा, जतिन खुराना, साहिल शमी, करण आहूजा, संजय नागपाल, हिमांशु सपड़ा, शिवम, कर्ण मल्होत्रा, अर्जुन मल्होत्रा, रवि शमी, धीरज चावला, जतिन मलिक, रोहित दलाल, सोनू काहनौर, विनोद मेहता, साहिल मनोचा, मोहित मेहावाल, योगेश मलिक, संजीत मैनेजर, अरूण कोहली आदि मौजूद रहे।

रोहतक, झज्जर व दादरी में कई जगह ध्वजारोहण करेंगे भूपेंद्र सिंह हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

चंडीगढ़ 14 अगस्त। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से पार्टी नेताओं द्वारा 15 अगस्त के मौके पर किए जाने वाले ध्वजारोहण का कार्यक्रम जारी किया है। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान पलवल में तिरंगा फहराने जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष हर साल की तरह सुबह 6:30 बजे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित होने वाली प्रभात फेरी और आजादी गौरव यात्रा में हिस्सा लेंगे। यह भिवानी स्टैंड से कांग्रेस भवन,बाबा भीमराव अंबेडकर चौक तक जाएगी। उसके बाद हुड्डा भिवानी स्टैंड, किला रोड, गोहाना अड्डा, पालिका बाजार और कांग्रेस भवन रोहतक में तिरंगा फहराएंगे। इसके बाद उनके द्वारा गांव बंभेवा जिला झज्जर, गांव मंदोला यदुवंशी स्कूल जिला दादरी और बहादुरगढ़ स्थित जाखोदा गांव में किसान चौक पर ध्वजारोहण किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी चांदवीर हुड्डा ने दी । राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा कोरोना पॉजिटिव होने की वजह से ध्वजारोहण कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने ट्वीट करके जानकारी दी कि प्रारंभिक लक्षणों के बाद डॉक्टरों की सलाह पर उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। इस कारण उन्हें अगले कुछ कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत ज़्यादा पीड़ा हैं, क्योंकि साथियों ने शाहपुर, शाहाबाद, दादरी में कार्यक्रमों की बड़े प्यार से तैयारियां की थी। दीपेंद्र हुड्डा लगातार पूरे प्रदेश में आजादी गौरव यात्रा के तहत तिरंगा मार्च निकाल रहे थे। कांग्रेस की तरफ से जानकारी दी गई है कि कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज गुरुग्राम, चौधरी रामकिशन गुर्जर चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।इसके अलावा पार्टी की तरफ से नियुक्त जिला प्रभारी अपने-अपने जिलों में ध्वजारोहण का कार्यक्रम करेंगे।

पंवार ने शहीदों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

पानीपत, 14 अगस्त (संजीत)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहीदों के सम्मान में राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने ट्रेक्टर पर बैठकर तिरंगा लहराया और युवाओं को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। यह तिरंगा यात्रा भालसी गांव से चलकर मडलौडा बस स्टैण्ड होते हुए अदियाना गांव से शहीद दरियाव सिंह राजकीय विद्यालय अटावला गांव में सम्पन्न हुई। इस तिरंगा यात्रा में युवाओं द्वारा भारत माता की जय तथा वन्दे मात्रम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगा यात्रा प्रारम्भ करते समय राज्यसभा सांसद ने कहा कि आजादी के इस 75वें वर्ष में देशभर के लिए बड़े गर्व की बात है कि आज हम सब मिलकर हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहीदों को नमन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के दृढ संकल्प प्रदेश के हर घर पर तिरंगा झण्डा फहराया जा रहा है।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गांव दहिसरा, बढ़ मलिक तथा राई में निकाली गई तिरंगा यात्रा

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर तिरंगा फहराने की मुहिम, राष्ट्रभक्ति की अनूठी मिसाल: बड़ौली

विधायक ने तिरंगा फहराकर किया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई 14 अगस्त। आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में देशभर में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई है, जिसके तहत सभी गांवों में युवाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को देश भक्ति का संदेश दिया जा रहा है। रविवार को गांव दहिसरा, बढ़ मलिक तथा राई मं गांव के लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने किया।

विधायक बड़ौली ने कहा कि देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराने के लिए असंख्य वीर शहीदों ने अपने प्राणों की बाजी लगाई, ऐसे महान सपूतों को कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर तिरंगा फहराने की जो मुहिम चलाई है, वह अपने आप में राष्ट्रभक्ति की एक अनूठी मिशाल है। निःसंदेह इस मुहिम से युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत होगी। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के माध्यम से देश का आम नागरिक आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ेंगे और अपने-अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराकर गर्व महसूस करेंगे।

तिरंगा यात्रा के दौरान पूरे गांव में भारत माता की जय के नारे सुनाई दिए। यात्रा के दौरान गांव के युवाओं में इतना जोश था कि सारा गांव देशभक्ति की महक से सुगंधित हो उठा। इस दौरान विधायक ने लोगों का आह्वान किया कि वे हर घर तिरंगा मुहिम को सफल बनाने के लिए इसमें मिलकर हिस्सा लें और 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा झण्डा फहराकर दूसरे लोगों को भी देशभक्ति का संदेश दें।

युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

एक देसी पिस्टल व एक जिंदा रौंद बरामद

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 14 अगस्त। पुलिस की सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने प्रभावी रूप से गश्त करते हुए युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी से एक देसी पिस्टल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर कार्यवाही की गई है। प्रभारी सीआईए-1 उप.नि. अनेश कुमार ने बताया कि स.उप.नि. अमित के नेतृत्व मे सीआईए-1 स्टाफ की टीम केन्द्रीय विधालय झज्जर रोड गश्त मे मौजूद थी। दौराने गश्त दिल्ली बाईपास की तरफ से पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया।

युवक की पहचान बिट्टू पुत्र गुरद्याल निवासी करतारपुरा के रुप मे हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्टल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ थाना पीजीआईएमएस मे अभियोग संख्या 240/2022 अंकित कर गिरफ्तार किया गया है।

साध्वी बसंत प्रभा के पावन सानिध्य में ज्ञानशाला दिवस का भव्य आयोजन

टोहाना 14 अगस्त (सुरेश)। युग प्रधान आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या शासन साध्वी बसंत प्रभा के पावन सानिध्य में ज्ञानशाला दिवस का भव्य आयोजन तेरापंथ भवन में किया गया। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए साध्वी ने कहा ज्ञानशाला बच्चों में संस्कार निर्माण करने का महत्वपूर्ण उपक्रम है। पहले दादा-दादी तथा माताएं बच्चों को कहानियों के माध्यम से तथा समझाकर सहज रूप से संस्कार निर्माण करते थे परंतु वर्तमान में किसी माता के पास बच्चों में संस्कार निर्माण के लिए समय ना होने के कारण ज्ञानशाला का महत्व बहुत अधिक है। साध्वी संकल्प ने कहा कि आचार्य तुलसी का चिंतन था कि भावी पीढ़ी को सुसंस्कारित कैसे किया जाए।

इसके लिए महासभा द्वारा ज्ञानशाला का संचालन किया गया जो वर्तमान में पूरे भारत में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा धर्मसंघ को गुरुदेव तुलसी का ज्ञानशाला अनुपम अवदान है। साध्वी कल्प माला तथा साध्वी रोहित ऐसा ने सुमधुर गीतिका के साथ अपनी भावना व्यक्त की और साध्वी कल्प माला ने ज्ञानशाला के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ज्ञानशाला के नन्हे-नन्हे बच्चों द्वारा शब्द चित्र प्रस्तुत किया गया जिसका सभी ने हर्ष ध्वनि के साथ स्वागत किया।

कन्या मंडल तथा ज्ञानशाला की कन्याओं द्वारा बहुत ही शानदार तथा ज्ञानवर्धक लघु नाटिका जीवन में भरे मुस्कान मंत्र दीक्षा महान प्रस्तुत की गई। जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम का संयोजन ज्ञानशाला प्रशिक्षका सृष्टि जैन ने किया। इस अवसर पर ज्ञानशाला के बच्चों को ज्ञानशाला बैग दिए गए तथा उन्हें पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया गया।

जजपा जिलाध्यक्ष ने कुश्ती में कांस्य पदक जीतने पर बेटी पूजा गहलावत व उसके परिजनों को दी बधाई

बर्मिंघम कॉमनवेल्थ खेलों में कांस्य पदक जीतकर बेटी ने किया क्षेत्र का नाम रोशन: दहिया

गठबंधन सरकार की बेहतरीन खेल नीति के कारण गांवों से निकलकर खिलाड़ी कर रहे हैं देश का नाम रोशन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 14 अगस्त। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ने कहा कि बर्मिंघम कॉमनवेल्थ खेलों में हरियाणा के छोरे व छोरियों ने लठ गाढ दिया है। इन खेलों में पूरे देश में सबसे ज्यादा हरियाणा के खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किए हैं जो हरियाणा के लोगों के लिए बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा के दूध-दही और देशी घी का कमाल है कि विश्व में खेलों की कोई भी प्रतियोगिता हो उनमें मेडल जीतने वालों में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अव्वल रहते हैं। जिलाध्यक्ष पदम दहिया गांव फरमाणा में अठगामे द्वारा बर्मिंघम कॉमनवेल्थ खेलों में देश को कुश्ती में कांस्य पदक दिलाने वाली बेटी पूजा गहलावत के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांव की बेटी पूजा गहलावत ने बर्मिंघम कॉमनवेल्थ खेलों में कांस्य पदक मेडल जीतकर यह साबित किया है कि आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां लड़कियां लड़कों से पिछे है। ययह इसलिए संभव हो सका है कि आज समाज में बेटे व बेटियों को समान नजरिए से देखा जा रहा है। पुराने समय में हमारे समाज में यह बुराई थी कि हम लड़कों को लड़कियों की तुलना में ज्यादा सुविधाएं देते थे, लेकिन आज ऐसा नहीं है। वर्तमान समय में सभी लोग बेटियों को वो सभी सुविधाएं दे रहे है जिससे वे अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए हर क्षेत्र में अपनी मेहनत का लोहा मनवा रही है और अपने परिजनों का नाम रोशन कर रही हैं।

श्री दहिया ने कहा कि पूजा ने जो कांस्य पदक जीता है वो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। बेटी पूजा ने कांस्य पदक जीतकर अपने क्षेत्र व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है जिसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। जिलाध्यक्ष ने पूजा के परिजनों को भी उसकी जीत पर बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों द्वारा किए गए त्याग और मेहनत का ही फल है जो आपकी बेटी पूजा ने इतने ऊंचे स्तर पर मेडल जीता है। इसके लिए आप भी बधाई के पात्र है। जिलाध्यक्ष दहिया ने कहा कि गठबंधन सरकार की बेहतरीन खेल नीति के कारण आज छोटे-छोटे गांवों से निकलकर अनेक खिलाड़ी देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से सरकार ने खेलों को बढावा देने के लिए जो खेल नीति बनाई है वो पूरे देश में सबसे बेहतरीन है। गठबंधन सरकार द्वारा सभी गांवों में सरकारी नर्सरियां खेली गई है जहां पर खिलाड़ियों को सरकारी कोच उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार द्वारा प्रदेश में सभी खेलों के अनेक स्टेडियम बनाएं गए है ताकि खिलाड़ियों को अपने क्षेत्र में ही अच्छा मैदान मिल सके। इसके अलावा गठबंधन सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाडियों को प्रदेश सरकार द्वारा देश में सबसे ज्यादा प्रोत्साहित राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। इस मौके पर पूजा गहलावत के परिजन तथा सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

हरियाणा हैंडबाल संघ का अध्यक्ष बनाएं जाने पर दिग्विजय चौटाला को दी बधाई

जजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पदम दहिया ने इंडिया हैंडबाल फेडरेशन द्वारा दिग्विजय चौटाला को हरियाणा हैंडबाल संघ का अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने दिग्विजय चौटाला को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा के हैंडबाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और जिससे वे खेल में जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे।

क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

ज्योतिष

बाबा फरीद बंगाली! काले इल्म वाले महा वशीकरण, महा मुठकरनी , मनचाहा वशीकरण करवाए, मुकदमा, सौतन - दुश्मन छुटकारा, तलाक करवाए, किया - कराया , इंटर - कास्ट मैरिज . सम्पर्क करें 7618138838

F-ADVT

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
मात्र 11 घंटों में फोन पर समाधान
बाबा बंगाली
जैसे भूत प्रेत, जादू टोना, किराया कराया कारोबार में रूकावट,सौतन दुश्मन से छुटकारा वशीलकरण स्पेशलिस्ट
मेरा किया कोई पंडित, मौलवी काट दे उसे ईनाम
9536542428

AP-3487

फ्री सेवा फ्री सेवा फ्री सेवा
जिसको होगा ज्ञान वही करेगा समस्या का समाधान
गुरू शाहजी बंगाली
मनचाहा प्यार, लवमैरिज किया कराया सौतन दुश्मन से छुटकारा नौकरी कर्ज, कारोबार, ग्रह कलेश, संतान प्राप्ति, तलाक, वशीकरण व मुठकरनी स्पेशलिस्ट
रोहतक
Mb. 98121 54023

ऋण

Tata Capital Finance में पाएं 0 प्रतिशत ब्याज, 40 प्रतिशत छूट पर 24-48 घंटों में पर्सनल, होम, बिजनेस, एग्रीकल्चर, प्रॉपर्टी, मॉर्गेज लोन, टोल फ्री : 18001210478, हेल्पलाइन नं. 8102953964

F-ADVT

आदित्य फाइनेंस
(1 लाख से 50 लाख तक)
राशनकार्ड, आधारकार्ड, पैनकार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, मछलीपालन सभी प्रकार के लोन कम समय 2% ब्याज पर (महिलाओं हेतू विशेष छूट)
9667885501

आवश्यकता

Vacancy for One Sales Woman on Temporary Basis Golden Arrow Tarini Shop Ferozepur Cantt Application form Golden Arrow Tarini Shop Last Date 18 July 2022 Interview 20 July 2022.

F-ADVT

कुवैत और कतर हेतु सिविल फोरमैन, सेफ्टी ऑफिसर, रिगर, कुक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, कारपेंटर, स्टोर कीपर,पेंटर, जेसीबी ऑपरेटर, ड्राइवर, वेल्डर मेशन, पाइप फिटर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन ईमेल- transasiainc92@gmail.com संपर्क- 8850061490, 8850865072

ADVERTISING REGD कंपनी में SMS JOB करके लड़के-लड़कियां, ग्रहणी, स्टूडेंट, रिटायर्ड, घर बैठे कमाएं 21,400-31,400/-महीना मोबाइल+ सिम+ डाटा मुफ्त। Mob. 9643012536

सार्वजनिक सूचना

मैं, शिव कुमार पुत्र तिलक राज शर्मा वासी 509 OHBC सैक्टर 13 करनाल ने अपना नाम बदलकर शिव कुमार शर्मा रखा है।

मैं, सुरेश कुमार वासी 43/5 प्रीत कोलोनी, जीरकपुर, SAS नगर ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर अभिषेक से अभिषेक शर्मा रखा है।

मैं, Karanjit सिंह पुत्र नारायण सिंह वासी हसनपुर, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Karanjeet सिंह रखा है।

मैं, कुलविंदर कौर पत्नी अंग्रेज सिंह वासी बोरा फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर कुलविंदर Jit कौर रखा है।

मैं, Inderjit सिंह विर्क पुत्र पाल सिंह वासी दीवाना फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Inderjeet सिंह विर्क रखा है।

AP-2226

मैं, खजान सिंह संधू पुत्र तारा सिंह पता मकान नंबर 267/268 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अम्बाला छावनी ने अपना नाम खजान सिंह संधू से बदलकर खजान सिंह रख लिया है। नोट करे।

मैं, समता पत्नी परमजीत सुदन निवासी म.न. 129/7 न्यू प्रताप नगर,अंबाला शहर हरियाणा ने अपना नाम ज्योति सुदन उर्फ समता से बदलकर समता रख लिया है।

AP-2229

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 7986549657, 9888303520, 9988934664 पर संपर्क करें।

बेदखली सूचना

हम महिन्द्र सिंह पुत्र बीर सिंह व सुरजीत कौर पत्नी महिन्द्र सिंह निवासी गांव बोह तहसील व जिला अम्बाला अम्बाला छावनी तहसील व जिला अम्बाला कि हमारा लड़का मलकीत सिंह उर्फ मंगा हमारे कहने सुनने से बाहर है हम इसे अपनी तमाम चल अचल सम्पति से बे-दखल करते है इससे लेन देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेदार होगा हम या हमारा परिवार जिमेदार नही होगा।नोट करे।

AP-2229

हम करनैल पुत्र टेक चन्द व बतेरी पत्नी करनैल निवासी गांव हरसौला तहसील व जिला कैथल सूचित करते है कि हमारा पुत्र राजेश व उसकी पत्नी पिंकी हमारे कहने सुनने से बाहर है। हम उन्हे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते है। भविष्य मे हम उनके किसी भी कार्य व लेनदेन के जिम्मेदार नहीं होंगे।

AP-2228

मैं, जगदीश पुत्र लाल चन्द निवासी सोनीपत गेट, गोहाना, सोनीपत अपने लड़के रजत कुमार को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं ये मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य में किसी भी प्रकार का अच्छे बुरे कार्य व लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

AP-2227

आवश्यक सूचना

गुप्त रोग, कमजोरी ठीक, पाऊडर पहले दिन से ही फायदा, मोटापा घटाए, हर नशा छुड़वाए, आयुर्वेदिक दवाईयां से सेहत बनाए।
मो. 8837701402

AP-2176

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

हरियाणा सरकार
आज़ादी का अमृत महोत्सव

पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण
के सौजन्य से
आजादी के अमृत महोत्सव
के अवसर पर

लाल लकीर

विभाजन की भयावहता पर आधारित नाटक का मंचन

मुख्य अतिथि
श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति
श्री ज्ञान चंद गुप्ता
अध्यक्ष, विधानसभा, हरियाणा

विशिष्ट अतिथि
श्री संजीव कौशल
मुख्य सचिव, हरियाणा

दिनांक - बुधवार, 17 अगस्त, 2022 | समय - सायं 5:30 बजे
स्थान - इन्द्रधनुष सभागार, सेक्टर 5, पंचकूला

नाटककार
दिनेश नायर
डिज़ाइन और निर्देशन
डॉ. नवदीप कौर
नाट्य गृहम, चण्डीगढ़ द्वारा प्रदर्शित

आप सादर आमंत्रित हैं।

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ (रजि. न. 04-2017-01426)
की ओर से 75 वें स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाऐं।

August 15th
Independence Day

जसविन्द्र परोवा
राज्य महासचिव

सीताराम वाल्मीकी
राज्य प्रधान

रिंकू कुमार खंड महासचिव बराड़ा
जंगाराम खंड प्रधान बराड़ा
शीशपाल खंड उपप्रधान बराड़ा

नगरपालिका बराड़ा की ओर से
75 वें स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाऐं।

HAPPY
Independence Day
15TH OF AUGUST

श्रीमती रिचा पाहवा
चेयरपर्सन नगरपालिका बराड़ा

श्री हन्नी पाहवा
समाजसेवी बराड़ा

हरियाणा सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आज़ादी के अमृत महोत्सव का यही पैगाम
गर्व से करो हर वीर शहीद को सलाम

आज़ादी की 75 वीं वर्षगांठ
स्वतंत्रता दिवस
सोमवार, 15 अगस्त, 2022
की हार्दिक
शुभकामनाएं

“इस बार के स्वतंत्रता दिवस पर भारत अपनी आज़ादी के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। हम सभी इस अद्भुत और ऐतिहासिक पल के गवाह बन रहे हैं। इसके साथ ही आज़ादी का अमृत महोत्सव एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है।”
- नरेन्द्र मोदी

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

न्यूज ब्रीफ

नगर परिषद द्वारा तिरंगा यात्रा आयोजित

कालका (अप्रस/जग्गी)। नगर परिषद द्वारा शुक्रवार को कालका के नगर परिषद दफ्तर से तिरंगा यात्रा निकली गई। यात्रा कालका के तुलसी राम धर्मशाला पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा की अध्यक्षता नगर परिषद के चेयरमैन कृष्ण लाल लांबा ने की। यात्रा की शुरुआत भारत माता की जय के जय घोष से की गई। यात्रा में तहसीलदार विक्रम सिंगला, चेयरमैन कृष्ण लाल लांबा, पार्षद विनोद सावरनी, पार्षद निर्मला शर्मा, पार्षद सौरभ गुप्ता, पार्षद कपिल गौड़, भाजपा महामंत्री किशोरी शर्मा, पार्षद सुदर्शन, पार्षद टिंकू शर्मा, कपिल घई, रवि चौधरी, पार्षद नरेंद्र राणा, दर्शन सैनी, भाजपा नेता संतराम (संता) समेत भाजपा नेता चारणप्रीत सिंह, नगर परिषद की ईओ निशा शर्मा, एमई अनिल, एमई दर्शन, जेई सुभाष, जेई जतिन, एसआई मदन लाल,अभिषेक शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी अपने हाथो में तिरंगे लिए हुए थे। इस दौरान भारत माता की जय और झंडा ऊंचा रहे हमारा नारे भी लगाए गए। जानकारी देते हुए ईओ निशा शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा को सफल बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके उपलक्ष में इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रा तुलसी राम धर्मशाला पर जाकर संपन्न हुई।

मानव जीवन को बचाने को पौध लगाना बहुत जरूरीः अश्वनी

जगाधरी (अप्रस)। शहजादपुर स्थित संत निरंकारी भवन ब्रांच बूड़िया के प्रांगण में मुक्ति पर्व के उपलक्ष्य में मुखी महात्मा अश्वनी कुमार व संचालक बाल किशन ने पौधा रोपण किया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की तत्वाधान में आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में ब्रांच बूड़िया के सेवादारों ने भाग लिया। इस दौरान सेवादारों ने लगाए गए पौधों को संभालने की शपथ भी ली। मुखी महात्मा अश्वनी कुमार ने कहा कि मानव जीवन बचाने के लिए पौधे लगाना और उसे बचाना बहुत जरूरी है। पेड़ पौधों से ही मानव जीवन को ऑक्सीजन मिलती है अधिक से अधिक पौधे लगाने से ही पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है।उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने कोरोना काल के दौरान ऑक्सीजन की कमी का दंश भी देखा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम दो पौधे जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मुक्ति पर्व पर निरंकारी मिशन की लगभग 3000 शाखाओं ने लगभग दो लाख पौधे लगाए और साथ ही उन पौधों को कम से कम तीन वर्ष के लिए संरक्षित करने का प्रण भी लिया। इस दौरान सेवादारों ने सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र में सफाई की। संचालक बाल किशन ने कहा कि निरंकारी मिशन द्वारा जनहित में पौधारोपण के अलावा, सफाई अभियान, रक्तदान शिविर, बाढ़ बचाव कार्य व अन्य सामाजिक कार्य भी किए जाते है।

बंधुनगर वासियों पर देवी मां की आपार कृपा, मैं आपका पड़ोसी हूं और आपके सबसे नजदीक हूंः गृहमंत्री

साऊथ इंडियन युवा संगठन बंधु नगर को पांच लाख रुपए देने की घोषणा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अम्बाला, 14 अगस्त। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि 'बंधु नगर वासियों पर देवी मां की आपार कृपा हैं और हर वर्ष वह पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुरूप महामाई शीतला माता महोत्सव का आयोजन करते हैं। श्री विज ने कहा कि 'मैं तो आपका पड़ोसी हूं, मैं समझता हूं की मैं आपके सबसे नजदीक हूं'।

गृह मंत्री अनिल विज बीती देर रात अम्बाला छावनी के बंधु नगर में साऊथ इंडियन युवा संगठन बंधु नगर की ओर से आयोजित महामाई शीतला माता महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मंत्री विज ने कहा कि बंधु नगर में युवाओं ने समाज सेवी कार्यों के लिए संस्था बनाई है और संस्था को भविष्य में रजिस्टर्ड करवाने पर उन्हें पांच लाख रुपए उनके कोष से प्रदान किए जाएंगे ताकि वह अपने सामाजिक कार्यक्रम को आयोजित कर सकें।

उन्होंने कहा कि बंधु नगर में विकास के कार्य लगातार भाजपा नेता ललता प्रसाद और विपिन खन्ना की देखरेख में चलते रहते हैं। मंत्री विज ने कहा कि भाजपा पार्टी के जो भी कार्यक्रम होते हैं उनमें भी बंधु नगर के निवासी संख्या में शामिल होते हैं जोकि हर्ष की बात है। इससे पहले कार्यक्रम स्थल बंधु नगर में गृह मंत्री अनिल विज के पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार एवं फूलों की बरखा एवं 'अनिल विज जिंदाबाद' के नारे लगाकर जोरदार स्वागत किया। अवसर पर भाजपा नेता ललता प्रसाद, विपिन खन्ना, युवा संगठन के अध्यक्ष मारी मुथू, उपप्रधान बाल किशन, कोषाध्यक्ष अजय एवं विजय कुमार, पुजारी कमल मुदरई एवं अन्य मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि दूर की सोच रखने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रभक्ति की भावना सभी में जगाने के लिए अभियान आरंभ किया है और सभी इस मुहिम को कामयाब बनाए। वह देश को राष्ट्रभक्ति का यह कार्यक्रम देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'सैल्यूट' करते हैं। श्री विज ने कहा कि राष्ट्र प्रेम की भावना जिस देश में कम हो जाती है वहां अलगाव वाद ब? जाता है और जहां देश प्रेम की भावना जहां आपार होती है वहां गलत कार्य करने की कोई जुरत नहीं कर सकता। अगर, देश भक्ति की भावना से प्रेरित होकर जनता, अधिकारी व नेता कार्य करेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हम जापान और अमेरिका से भी आगे निकल जाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में गृह मंत्री अनिल विज ने सभी के साथ राष्ट्रगान भी गाया। इस अवसर पर मोहड़ा धाम से विकास दास महाराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पराशर, किरणपाल चौहान, शुभम विज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

त्वचा में सीखें डालकर शहरभर में गाड़ियां खींचना अद्भुतः विज

गृह मंत्री अनिल विज ने सभी को शीतला माता महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ष यहां पर कार्यक्रम का आयोजन पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ किया जाता है और शहरभर में यात्रा निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि वह आज तक समझ नहीं पाए कि महोत्सव के दौरान कैसे श्रद्धालु अपनी त्वचा में सीखें डालकर गाड़ियों को खींचते हैं, निश्चित तौर पर आप लोगों पर देवी मां की आपार कृपा है और बिना प्रभु की कृपा के ऐसे कार्यक्रम नहीं किए जा सकते। आप शहर में यात्रा निकालते हुए हर बाजार में जाते हो और सारा शहर आपके कार्यक्रम को देखता है।

मोहड़ा धाम में गृह मंत्री विज ने फहराया 51 फुट ऊंचा तिरंगा

गृह मंत्री अनिल विज ने मोहड़ा में श्री कृष्णा किरपा गोशाला आश्रम (मोहड़ा धाम) में कार्यक्रम के दौरान 51 तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष को देशभक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसको अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का और हर घर तिरंगा फहराने का उन्होंने आह्वान किया है। प्ररेणादायक मुहिम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आरंभ की और आज हर जगह तिरंगा लहराता हुआ नजर आ रहा है। समूचा देश राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर हो गया है।

पंजाबी बिरादरी ने देश बंटवारे के शहीदों को किया नमन

अर्थ प्रकाश/राकेश मक्कड़

अम्बाला, 14 अगस्त। पंजाबी बिरादरी विकास सभा हरियाणा द्वारा श्री अरुट जी महाराज वाटिका निर्माणाधीन सेक्टर 7 में हवन यज्ञ के साथ बंटवारे के समय मारे गए लाखों लोगों को याद किया गया और श्रद्धांजलि देते हुए उन पवित्र आत्माओं के नाम पर हवन कुंड में आहुतियां डाली गई और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि उन सब बिछड़ी हुई दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनकी जो पीढ़ियां अब जीवित हैं उनको बल बुद्धि यश धन शक्ति प्रदान करें।

इस अवसर पर श्री नगली साहिब दरबार कपड़ा मार्केट अंबाला शहर के पूज्य बाई जी का आशीर्वाद आशीष वचन सबको प्राप्त हुए और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विभाजन का जो दर्द है उनको शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता साथ ही साथ उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी का भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वर्ष में विभाजन के समय मारे गए बेगुनाह लाखों लोगों को याद कर उनका जो सम्मान किया है अपने आप में अद्भुत है।

इस अवसर पर प्रधान संदीप सचदेवा ने आए हुए सभी संरक्षक, बाई जी का, संतों का और भिन्न-भिन्न गुरु गदियों और स्थानों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि नई पीढ़ी को अपने पुराने इतिहास की जानकारी कराना और किस प्रकार हमारे बुजुर्गों ने धर्म की खातिर अपना सब कुछ न्यौछावर करते हुए अत्याचारों को सहते हुए भी अपने सम्मान और स्वाभिमान पर अडिग रहे। प्रधान_ सचदेवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि माननीय नरेंद्र मोदी जी ने 14 अगस्त 2021 को लाल किले की प्राचीर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को मान्यता देकर 1947 में देश के बंटवारे के दौरान मारे गए लाखों लोगों को जो मान्यता दी और उनके परिवारों को उनके निमित्त जो यह दिवस देकर एक यादगार और कभी ना भुलाए जाने वाला काम किया उसके लिए बंटवारे से त्रस्त सभी लोग माननीय मोदी जी को युगों युगों तक आभार व्यक्त करेंगे।

कांग्रेसियो ने निकाली 'आजादी की गौरव यात्रा'

अर्थ प्रकाश संवाददाता

यमुनानगर, 14 अगस्त। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने रविवार को देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर साढौरा में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित 'आजादी की गौरव यात्रा' में शिरकत की। यात्रा के जरिए देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी के लिए कांग्रेस पार्टी के योगदानों के बारे में आमजन को जागरूक किया गया।

यात्रा में कुमारी सैलजा ने कहा कि देश भर में कांग्रेस पार्टी आजादी की गौरव यात्रा निकाल रही है। यह न केवल एक पदयात्रा है, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को विनम्र श्रद्धांजलि है। जिनके बलिदान से आज हम आजादी की सांस ले रहे हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और कांग्रेस ने अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए देश को आजाद करवाने की लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन छेड़ा। देश की स्वतंत्रता के लिए कांग्रेस ने लंबा और कड़ा संघर्ष किया। देश की आजादी के लिए कई वर्षों तक कांग्रेस के नेतृत्व में चले आंदोलन में कांग्रेसजनों ने अनगिनत कुर्बानियां दी जिसके फलस्वरूप हमें आजादी प्राप्त हुई। आजादी के बाद भी कांग्रेस के नेताओं ने देश के लिए बलिदान दिया।

कुमारी सैलजा ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी आधुनिक भारत के रचयिता थे। इसके बाद की कांग्रेस सरकारों ने देश को नई ऊर्जा दी, विकास और प्रगति के पथ पर देश को दौड़ाया। कांग्रेस ने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा। मगर आज ऐसा समय है जब हमारे सामने नई तरह की चुनौतियां हैं। आज मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा लोकतंत्र और संविधान पर हमले किए जा रहे हैं।

ओम प्रकाश धनखड़ गुरुग्राम में पार्टी कार्यालय पर फहरायेंगे तिरंगा

- रोहतक में रविन्द्र राजू, चंडीगढ़ में वेदपाल एडवोकेट और पंचकूला में पवन सैनी करेंगे ध्वजारोहण
- सभी जिला अध्यक्ष जिला कार्यालयों पर करेंगे ध्वजारोहण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 14 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यालयों पर 15 अगस्त को तिरंगा फहराया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ गुरुग्राम के गुरुकमल कार्यालय में सुबह ध्वजारोहण करेंगे। इसी तरह पार्टी के अन्य पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। प्रदेश स्तर के कार्यालयों पर प्रदेश स्तर के नेता तिरंगा फहरायेंगे, जबकि जिला कार्यालयों पर जिला अध्यक्षों को ध्वजारोहण की जिम्मेदारी संगठन की तरफ से दी गई है।

पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह 8.30 बजे प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ गुरुग्राम स्थित प्रदेश कार्यालय (गुरुकमल) में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति तिरंगा झंडा फहरायेंगे। इसी तरह रोहतक प्रदेश कार्यालय में संगठन महामंत्री रविन्द्र राजू ध्वजारोहण करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के चंडीगढ़ स्थित 51 नंबर फ्लैट कार्यालय पर प्रदेश महामंत्री वेदपाल एडवोकेट और पंचकूला स्थित प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश महामंत्री पवन सैनी ध्वजारोहण करेंगे। पार्टी की तरफ से जारी विज्ञप्ति में सैनी ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर पर जितने भी कार्यालय निर्मित हैं वहां तिरंगा झंडा फहराने की जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों द्वारा निवर्हन की जायेगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में पार्टी की तरफ से ही 10 लाख झंडे वितरित किये जा चुके हैं। कार्यकर्ताओं में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जबरदस्त उत्साह है और एक-एक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर स्वयं भी देश की शान का प्रतीक झंडा लहरा रहे हैं और इसके लिए अपने आस पास के लोगों में भी तिरंगा वितरण कर उन्हें इस अभियान से जोड़ रहे हैं।

बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए निकाली रैली

अर्थ प्रकाश/हरजीत सिंह जग्गी

कालका, 13 अगस्त। सेंट विवेकांनद मिलेनियम स्कूल एचएमटी टाउनशिप, पिजौंर में 'हर घर तिरंगा' जागरुकता अभियान के अन्तर्गत, 'है अमन की पहचान, मेरा तिरंगा, ये है सारे जहाँ की शान, मेरा तिरंगा', का भाव जगाते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की।

स्वतंत्रता के 75 वर्ष का हर्ष जताते हुए परिसर में आयोजित विशिष्ट प्रार्थना सभाओं में बच्चों 'राष्ट्रीय ध्वज' के इतिहास से जुड़े रोचक तथ्यों को उजागर किया गया। वहीं विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने हाथों में तिरंगा लहराते हुए पौधारोपण करते हुए वातावरण मे जोश और उल्लास भर दिया। साथ ही में अपने हाथों में देश की आन-बान और शान राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए एचएमटी परिसर में रैली निकाली और जनसमूह को इस अभियान से जुड़कर भारत की गौरव गाथा को बढ़ाने की प्रेरणा दी। आजादी की इस स्वर लहरी से हमारे अभिभावक भी अछुते नहीं रहे। अभिभावकों के लिए आयोजित विशेष सत्र में प्राचार्य श्री पियुष पुंज जी ने उनका हार्दिक अभिनंदन करते हुए जय हिंद के उद्घोष से सभी के हृदयों को गर्वित किया। वहीं छात्र समूह ने 'तू मेरा धर्मा, तू मेरा कर्मा' के गुंजित स्वरों से अपने भीतर व उपस्थित सभी के मन में देश प्रेम का स्त्राव लहू में मिश्रित किया। अभिवावकों का मन इस समय पुरी तरह से अपने देश के लिए समर्पण के भाव भर से का था। चलचित्र पर दिखाए गए राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण की यात्रा में अभिभावकों के नेत्रों में भारत भूमि के लिए हर पल कुछ कर गुजरने की चमक को बढ़ा रही थी।

अन्य गतिविधियों में कक्षा छठी से बारहवीं की कक्षाओं के लिए तिरंगे के ज्ञान पर आधारितप्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इन्ही के साथ विद्यालय के कर्मचारियों को भी प्रेरित किया कि वे भी अपने-अपने स्थान पर तिरंगे को फहराए और देश के प्रति अपनी कर्तव्य परायणता को दिखाए। विद्यालय के नन्हे-नन्हे देशभक्तों ने फैंसी ड्रेस गतिविधि में अलग-अलग क्रांतिकरियों के परिधानों में सज - धज कर आजादी के सिपाहियों की भांति उनकी ओजस्वी वाणी को दोहराया। दूसरी गतिविधि में बच्चों ने एक दूसरे के चेहरों को तिरंगे के रंग और आकृति से सराबोर किया।

प्राचार्य श्री पियुष पुंजजी ने सभी से आह्वान किया कि यह हम सभी का मूलभूत कर्तव्य है कि हम अपने देश के प्रति सदैव समर्पित रहें। सर्वप्रथम हमारा कर्तव्य अपनी मातृभूमि के प्रति आता है फिर निजी जीवन के प्रति। हम प्रत्येक क्षण समाज के प्रति अपने कर्तव्य व अधिकारो का उचित प्रयोग कर देश के लिए एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वाहकर सकते हैं।

खेल

नवाब नगरी में 16 अगस्त से शुरू होगी सीनियर जूडो चैंपियनशिप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लखनऊ, 14 अगस्त। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 16 अगस्त से खेली जाने वाली सीनियर राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में करीब 700 खिलाड़ी और स्टाफ हिस्सा लेंगे।

एसोसिएशन के सचिव महेश कुमार गुप्ता ने शनिवार को यहां पत्रकारों को बताया कि यूपी जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर 16 से 20 अगस्त के बीच खेली जाने वाली प्रतियोगिता में कई अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व ओलम्पियन हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में खेली जायेगी जिसमें पुरूष व महिलाओं दोनो वर्गो में 07-07 भारवर्ग हैं।

पुरूष वर्ग में 60 किग्रा,66 किग्रा,73 किग्रा,81 किग्रा,90 किग्रा,100 किग्रा और +100 किग्रा भार वर्ग रखे गये है जबकि महिलाओं में 48,52,57,63,70,88 और +78 किग्रा भारवर्ग निर्धारित किये गये हैं। प्रत्येक भारवर्ग में एक स्वर्ण,एक रजत और दो कांस्य पदक के अलावा एक बेस्ट जूडोका (पुरूष) और एक बेस्ट जूडोका (महिला) ट्राफी भी होगी। इसके अलावा ओवल आल और रनर्स अप ट्राफी भी आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

उन्होने बताया कि आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, झारखण्ड, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र-ए, महाराष्ट्र-बी, तेलंगाना, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, पांडिचेरी, पंजाब, केरल,मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, उड़ीसा, उत्तराखण्ड, अरूणाचल प्रदेश,उत्तर प्रदेश, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, रेलवे, ऑल इण्डिया स्पोर्टस् कन्ट्रोल बोर्ड और एसएससीबी की टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेगी।

प्रतियोगिता के लिये टीमो का आगमन 16 अगस्त को होगा जबकि औपचारिक उदघाटन 17 अगस्त को सुबह 11 बजे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और खेलमंत्री गिरीश यादव करेंगे वहीं प्रतियोगिता का समापन 19 अगस्त को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी और 20 अगस्त को सभी खिलाड़ी यहां से वापस रवाना हो जायेंगे।

उन्होने बताया कि पिछले 28 वर्षो के इतिहास में 16 राष्ट्रीय व चार अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करके यूपी जूडो एसोसिएशन ने अपना नाम देश में सर्वश्रेष्ठ आयोजकों में अंकित कर लिया है। पिछले साल विशाखापतनम में आयोजित सीनियर नेशनल जूडो चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश को एक रजत पदक मिला था।

इस अवसर पर एसोसिएशन की महासचिव आयषा मुनव्वर,सीईओ मुनव्वर अंसार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

एशिया कप में शाकिब संभालेंगे बांग्लादेश की कमान

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

ढाका, 14 अगस्त। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिये शनिवार को टीम की घोषणा करते हुए दिग्गज ऑल-राउंडर शाकिब अल हसन को टीम की कमान सौंपी है।

शाकिब को अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप तक के लिये कप्तानी सौंपी गयी है।

गौरतलब है कि शाकिब ने बीते दिनों कैरिबियाई सट्टेबाजी वेबसाइट 'बेटविनर' के साथ अनुबंध किया था, जिसके बाद उनके टीम में शामिल होने पर संशय था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने मीडिया के समक्ष कहा था कि यदि शाकिब बेटविनर के साथ समझौते को समाप्त नहीं करते हैं तो उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाएगा। इसके बाद शाकिब ने बीसीबी को पत्र लिखकर सट्टेबाजी वेबसाइट से संबंध समाप्त करने की सूचना दी थी।

अब शाकिब को टी20 टीम की कमान सौंपी गयी है।

टी20 एशिया कप के लिये बांग्लादेश की टीम से लिटन दास का नाम गायब है। लिटन चोट के कारण टूर्नामेंट में शामिल नहीं हो पाएंगे, हालांकि कप्तान शाकिब, मुश्फिकुर रहीम, शब्बीर रहमान, इबादत हुसैन और मोहम्मद सैफुद्दीन की वापसी से टीम मजबूत हो गयी है।

करीब 10 महीने की गैरमौजूदगी के बाद सैफुद्दीन की बांग्लादेश टीम में वापसी हुई है। उन्होंने पिछले साल टी20 विश्व कप में आखिरी बार टाइगर्स का प्रतिनिधित्व किया था, जहां पीठ की चोट के कारण वह बीच टूर्नामेंट ही टीम से बाहर हो गये थे। शब्बीर रहमान को भी 2019 के बाद पहली बार टी20 टीम में जगह दी गयी है।

बांग्लादेश को एशिया कप के ग्रुप-बी में अफगानिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। शाकिब की टीम 30 अगस्त को अफगानिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

एशिया कप के लिये बांग्लादेश टीमः शाकिब अल हसन (कप्तान), अनामुल हक, मुशफिकुर रहीम, अफिफ हुसैन, मोसादेक हुसैन, महमूदुल्लाह, मेहदी हसन, मोहम्मद सैफुद्दीन, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, नसुम अहमद, शब्बीर रहमान, मेहदी हसन मिराज, परवेज हुसैन एमोन, नूरुल हसन सोहन, तस्कीन अहमद।

जालंधर, (अप्रस)। पंजाब में जालंधर छावनी से कांग्रेस विधायक परगट सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। सिंह ने कहा कि देश की आजादी में कई सूरमाओं ने बलिदान दिया है। इस आजादी को कायम रखने के लिए हम सभी को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखना चाहिए। इस अवसर पर आदमपुर से विधायक सुखविंदर सिंह कोटली भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा पीपीआर मॉल से शुरू होकर शहर के विभिन्न इलाकों से होते हुए वापस पीपीआर मॉल पर सम्पन हुई।

ऊर्जा मंत्री ने संगरूर में 66 के.वी ग्रिड सब-स्टेशन व अति-आधुनिक बहु मंजिला ईमारत के नींव पत्थर रखे

राज्य सरकार लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए वचनबद्ध: हरभजन सिंह

- 26.80 करोड़ रुपए की लागत से दोनों प्रोजैक्ट होंगे मुकम्मल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़/संगरूर, 14 अगस्त। पंजाब के ऊर्जा एवं लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ द्वारा आज संगरूर में दो अलग-अलग प्रोजैक्टों के नींव पत्थर रखे।

ऊर्जा मंत्री ने संगरूर में 66 के.वी ग्रिड सब स्टेशन का नींव पत्थर रखने के बाद में जानकारी दी कि लगभग 9.50 करोड़ रुपए की लागत वाला यह सब स्टेशन 31 मार्च, 2023 तक मुकम्मल हो जायेगा। उन्होंने बताया कि इस सब-स्टेशन के बनने से लगभग 60 से 70 हज़ार बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और इसके शुरू होने से भविष्य में 66 के.वी ग्रिड सब-स्टेशन बडरुक्खां, मंगवाल और सोहियां रोड पर चलने वाले ग्रिड सब-स्टेशन के ओवरलोडिंग होने की संभावना नहीं रहेगी।

दूसरा प्रोजैक्ट, 33 के.वी कॉलोनी सोहियां रोड संगरूर में पी.एस.पी.सी.एल संगरूर के 12 दफ्तरों को एक ही स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए निर्माण की जाने वाली बहु मंजिला अति-आधुनिक ईमारत का नींव पत्थर रखने के मौके पर ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इस ईमारत के निर्माण पर लगभग 17.30 करोड़ रुपए की लागत आयेगी और इस प्रोजैक्ट को 31 मार्च, 2024 तक मुकम्मल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि एक ही छत के नीचे पी.एस.पी.सी.एल के दफ़्तर इकठ्ठा होने से उपभोक्ताओं, बिजली से संबंधित कामगारों और पेंशनरों को समयबद्ध सेवाएं देने में और अधिक सुविधा हो जायेगी।

स. ई.टी.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत मान की दूरदर्शी सोच के स्वरूप पंजाब सरकार लोगों को दरपेश समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो महीने के लिए 600 यूनिट मुफ़्त बिजली की सुविधा प्रदान की गई है, जोकि बिना किसी पक्षपात के सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लागू होगी और दो महीने में 600 यूनिट तक की बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए भुगतान बिल ज़ीरो होगा। इस मौके पर विधायक संगरूर नरिन्दर कौर भराज और विधायक लहरा बरिन्दर कुमार गोयल, डिप्टी कमिश्नर जतिन्दर जोरवाल, एस.एस.पी मन्दीप सिंह सिद्धू, डायरैक्टर पी.एस.पी.सी.एल इंजीनियर डी.पी.एस गरेवाल आदि भी उपस्थित थे।

खेत में पड़े संदिग्ध बैग में मिला मांस, पुलिस आई हरकत में

- प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस जानवर का मांस होने का कर रही है दावा

अर्थ प्रकाश/गुरसेवक सिंह

कुराली, 14 अगस्त। इलाके के बडोदी टोल प्लाजा के पास बसे गांव शेखपुरा के खेतों में संदिग्ध बैग में मांस मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने के बाद कुराली ग्रामीण थाने की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने मांस का कारोबार करने वाले कई लोगों को मौके पर बुलाकर पड़ताल की। साथ ही मांस का सैंपल जांच के लिए लैब में भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस इसे किसी जानवर का मांस मान रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर पुलिस के कंट्रोल रूम पर गांव शेखपुरा के जंगल में संदिग्ध बैग पड़ा होने की सूचना दी गई थी। सूचना के अनुसार खेत में एक चावल के शैलर के पास खेत में बैग पड़ा हुआ था। जिसमें से काफी बदबू आ रही थी। सूचना मिलने के बाद कुराली ग्रामीण थाने की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर मांस का कारोबार करने वाले कई लोगों को बुलाया। उनसे जांच पड़ताल में पुलिस को पता चला कि यह जानवर का मांस हो सकता है। लेकिन ग्रामीणों का दावा है कि अगर जानवर का मांस जंगल में है, तो बैग में बंद कर नहीं फेका जा सकता है । यह किसी मानव का मांस है। जिसकी हत्या कर यहां पर फैका गया है। वहीं पुलिस ने बैग को अपने कब्जे में ले लिया है। आगे की जांच के लिए मांस के सैंपल लैब में भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

क्या कहते हैं अधिकारी

ग्रामीणों की तरफ से बैग से बदबू आने की सूचना थाने को मिली थी। जिस पर कुराली ग्रामीण थाने की टीम मौके पर पहुंची। बैग को काबू में लेकर उसके सैंपल भेज दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में मांस किसी जानवर का लग रहा है। आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।

लम्पी स्किन बीमारी से बचाव के लिए अब तक 1.84 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 14 अगस्त। पंजाब के पशु पालन विभाग द्वारा लम्पी स्किन की बीमारी की रोकथाम के लिए अब तक 1.84 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। विभाग के प्रमुख सचिव विकास प्रताप ने बताया कि गोट पॉक्स वैक्सीन की 83,000 डोज़ की तीसरी खेप विभाग के पास पहुँच चुकी है, जो आगे जिलों में बाँट दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर टीकाकरण में तेज़ी लाई गई है। विभाग के अमले द्वारा छुट्टी वाले दिनों के दौरान भी टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग को पहले मिली दवा की करीब 2.34 लाख डोज़ में से अब तक 1.84 लाख से अधिक डोज़ पशुओं को लगाई जा चुकी हैं। इसके अलावा पंजाब वैटरनरी वैक्सीन इंस्टीट्यूट, लुधियाना से 5 वैटरनरी अफसरों को भी अलग-अलग ज़िलों में भेजा गया है। इससे पहले मोहाली मुख्य कार्यालय से भी वैटरनरी अफसरों को 31 अगस्त तक ज़िलों में तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की हिदायतों पर ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा 1 करोड़ रुपए की राशि पशु पालन विभाग को शिफ्ट की जा रही है, जो अपेक्षित दवा और डोज़ के लिए ज़िलों को बाँटी जानी है। श्री विकास प्रताप ने बताया कि बैचलर ऑफ वैटरनरी साइंस (बी.वी.एस.सी.) के इंटरनशिप और अंतिम साल के विद्यार्थियों को भी टीकाकरण मुहिम को तेज़ करने और दूध उत्पादकों को जागरूक करने के लिए लगाया गया है।

घर-घर राशन स्कीम को एक ही पड़ाव में लागू किया जाएगा: लाल चंद कटारूचक्क

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़, 14 अगस्त। राज्य के लोगों को घर-घर राशन मुहैया करवाने की दृढ़ वचनबद्धता के साथ राज्य सरकार इस साल 1 अक्तूबर से आटा की होम डिलीवरी सेवा की शुरुआत करेगी।

इस योजना को राज्य भर में एक ही पड़ाव में लागू किया जायेगा। पूरे राज्य को आठ ज़ोनों में बाँटा गया है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों संबंधी मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक्क ने बताया कि इस स्कीम के अंतर्गत सरकार की तरफ से एन.एफ.एस.ए. के अधीन रजिस्टर हरेक लाभार्थी को आटा की होम डिलीवरी का विकल्प दिया जायेगा। कोई भी लाभार्थी जो खुद डीपू से गेहूँ लेना चाहता है, उसके पास मुफ़्त में उचित आई.टी. दखल के साथ इसकी चयन करने का विकल्प होगा। राशन का वितरण अब तिमाही की जगह महीनावार ढंग से किया जायेगा।

मंत्री ने कहा कि होम डिलीवरी सेवा मोबाइल फेयर प्राइस शॉप्स (एम.पी.एस.) की धारणा को पेश करेगी। मंत्री ने आगे कहा कि एम.पी.एस. एक ट्रांसपोर्ट वाहन होगा, जिसमें अनिवार्य रूप से जी.पी.एस. सुविधा और कैमरे लगे होंगे जिससे लाभार्थी को आटा सौंपने को लाइव स्ट्रीम किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि इस वाहन में अनिवार्य रूप से भार तोलने की सुविधा होगी, जिससे लाभार्थी को आटा की डिलीवरी से पहले इसके वजऩ के बारे में संतुष्ट किया जा सके। एम.पी.एस. वाहन में बायोमीट्रिक सत्यापन, लाभार्थी को सौंपने के लिए प्रिंट की गई वजऩ स्लिप आदि सभी अनिवार्य ज़रूरतें प्रदान की जाएंगी। सभी एम.पी.एस. लाइसेंस खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जारी किये जाएंगे। एन.एफ.एस.ए. के तहत एम.पी.एस. को 'फेयर प्राइस शॉप्स' जैसा दर्जा दिया जायेगा। सिर्फ़ एम.पी.एस. ही आटा की होम डिलीवरी की सुविधा प्रदान करेंगे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि एन.एफ.एस.ए. के लाभार्थियों को आटा की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी के लिए ज़रूरी सभी गतिविधियों के लिए मार्कफैड द्वारा स्पैशल पर्पस व्हीकल तैयार किया जायेगा। राज्य सरकार गेहूँ को आटा में पीसने का सारा खर्चा खुद वहन करेगी, चाहे एन.एफ.एस.ए. के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह खर्चा लाभार्थी से वसूलने के लिए कहा गया है। श्री कटारूचक्क ने कहा कि इस नयी सेवा के साथ स्थानीय आटा चक्की से गेहूँ को आटा में पीसने के लिए आने वाले खर्च के सम्बन्ध में लाभार्थियों को लगभग 170 करोड़ रुपए की बचत होने की संभावना है।

भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने निकाली तिरंगा यात्रा

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

नयागांव, 14 अगस्त। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में %आजादी का अमृत महोत्सव% समारोह में राष्ट्रीय ध्वज धारण करने वाले लोग भाग लेते हैं । नयागांव में आम आदमी पार्टी के वलंटियरो द्वारा मैडम कांता शर्मा,रंजू शर्मा,महेश मेषी कांसल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का अयोजन किया गया।

यह यात्रा नयागांव के टैंकी चौंक से हो कर सारे बजरो मे होते हुऐ फिर आ कर टैंकी चौंक पर समाप्त हुई । यात्रा के दौरान कांता शर्मा और रंजू शर्मा द्वारा देश भक्ति के गीत गाये जा रहे थे अंत में यात्रा की समाप्ती पर राष्ट्रिया गाण गाया गया । सभी जगह तिरंगा झंडा ही दिखाई दे रहा है । वहीं नयागांव व उसके आसपास पंजाब पुलिस के नयागांव थाना प्रभारी कुलवंत सिंह तथा उनकी टीम ए एस आई दिलबाग सिंह, ऐ एस आई बिशन दास व अन्य द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं । आपको बता दें कि अमृत महोत्सव के तहत राष्ट की एकता को मजबूती प्रदान करने के लिए हर घर तिरंगा मानाने की अपील की गई है ।

इस कार्यक्रम के तहत 13 से 15 अगस्त तक जनभागीदारी से घरों के ऊपर तिरंगा फहराया जाएगा और सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठान भी इसमें शामिल होंगे । भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के दौरान कलाकारों ने %तिरंगा यात्रा% निकाली । सभी ने इस दौरान हाथों में तिरंगा लिए दिखाई दिए । आपको बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 15 अगस्त आजादी का पर्व आजादी अमृत महोत्सव के नाम से मनाया जा रहा है ।

इस अभियान के तहत केंद्र सरकार ने देशवासियों से अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की है । तिरंगा अभियान को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपील करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा हमें उन विरों की याद दिलायेगा, जिन्होंने स्वतंत्र भारत के लिए एक ध्वज का स्वपन्न देखा था । उन्होंने कहा हम उन विरों के सपने को पूरा करने के लिए इस अभियान को सफल बनाएंगे ।

पूर्ण सुरक्षा के लिए तीसरा कोविड टीका लगवाना बेहद जरूरी: डॉ. अलकजोत कौर

- सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

नयागांव, 14 अगस्त। कोविड पॉजिटिव मामलों में वृद्धि को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बूथगढ़ न्यू चण्डीगढ के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलकजोत कौर और नोडल अधिकारी डॉ. विकास रणदेव ने प्रत्येक लाभार्थी से कोविड रोधी टीकाकरण कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पीएचसी बूथगढ़, खिजराबाद और पलहेरी में हर कार्य दिवस में निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। वर्तमान में 12 से 14 वर्ष के बच्चों सहित 14 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का टीकाकरण किया जा रहा है। एसएमओ कहा कि कोविड जैसी जानलेवा बीमारी से खुद को बचाने के लिए पूर्ण कोविड टीकाकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों को अभी तक पहला, दूसरा या तीसरा टीकाकरण नहीं मिला है, उन्हें बिना देर किए टीका लगवाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तीसरा टीका लगवाना भी बहुत जरूरी है क्योंकि यह व्यक्ति को पूरी तरह से सुरक्षित बनाता है। %आजादी का अमृत महोत्सव% के तहत 15 जुलाई से 75 दिनों तक तीसरा इंजेक्शन बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीसरा टीका दूसरे टीकाकरण के 26 सप्ताह बाद दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लेने से शरीर में कोरोना महामारी से लड़ने की ताकत पैदा होती है। यदि कोई व्यक्ति वैक्सीन लेने के बाद भी इस रोग की चपेट में आ जाता है तो रोग गंभीर रूप धारण नहीं करता है और रोगी को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है। एसएमओ कहा कि यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और हर कोई इस वैक्सीन को बिना किसी डर के लगवा सकता है । उन्होंने लोगों से अनुरोध भी किया कि अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। अनावश्यक यात्रा और भीड़भाड़ से बचें। इसके अलावा अगर लगातार खांसी, जुकाम, बुखार आदि रहता है तो किसी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में जाकर डॉक्टर की सलाह लेकर कोविड टेस्ट कराएं। स्वास्थ्य विभाग की हेल्पलाइन 104 पर संपर्क करके भी डॉक्टर से सलाह ली जा सकती है।

गृह मंत्रालय ने पीपीएमडीएस, पीएमएमएस पुरस्कारों के लिए पंजाब पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों के नामों का किया ऐलान

- डीजीपी गौरव यादव ने सभी पुरस्कार विजेताओं को दी बधाई, पंजाब पुलिस के बहादुर जवानों की सेवाओं को मान्यता देने के लिए गृह मंत्रालय का किया धन्यवाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 14 अगस्त। पंजाब पुलिस की शानदार सेवाओं को मान्यता देते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 76वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर पंजाब पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों के नामों का ऐलान किया है, जिनको विशिष्ट सेवाओं के बदले राष्टपति पुलिस मैडल (पीपीएमडीएस) और शानदार सेवाओं के बदले पुलिस मैडल (पीएमएमएस) से सम्मानित किया जायेगा।

ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (बी.ओ.आई.) पंजाब के डायरैक्टर बी चंद्र शेखर और इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आई.जी.पी.) इंटेलिजेंस जतिन्दर सिंह औलख को विशिष्ट सेवाओं के बदले राष्टपति पुलिस मैडल से सम्मानित किया जायेगा।

इसी तरह छह पीपीएस अधिकारियों एआईजी ज़ोनल सीआईडी अमृतसर वरिन्दर सिंह, डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर अमृतसर परमिन्दर सिंह भंडाल, डीएसपी आईआरबी लुधियाना दलजीत सिंह, डीएसपी कमांडो बटालियन बहादुरगढ़ संजीव कुमार, डीएसपी पीआरटीसी जहानखेलां हरजीत सिंह और डीएसपी सीआईडी जालंधर हरभजन लाल का नाम उन 14 अधिकारियों, कर्मचारियों में शामिल है जिनका चयन शानदार सेवाओं के बदले पुलिस मैडल के लिए किया गया है। बाकी अधिकारियों में इंस्पेक्टर राज कुमार, एसआई सम्पूरन सिंह, एसआई राजेश कुमार, एसआई राम दर्शन, एसआई चंद्र प्रकाश, एसआई सिकन्दर सिंह, एएसआई मन्जीत सिंह और एएसआई प्रितपाल सिंह शामिल हैं।

डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए इन अधिकारियों की सेवाओं को मान्यता देने और समूची पंजाब पुलिस फोर्स का मनोबल बढ़ाने के लिए भारतीय गृह मंत्रालय का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता पुलिस फोर्स को और ज्यादा लगन और तनदेही से काम करने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसकी अलग-अलग सुरक्षा चुनौतियों वाले सीमावर्ती राज्यों में बहुत ज़रूरत है।

पार्षद अमनदीप कौर ने बांटे पौधे

अर्थ प्रकाश/मलिक संजीव

नयागांव, 14 अगस्त। अधिक मात्रा में पौधे लगाकर ही सुखी जीवन की कल्पना की जा सकती है और प्रदूषण की बढ़ती समस्या से निजात पाया जा सकता है. यह बात पार्षद अमनदीप कौर ने निःशुल्क पौधे वितरण अभियान के तहत मुख्य अतिथि के रूप में नयागांव के वार्ड -13 की पार्षद अमनदीप कौर ने अपने वार्ड वासीयों को पौधे वितरित करते हुए कही । शुद्ध प्राणवायु के लिए अधिक मात्रा में पौधे लगाकर उन्हें पल्लवित करें, कोरोना महामारी में ऑक्सीजन की कमी के चलते लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई है । उससे सबक लेकर पौधरोपण में जी जान से जुटकर पौधों का रखरखाव करना चाहिए । पार्षद ने कहा कि अधिक मात्रा में पौधे लगाकर ही सुखी जीवन की कल्पना की जा सकती है और प्रदूषण की बढ़ती समस्या से निजात पाया जा सकता है । अपने तथा अपने बच्चो के जन्म दिन पर ऐक पोधा आवश्य लगायें । इस मोके पर उनके साथ सुनीता कालिया,गीता ,माया रानी,नीलम भरद्वाज,गीता सैणी,रणजीत कौर,बिमला सैणी ,ब्रज कालिया सहित वार्ड के बहुत लोग शामिल थे।

देशवासियों को 75वें आजादी का अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
RISHAB
Healthcare (P) Ltd.
(A Who-GMP Certified Unit)
An ISO 14001-2015 & ISO 22000 Cer.Unit
R.K. Jain : 98158-66226
Plot. No. 417, Ind. Area, Phase-1, Panchkula (Hry) 134109
email : rishabpld@gmail.com www.rishabhealthcare.com

देशवासियों को 75वें आजादी का
अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
COCO BAKS
Deals in :
BEST QUALITY CAKE
AND BAKERY ITEMS
KOMAL BANSAL 7743050056
182/72, PHASE-1, IND. AREA CHANDIGARH

देशवासियों को 75वें आजादी का
अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
SURYAN PRECISIONS
MFR & HIGH QUALITY TOOL
ROOM AND WIRECUT JOB WORKS
166, PHASE-2, INDL. AREA, PANCHKULA
SANDEEP : 9780333444, SANJAY : 98156-15657

देशवासियों को 75वें आजादी का अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
I SCHOOL OF SCIENCES
BY PALAK RANA
(BIOLOGY MENTOR)
SCO 51, 2ND FLOOR, SECTOR-20 C, CHANDIGARH
TEL. : 91383-93871

देशवासियों को 75वें आजादी का अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
HARIOM UDYOG
MFR. OF : MCB BOX,
UPS BOX, FAN BOX ETC.
SULTAN SINGH : 7009447787, PARVEEN 891011974
VILL. KAMLI NEAR EICHER SCHOOL, PARWNOO

देशवासियों को 75वें आजादी का अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
GAGE MAN INDUSTRIES
SPECIALIST IN CARBIDE GAGES
SUNIL KUMAR & CO.
166, PHASE-II, INDL. AREA, PANCHKULA M. 93160 65682
9-F, SECTOR 6, FARIDABAD
98103 98098, 98101 35990
Deals in :
USED INDIAN, IMPORTED & CNC MACHINERY

देशवासियों को 75वें आजादी का अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
BEE ESS ENGG WORKS
OEM- TRACTOR PARTS TO SONALIKA
INDO FARM, PREET TRACTOR
ASHOK GORIA : 98150-21771, SOURABH : 8699021771
417A, PHASE-1, IND. AREA, PANCHKULA

Pathanil XS
Are you Planning for an Expensive Painful Surgical Removal ?
Suffering from Kindney Stone ?
क्या आप गुर्द कि पथरी से पीड़ित है?
NO SIDE EFFECTS
Only 9 Days Course
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
At ₹580/-
शुद्ध आयुर्वेदिक दवाई
SRICURE HERBS INDIA PVT. LTD
Ayush Premium Mark & GMP Certified Company
For Order Call Us
0172-5066025

देशवासियों को 75वें आजादी का
अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
MALIKE Pvt. Ltd.
Mfg. of :
OEM Sheetmetal Parts, Control Valve, Radiators
& Connecting Rod for Mahindra & Farm Track
Plot No. B-5 & B9, Phe-1, Indl. Area, Mohali & Noida
Tel. 9814000086 E-mail : brarnarinder@gmail.com

देशवासियों को 75वें आजादी का
अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
Sartaj Mangat
Mb. 9779077224
Rajwinder Devgan
Mb. 9814956266
Rajesh Kumar
Mb. 9878500075
R. S. ENGINEERING WORKS
Deals in All kinds of used
Imported CNC Machines
Village Alamgir, opp. Gurudwara, Ludhiana
D-102, Phase 5, Focal Point, Ludhiana-141010
Email : Mangat_sartaj@yahoo.co.in

देशवासियों को 75वें आजादी का
अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
Subhash Sikka
SILENCE AUTO
MGF. OF : QUALITY SILENCERS, OE TO MAHINDRA,
SWARAJ, SONALIKA, EICHER TRACTOR
E-142, Phase VII, Indl. Area, Mohali
Mobile : 9815102299

आओ मिलकर मनाएं
आजादी का
अमृत महोत्सव
सभी पंचकूला वासियों को
श्री ज्ञान चंद गुप्ता
अध्यक्ष, हरियाणा विधानसभा
श्री कुलभूषण गोयल
महापौर, नगर निगम पंचकूला
एवं नगर निगम पंचकूला की ओर से
75 वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्लास्टिक एवं नशा मुक्त पंचकूला
बनाने में सभी शहरवासी अपना सहयोग दें।
पंचकूला को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाए रखने में अपना सहयोग दें।
नगर निगम पंचकूला

देशवासियों को 75वें आजादी का
अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
Kamal Bhardwaj
91-9350108378
Rajkumar
9891125645
Rajender
9350543649
Vicky
9873584894
Bhardwaj Enterprises
Deals in :
All kind of Indian & Imported
Tool Room Machinery
Plot No. 25, Dharam Kanta Raod,
Mujessar, Faridabad (Haryana)
E-Mail : bhardwaj197@gmail.com

देशवासियों को 75वें आजादी का
अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
Naresh Sayal
Manufacturer,Importar and
Exporter of Profile Projector ,
Vision measuring microscope
Digital Readout
and linear encoder
Email nksayal@gmail.com
METROLOGIK INSTRUMENTS
3114, Industrial Area-II, Chandigarh, 160 002, India
Phone : +91 9815374800
E-mail : metrologik@metrologik.in, nareshsayal@metrologik.in

देशवासियों को 75वें आजादी का
अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
B.K. Batta
Neel Batta
COMTECH INDIA
AN ISO 9001 : 2008 CERTIFIED COMPANY
Manufacturers of :
Precision Die Components,
Special Gauges, Jigs, Fixtures & SPM.
636-637, Industrial Area-II, Chandigarh-160 002
Phone : 0172-2659982, Mb. 9814004637
Email : comtech_chd@hotmail.com

Sh. Arvind Kejriwal
Chief Minister, Delhi
. Sushil Gupta (MP)
Prabhari, Haryana
Sh.Anurag Dhanda
National Adviser
Sh.Praveen Prabhakar Gaur
Sangatan Mantri Hyn.
Sh.Dinesh Pratap
Seh. Prabhari Haryana
Smt.Chitra Sarwara
Convenor North Zone
aap
आजादी का अमृत महोत्सव
पंचकुला की और से
Yogeshwar Sharma
Secretary North Zone
9988889968
Jagmohan Batta
Vice President
98150 21218
Kamlesh Bhanwala
Joint Secretary Legal Cell
Venus Dhaka
Secretary Legal Cell
Nasib Singh
Vice President
98769 99207
Surender Rathee
District President
Member National council
(9888766888)

Amartex
Family Mart
INDIA'S BIGGEST
FREEDOM FEST
Sale
15th August
SPECIAL OFFER
DISCOUNT
UPTO 50 % OFF
FOREVER KURTIS
Women Kurtis
Women Suit Dupatta ₹699
Men's T-Shirt ₹224
Men's Denim ₹899
Designer Jacket ₹1199
Men's Suit ₹2899
Sugar ₹39
₹364
₹405
₹329
₹342
₹333
₹145
₹157
₹484
₹1110
₹77
₹134
₹118
₹64
₹64
LUGGAGE, BACKPACKS
₹2499
• PANCHKULA -315, Industrial Area, Phase- 1, Tel.: 0172-5093015
• MOHALI -B-35, Industrial Area, Phase- 3, Tel.: 0172-4108259
ALSO AVAILABLE AT: AMB · FARIDABAD · DHARAMSHALA · SANJAULI · SOLAN · KULLU
BHUNTAR · RAMPUR · THEOG · ROHRU · NAGWAIN · KUMARSAIN · SUNDAR NAGAR · BANJAR
PADHAR · LANDRAN
FREE AND SAME DAY DELIVERY
On orders of ₹ 1200 & above
Amartex VIP Club
SCAN TO JOIN
SHOP ENJOY
GRAB REWARDS
AND REPEAT!!
Amartex
BRAND TRUSTED BY MILLIONS

सम्पादकीय

आओ एक नये भारत की शपथ लें...

यह 14-15 अगस्त, 1947 की रात थी। मौजूदा राष्ट्रपति भवन के वायसराय लॉज में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू भाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा था- यह एक ऐसा क्षण है, जो इतिहास में यदा-कदा आता है, जब हम पुराने से नए में कदम रखते हैं, जब एक युग का अंत होता है, और जब एक राष्ट्र की लंबे समय से दमित आत्मा नई आवाज पाती है। यकीकन इस विशिष्ट क्षण में हम भारत और उसके लोगों और उससे भी बढ़कर मानवता के हित के लिए सेवा-अर्पण करने की शपथ लें।

वास्तव में 75 वर्ष पहले घटा यह घटनाक्रम सदियों के उस संघर्ष और तपस्या के बाद आया था जिसमें असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने खुद को देश की आजादी के लिए आहूत कर दिया। यह वह क्षण था, जोकि इतिहास में यदा-कदा ही आया। भारत के लोगों ने अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ लड़ते हुए आखिरकार स्वराज की प्राप्ति की। हालांकि आजादी का यह युद्ध उसी समय समाप्त नहीं हो गया। देश तब विदेशियों से लड़ रहा था, लेकिन आजादी के बाद उसने एक नई जंग हालात के साथ शुरू की थी। यह जंग स्वावलंबन और अपने पैरों पर खड़े होने की थी। इस जंग में देश के प्रत्येक जन की प्रतिभागिता रही और यह प्रतिभागिता लोकतंत्र के जरिए रूपायित हुई। देश के संविधान ने लोकतंत्र की रक्षा की और देश आगे बढ़ता गया। यह भारत की चारित्रिक शुद्धता, लोकतंत्र और अपने देश की जनता के प्रति कर्तव्य के निवर्हन की शपथ ही थी कि तमाम गतिरोधों, उतार-चढ़ावों, विदेशी हमलों, आर्थिक दुश्वारियों, आंतरिक राजनीतिक उठा-पटक के बावजूद भारत लगातार आगे बढ़ता रहा है। आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, इस दिन के लिए जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने सपना देखा था, उन्हें सादर श्रद्धांजलि। यह वक्त उन सपनों को आगे ले जाने का है, और उन्हें पूरा करने के लिए देश को आजादी के स्वर्ण काल की प्रतीक्षा करनी होगी। वास्तव में यह आगामी 25 वर्षों के लिए देश का लक्ष्य निर्धारित करने का भी अवसर है, जब हम यह नियत करेंगे कि अगले 25 वर्षों में देश कहां होगा?

अगर देश का नेतृत्व तिरंगे की शान में एक अभियान को शुरू करने का आह्वान करता है तो उसे भी सहज स्वीकृति नहीं मिलती, उसे भी एक राजनीतिक अभियान के रूप में देखा जाता है। यह भी कितनी ताज्जुब की बात है कि अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जिस देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने का प्रमाण दे रही हैं, उसी देश में विरोधी राजनीतिक दल जनता को गुमराह करते हुए नकारात्मक बातें प्रचारित कर रहे हैं। वास्तव में आजादी के इस पावन अवसर पर देश को एक और गुलामी से युद्ध की तैयारी करनी चाहिए। यह युद्ध नकारात्मक राजनीति और वैचारिक अशुद्धता का है। न जाने हमारी शिक्षा और दीक्षा कहां जा रही है कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर राजनीति की कुंडली नजर आती है। हालांकि होना यह चाहिए कि शिक्षा, विचार, संस्कृति का प्रभाव बढ़े।

भारत विडम्बनाओं का देश है, यह स्थिति फायदेमंद भी है और हानिकारक भी। हालांकि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में तमाम ऐसी घटनाएं घटी हैं, घट रही हैं, भविष्य में भी घटेंगी, जोकि इसके मूल स्वरूप को क्षति पहुंचाती लगती हैं। संवैधानिक संस्थाओं के क्षरण का आरोप लगता है, राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं, या कहें कि जा रहे हैं। अब सत्ता की प्राप्ति सबसे बड़ा लक्ष्य हो गया है, जनता के प्रति समर्पण का प्रहसन करके अनेक राजनीतिक दल खुद को आगे बढ़ा रहे हैं। उस समय लगता है कि आखिर स्वराज क्या इसी दिन के लिए था। समझिए आज अगर वे स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया, एक क्षण के लिए भी जीवित हो जाएं और उन्हें मौजूदा हालात की जानकारी हो तो वे क्या प्रतिक्रिया देंगे? क्या वे सत्ता के लिए अनुचित गठबंधन, मुफ्त घोषणाओं, झूठे वादों, अपरिपक्व और समाज विरोधी चेहरों, भ्रष्ट नेताओं, नौकरशाहों, अपराधियों, सांप्रदायिकता की आग में जलते गला रेतने वालों, धार्मिक स्थलों के नाम पर नफरत फैलाने वालों, नोटों के बिस्तर बिछा कर सोने वालों और तमाम उन तत्वों को सही ठहराएंगे जोकि आज हमारे समाज का हिस्सा हैं। क्या आजादी इसी का नाम है कि एक नौकरशाह रिश्वत के पैसे से अपना फर्श ही तैयार कर ले या फिर एक राजनीतिक शिक्षा मंत्री बनकर आलीशान फ्लैट ही नोटों से भरने के लिए तैयार कराए।

आज भी यह भयंकर त्रासदी है कि अगर एक दलित बच्चा स्कूल में हेडमास्टर के लिए रखे मटके से पानी पी लेता है तो उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। अगर देश एक आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्रपति पद के लिए खड़े पाता है तो आम सहमति से उसका निर्वाचन नहीं होता, उस समय भी विरोध का जाल बुना जाता है। अगर देश का नेतृत्व तिरंगे की शान में एक अभियान को शुरू करने का आह्वान करता है तो उसे भी सहज स्वीकृति नहीं मिलती, उसे भी एक राजनीतिक अभियान के रूप में देखा जाता है। यह भी कितनी ताज्जुब की बात है कि अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जिस देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने का प्रमाण दे रही हैं, उसी देश में विरोधी राजनीतिक दल जनता को गुमराह करते हुए नकारात्मक बातें प्रचारित कर रहे हैं। वास्तव में आजादी के इस पावन अवसर पर देश को एक और गुलामी से युद्ध की तैयारी करनी चाहिए। यह युद्ध नकारात्मक राजनीति और वैचारिक अशुद्धता का है। न जाने हमारी शिक्षा और दीक्षा कहां जा रही है कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर राजनीति की कुंडली नजर आती है। हालांकि होना यह चाहिए कि शिक्षा, विचार, संस्कृति का प्रभाव बढ़े। अभाव से छुटकारा हो, अज्ञानता का नाश हो, तमाम बुराइयों का खात्मा और भ्रष्टाचार का अंत किया जाए। यह समय बड़ी-बड़ी ज्ञान की बातों का नहीं है, अपितु सहज भाव-बोध वाली उन बातों पर मंथन का है, जोकि हम नहीं कर पा रहे हैं।

देश राजनीतिक दलों में ही बंटा हुआ नजर आता है। मोर्चाबंदी ऐसी होती है कि दूसरे मोर्चे को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने के लिए दिन-रात योजनाएं बनती-बिगड़ती रहती हैं। भारत को प्रत्येक क्षेत्र में स्थायित्व चाहिए। यहां सड़क, स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, उद्योग सब चाहिए लेकिन यह घास-फूस की लिपाई पर नहीं होना चाहिए। देश के लोगों का चारित्रिक उत्थान और उनकी सोच में सूरज जैसी चमक चाहिए, बादलों जैसी ध्वलता चाहिए। दृढ़ निश्चय और देश को बदलने की असीम चाहत चाहिए। इस दौरान कड़े फैसले भी लेने होंगे। दरअसल, हमें एक सूची तैयार करनी होगी और आजादी की स्वर्ण जयंती पर हमें उस सूची के सभी पॉइंट पर उन लक्ष्यों को हासिल करने का टिक मार्क लगाना होगा।

आजादी का यह पर्व आइए नए संकल्प और विचारों के साथ मनाएं। यह आजादी हमें इतनी सहजता से नहीं मिली है, जितनी सहजता से हम इसका उपभोग कर रहे हैं। जितना कष्ट देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने झेला, अगर हम उसका एक कण भर भी आज महसूस कर लें तो हमारी तमाम समस्याओं का समाधान हो सकता है। आइए, नवभारत के निर्माण का संकल्प लें।

-जयहिंद

सिर्फ तिरंगा फहराना काफी नहीं



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अब तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी तिरंगा फहरा रहा है। इस तिरंगे का सूत्रपात सबसे पहले मदाम भीकायजी कामा और वीर सावरकर ने किया था। लेकिन असली सवाल यह है कि आजादी का जश्न सिर्फ तिरंगा फहराने से पूरा हो जाएगा क्या?

दैनिक अर्थ प्रकाश

आजादी के 75 वें साल को मनाने के लिए हर घर में तिरंगा फहर रहा है, यह तो बहुत अच्छी बात है। भारत सरकार का यह अभियान इसलिए भी सफल हो गया है कि इसे सभी दलों का समर्थन मिल गया है। यहां तक की कांग्रेस का भी! हालांकि कांग्रेस पार्टी के तिरंगे और भारत के तिरंगे में बड़ा बारीक फर्क है, जिसे लोग प्रायः अनदेखा ही कर देते हैं। कांग्रेस के तिरंगे के बीच में चरखा है और राष्ट्रीय तिरंगे के बीच में चक्र है। अशोक का धर्म-चक्र ! अब तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी तिरंगा फहरा रहा है। इस तिरंगे का सूत्रपात सबसे पहले मदाम भीकायजी कामा और वीर सावरकर ने किया था। लेकिन असली सवाल यह है कि आजादी का जश्न सिर्फ तिरंगा फहराने से पूरा हो जाएगा क्या? यह तो वैसा ही हुआ, जैसा कि हमारे मंदिरों में होता है। देवताओं की मूर्ति पर भक्त लोग माला चढ़ाते हैं, भजन गाते हैं और फिर रोजमर्रा की जिंदगी जस की तस गुजारने लगते हैं। जो नेता झूठे वादों पर जिंदा हैं, जो अफसर रिश्वतजीवी हैं और जो व्यापारी मिलावटखोर हैं, उनके आचरण में जरा भी परिवर्तन नहीं आता है। जिसे विद्वान लोग मूर्तिपूजा या प्रतीक पूजा या जड़-पूजा कहते हैं, मुझे डर है कि वही हाल इस तिरंगा-पूजा का भी हो रहा है। असली तिरंगा-पूजा तो तब होगी जबकि हम इस रंग-बिरंगे भारत को सारी दुनिया के सामने फहराकर कह सकें कि भारत जैसा देश दुनिया में कोई और नहीं? भारत के बारे में यह सोच कोई हवाई सपना भर नहीं है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत के साथ-साथ और बाद में भी दर्जनों देश आजाद हुए लेकिन लोकतंत्र कहां-कहां कायम रहा? भारत का जो मूल संविधान बना था, वह आज भी चल रहा है। लेकिन हमारे लगभग सभी पड़ौसी देशों के संविधान एक बार नहीं, कई बार बदल चुके हैं। आजादी के बाद भारत को कई देशों के सामने झोली फैलानी पड़ती थी लेकिन वैसा करना तो अब दूर रहा लेकिन जरा नजर डालें तो मालूम पड़ेगा कि आज भारत कई अन्य देशों की झोलियां भर रहा है। भारत के नागरिक इस समय दुनिया भर के लगभग दर्जन भर देशों में उनके शीर्षस्थ पदों पर विराजमान हैं। ये लोग जिस देश में भी जाकर बसे हैं, उस देश के सबसे समृद्ध सुशिक्षित और संस्कारित वर्ग के लोगों के रुप में जाने जाते हैं। भारत का यह मयूर-नृत्य है। मोरपंखों की सुंदरता अत्यंत मनमोहक है लेकिन उसके पांवों का हाल क्या है? आज भी करोड़ों लोग गरीबी-रेखा के आस-पास अपनी जिंदगी ढो रहे हैं। देश के करोड़ों लोगों को आज भी शिक्षा और चिकित्सा की समुचित सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। आज आजादी के 75 वर्ष तो हम मना रहे हैं लेकिन अंग्रेजी भाषा और संस्कृति की गुलामी ज्यों की त्यों जारी है। उससे मुक्त होने के लिए सिर्फ तिरंगा फहराना काफी नहीं है।

बोल ब्यूटीफुल

शेखर गुप्ता: इस समय हम सलमान रुश्दी के लिए प्रार्थना ही कर सकते हैं, लेकिन हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि उनकी किताब पर प्रतिबंध लगाने वाला भारत पहला देश था। उस समय कांग्रेस की वह सरकार थी, जिसकी लोकसभा में सदस्य संख्या 414 थी। ऐसे में यही सवाल उठता है कि हमारी सेक्युलर राजव्यवस्था में विध्वंस के बीज किसने बोए?

जोसेफ टी.नूनी: जहां सलमान रुश्दी दुनिया के सबसे पुराने लोकतांत्रिक देश में सुरक्षित नहीं है, वहीं नुपुर शर्मा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में असुरक्षित बनी हुई हैं। असल में दुनिया में कोई ऐसी जगह बची ही नहीं, जहां लोग खुलकर अपनी बात कह सकें। इस कट्टरपंथी लोगों ने सभ्यता को सदियों पीछे धकेल दिया है।

आजादी के 75 वर्ष के बाद भी क्या महिलाएं आज भी आजाद हैं!

दैनिक अर्थ प्रकाश

नवनीत कौर
समाज सेविका
पंजाब अध्यक्षा (सर्वधर्म सम्भाव राष्ट्रीय मंच)

देश में हर तरफ स्वतंत्रता दिवस की धूम मची है। प्रत्येक भारतीय का दिल देशभक्ति से सराबोर है। हर तरफ 75 वें अमृत महोत्सव की लहर गूँज रही है। हर भारतीय को यह जानना बहुत जरूरी है की इन 75 सालों में हमारा देश कहाँ से कहाँ पहुंचा और हमारी स्वतंत्रता और लोकतंत्रता के सही मायने जानना बहुत जरूरी है। यहाँ तक की हमें हमारे बच्चों को भी ये बताना अत्ति आवश्यक है की किन महा पुरुषों की बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत में रह रहे हैं।

परन्तु आज मेरा मकसद देश की आजादी पर चर्चा करना नहीं बल्कि उस एक स्तंभ की तरफ आपका धयान केंद्रित करना है जिसे हम - माँ, बहन, पत्नी और बेटी के नाम से जानते है। मेरा आज का सवाल उन सभी भारतीयों से है की क्या औरत आज इस 75 साल की आजादी में भी खुल कर या फिर आजादी से साँस ले पा रही है। मैं औरत को कमजोर या फिर लाचार नहीं कह रही पर आज की सशक्त नारी भी क्या अपनी जिम्मेदारियों और घरेलू हिंसा से आजाद है। आज के आजाद देश की आजाद नारी भी कहीं न कहीं कमजोर हो जाती है जब उसे अपने फैसलों पर भी घर के पुरुष सदस्यों की सहमती पर निर्भर रहना पड़ता है। कुछ भी करने से पहले उसे सौ बार सोचना होता है और यही सोच और निर्भरता उसे बेड़ियों में बांधने जैसी कष्टदायक है। आज की नारी घरेलु जिम्मेदारियां बखूबी निभाकर भी समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलकर मुकाबला कर रही है। महिलाएं आज हर वो मुकाम हांसिल कर रही हैं जिसकी वह असली हकदार हैं पर कही न कहीं हमारा देश जो पुरुष प्रधान देश है उसमें औरत का दर्जा पुरुष से नीचे ही माना गया है। आज की औरत घर, पति, बच्चों, नौकरी , समाज और सामाजिक दायरों को बखूबी निभा रही है लेकिन जीवन में फैसले लेने की बात आये तो घर का पुरुष ही हकदार होता है, घर की सभी जिम्मेदारियां एक औरत की पर फैसला लेने का हक पुरुष को ही क्यों होता है ?

#WHY I DIDN'T REPORT
WHY NOW AFTER SO MANY YEARS?
DID YOU PROVOKE HIM?
DID YOU SCREAM?
I DON'T BELIEVE YOU!
WHAT WERE YOU WEARING?
YOU ARE EXAGGERATING?
WERE YOU DRUNK OR HIGH
DO YOU HAVE PROOF?
HE WOULD NEVER DO SOMETHING LIKE THAT
THAT'S WHAT BOYS DO

हम अपने आजादी के 75 साल का सफर कर चुके हैं पर हम अपनी सोच अपने विचारों को कब आजादी देंगे।

समाज में बहुत से एनजीओ है जो इन सभी विषयों पर काम कर रहे है पर हमें औरत को उसके हक, मान सम्मान या फिर उनका दर्जा किसी एनजीओ के द्वारा नहीं बल्कि अपने आप से, अपने घर से इसकी शुरुआत करनी होगी। हमें आने वाली नयी पीढ़ी को घर से ही शिक्षित करना होगा हमें लड़के और लड़की का फर्क मिटाकर बराबरी की बात सीखनी और सिखानी होगी। लड़कियों से ज्यादा लड़कों को ये शिक्षा देना अति आवयश्यक है तभी हमारा समाज इन कुरीतियों ये दूर हो पायेगा। पहली शुरुआत अपने घर से करें समाज अपने आप शिक्षित हो जायेगा।

75 वें अमृत महोत्सव पर जहाँ हर तरफ खुशी की लहर है दूसरी ओर हमारा ध्यान महिलाओं, लड़कियों और हमारी बच्चियों पर हो रहे अत्याचारों पर पर भी जाना चाहिए । महिलाओं पर हो रही घरेलू हिंसा, आत्महत्या करने पर मजबूर हो रही आज की पढ़ी लिखी नारी अपने आप को कहीं न कहीं पुरुष के सहारे की मोहताज है। लड़कियों और बच्चियों के हो रहे बलात्कारों के मामले दिल में खौफ पैदा करते है की ये कैसा समाज है हमारा, बेटी तो बेटी है वो अपनी या परायी नहीं है फिर ये दुर्व्यवहार क्यों बढ़ते जा रहे है। क्या हमारी सरकार का इसकी तरफ ध्यान नहीं जाता या सख्त कानून बनाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर चुकी है देश की सरकार।

हमें आजादी की खुशियों के साथ साथ इस तरफ भी अपना ध्यान केंद्रित करना होगा और समाज में अपने कर्ततव्य को बखूबी निभाना होगा तभी हम अमृत महोत्सव का सही आनंद ले पाएंगे।

सलमान रुश्दी पर प्राणघातक हमला अतिवाद का जघन्य रूप, सामने आया लिबरल-सेक्युलर खेमे का दोहरा मानदंड

भारतीय मूल के जाने-माने लेखक सलमान रुश्दी पर न्यूयार्क में प्राणघातक हमला सभ्य समाज को आतंकित करने और साथ ही मजहबी अतिवाद के भयावह खतरे को फिर से रेखांकित करने वाला है। इस हमले की विश्व समुदाय को एक सुर से निंदा करनी चाहिए। यह खेद की बात है कि ऐसा होता नहीं दिख रहा है। खुद के सीने पर लिबरल-सेक्युलर होने का तमगा लगाने और दूसरों को उदार-अनुदार होने का प्रमाण पत्र देने वाले सलमान रुश्दी पर हमले को लेकर जिस तरह मौन हैं, उससे उनके दोहरे मानदंडों का ही पता चलता है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए ऐसे दोहरे मानदंड न केवल घातक हैं, बल्कि सलमान रुश्दी पर हमला करने वाले लेबनानी मूल के अमेरिकी नागरिक हादी मतार सरीखे अतिवादियों का दुस्साहस बढ़ाने वाले भी हैं। हादी 24 साल का है। इसका अर्थ है कि उसका जन्म विवादों का कारण बनी सलमान रुश्दी की पुस्तक द सैटेनिक वर्सेस के प्रकाशन के बाद हुआ। 1988 में प्रकाशित इस पुस्तक के आलोचकों की तरह हादी को भी उसकी विषय वस्तु के बारे में शायद ही कोई जानकारी हो।

हादी मतार ईरान के कट्टरपंथी तत्वों से प्रभावित था। ध्यान रहे कि ईरान के ही सर्वोच्च मजहबी नेता अयातुल्ला खुमैनी ने सलमान रुश्दी के खिलाफ मौत का फतवा जारी किया था। इसके पहले भारत पहला देश बना था, जिसने द सैटेनिक वर्सेस पर पाबंदी लगाई थी। कहना कठिन है कि तत्कालीन राजीव गांधी सरकार यह पहल न करती तो क्या परिस्थिति अलग होती? जो भी हो, इससे इन्कार नहीं कि कट्टरपंथी मुल्ला-मौलवियों और जिहादी संगठनों ने ही हादी के मन में सलमान रुश्दी के खिलाफ जहर भरा होगा।

अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

संकट से पहचान होती है

संकट से मजबूत होकर उभरना एक ऐसा मुहावरा है, जो कई समझदारों के सोचने के तरीके को भ्रष्ट कर देता है। नेता इस इंतजार में बैठे रहते हैं कि संकट आए और हम मजबूत होकर उभरें। इस लालच में वे कई संकट, जो आरंभिक अवस्था में टाले जा सकते हैं, नहीं सुलझाते। वे सोचते हैं कि संकट को इस हद तक बढ़ने दिया जाए कि उसे टालने या सुलझाने का श्रेय मिले। नतीजा यह कि जैसे फुटबाल अपनी ओर आते देख गोलकीपर उछलने लगता है।

इस तरह की राजनीति की शुरुआत इस देश में शायद पहली बार श्रीमती इंदिरा गांधी ने की। वे संकट को गुब्बारे की तरह फुलने देती और एक दिन अपने व्यक्तित्व का चमत्कार दिखा उसकी हवा निकाल श्रेय लूट लेती और राजनीति पर छा जाती। पंजाब का संकट भी शायद इसी चक्कर में उभारा गया था। पर वह गले की मुसीबत बन गया जो आज तक है।

देखा गया है कि जिले में कहीं असंतोष हुआ, प्रदर्शित हुआ, अखबारों में व्यक्त होने लगा, तो उसकी आरंभिक अवस्था में ये जिला अधिकारी चुप बैठे रहते हैं और कुछ नहीं करते। इस बीच यदि कोई ज्ञापन लेकर मिलने आए तो उससे रूखा बर्ताव करते हैं। असंतोष बढ़ता है, लोग हड़ताल प्रदर्शन करते सड़कों पर आ जाते हैं, तब जिला अधिकारी साहब की बांछे खिल जाती।

दूसरी ओर मुझे लगता है कि संकट से मजबूत होकर उभरने की यह मूर्खतापूर्ण धारणा अमेरिका, इंग्लैंड जैसे देशों की देन है। वे मीडिया पर आधारित राजनीति करते हें। संकट के समय जब अखबारों में टीवी पर कोई मुद्दा तूल पकड़ा है, वे उसे बढ़ने देते हैं और फिर एक्शन में आ यश प्राप्त करते हैं।

भारत में संकट के समय मित्रों की पहचान न होती है। अमेरिका में संकट के समय राष्ट्रपति की पहचान होती है।

मजबूत उभरने के लिए आखिर कोई संकट तो चाहिए ना।

विविध

अजब दुनिया-गजब खबरें

जब सुरंग में यात्रियों के साथ गायब हो गई ट्रेन, दुनिया के लिए आज भी है रहस्य

धरती पर कई रहस्यमयी घटनाएं घटी हैं जो आज तक लोगों के लिए रहस्य हैं। वैज्ञानिकों ने इन रहस्यों को सुलझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन उनको भी सफलता नहीं मिली। इन रहस्यमयी घटनाओं से जुड़ी कई कहानियां लोगों के बीच प्रचलित हैं। वैज्ञानिक भले ही इन रहस्यों से पर्दा नहीं उठा पाए हों, लेकिन ये घटनाएं हमेशा लोगों के लिए कौतूहल का विषय बनी रहती हैं।

इन रहस्यमयी घटनाओं में साल 1911 में घटी एक घटना भी शामिल है। साल 1911 में एक ट्रेन सुरंग में प्रवेश करते ही रहस्यमयी तरीके से गायब हो गई। इस ट्रेन में 106 लोग सवार थे। सुरंग में गायब हुई ट्रेन का आज तक पता नहीं चल पाया है कि आखिर कहां लापता हो गई? इस रहस्यमयी घटना से अभी तक पर्दा नहीं उठाया जा सका है। आइए जानते हैं इस रहस्यमयी घटना से जुड़े रोचक तथ्य।

यह रहस्यमयी घटना इटली की राजधानी रोम की है। साल 1911 में रोमन स्टेशन से ट्रेन रवाना हुई थी जिसका नाम जेनेटी था। ट्रेन को एक सुरंग से होकर अगले स्टेशन तक जाना था, लेकिन ट्रेन सुरंग में घुसते ही अचानक लापता हो गई। ट्रेन को बहुत खोजा गया, लेकिन उसका पता नहीं चला।

लापता होने के बाद ट्रेन में सवार दो लोग सुरंग के बाहर पाए गए थे। उन्होंने एक बात ऐसी चौंकाने वाली घटना के बारे में बताया जिसके बारे में जानकर हर किसी के होश उड़ गए। उन्होंने बताया था कि ट्रेन सुरग के पास पहुंची तो वहां से एक रहस्यमयी धुंआ निकलता हुआ दिखाई दे रहा था जिसके बाद दोनों लोग घबराकर ट्रेन से कूद गए। इसके बाद ट्रेन सुरंग में चली गई और कभी वापस बाहर नहीं आई।

इस रहस्यमयी घटना के बारे में जो बातें बताई जाती हैं वो और भी हैरान करने वाली हैं। बताया जाता है कि यह ट्रेन अपने समय से 71 वर्ष पीछे यानी कि भूतकाल में चली गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जाता है कि सुरंग में गायब होने वाली ट्रेन 1840 में मेक्सिको जा पहुंची थी। इसकी वजह से इस ट्रेन को लोग भूतिया ट्रेन भी कहते हैं।

मेक्सिको की एक डॉक्टर ने हैरान करने वाला दावा किया था। महिला ने कहा था कि उसके अस्पताल में 104 लोगों को रहस्यमयी तरीके से भर्ती कराया गया था, लेकिन सभी लोग पागल हो चुके थे। महिला ने बताया था कि उन लोगों का कहना था कि सभी अस्पताल तक ट्रेन से पहुंचे थे।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उस समय कोई भी ऐसी ट्रेन नहीं थी जो सीधे रोम से मेक्सिको तक जाए। सबसे हैरान करने वाली बात यह भी है कि इन लोगों के मेक्सिको जाने का कोई रिकॉर्ड भी नहीं था। यह रहस्यमयी घटना दुनिया के लिए आज तक रहस्य है।

हालांकि रहस्यमयी तरीके से सुरंग में गायब हुई ट्रेन को इटली, रूस, जर्मनी और रोमानिया के कई इलाकों में देखे जाने का दावा किया जाता है। साल 1911 में गायब हुई ट्रेन की तरह ट्रेन को देखने का लोग दावा करते हैं।

इतिहास के झरोखे में आज का दिन

1519: पनामा शहर बनाया गया।
1564: महान खगोलशास्त्री गैलीलियो गैलिली का जन्म।
1764: अमेरिका में सेंट लुईस शहर की स्थापना हई।
1869: उर्दू के प्रसिद्ध कवि और लेखक मिर्जा गालिब असद उल्लाह बेग खान का निधन।
1854: ईस्ट इंडिया रेलवे ने कलकत्ता (अब कोलकाता) से हुगली तक पहली यात्री ट्रेन चलाई, हालांकि आधिकारिक तौर पर इसका संचालन 1855 में शुरू हुआ।
1886: भारत के महान संत एवं विचारक गुरु रामकृष्ण परमहंस उर्फ गदाधर चटर्जी का निधन।
1947: भारत को अंग्रेज़ों की हुकूमत से आजादी मिली।
1947: पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
1947: रक्षा वीरता पुरस्कार-परमवीर च , महावीर च और वीर च की स्थापना।
1975: बांग्लादेश में सैनिक ंति।
1950: भारत में 8.6 के तीव्रता वाले भूकंप के कारण 20 से 30 हजार लोग मारे गए।
1971: बहरीन ब्रिटेन के शासन से आजाद हुआ।
1972: पोस्टल इंडेक्स नंबर अर्थात पिन कोड लागू किया गया।
1982: राष्ट्रव्यापी रंगीन प्रसारण और टीवी के राष्टीय कार्य म की शुरुआत
1990: जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश का सफल प्रक्षेपण।
2004: लारा सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।
2007: दक्षिण अमेरिकी देश पेरु के मध्य तटीय इलाके में 8.0 तीव्रता के भूकंप से 500 से ज्यादा लोगों की मौत।

'ऐसा क्यों?'

Ç॥. ब्मेनड॰ श्डङ थ्डफॅभि द्वडॅड फ्प्फ ख्रि- षच्ह्म्र्ी॔ थ्ड ख्रड ऋ?ह ोषइ तेडऋष इ१ ङडडे षझे ऋथ्ड ि्सूडे॔ भि न्ड्ड थ्डड॰ङ्क फषइ थ्ड डलख्राी ॅड ि डि फष झ्ख्रडॅऋषर्झ ्ङ्कऋ फषझे थ्ष इ्भॅ्ल ख्रड षइडॅश्डड्ड, थ्षइ॰- ऋडिषेइडॅ॰ न्भ्ऋ न्डभि ब्मेनड॰ भि ो॔ थ्ड ख्रड ऋ?ह षच्ह्म्र्ी ष इ डख्र १ सू्ट फषइख्रडङ्क फषइे डि थ्डडलख्राी ू भ॔ड ि ड॰ षइ॰ फत्रिम्र॰ ऋ षइडख्र॰ षर्झेड न्ङ्क उथ्षइड ख्रड थ्ि न्ङ्क?



आचार्य 108 डा. श्री प्रणामसागर जी

आज के बच्चे प्रेम विवाह क्यों कर रहे हैं?

पारिवारिक प्रेम का अभाव प्रेम विवाह करने के लिए मजबूर कर देता है। प्राचीन काल में परिवार मर्यादा में रहकर, धर्म के अनुसार आचरण किया करता था। संपूर्ण परिवार एक छत के नीचे रहकर धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण किया करता था। बड़े-बुजुर्ग धार्मिक कहानियों से बच्चों का मनोरंजन कराया करते थे। बहू-बेटियां कभी भी घर की दहलीज का उल्लंघन नहीं करती थीं। पति परमेश्वर की मेहनत से पूरे परिवार का भरण-पोषण होता था। पहले पूरा परिवार प्रेम, करुणा, वात्सल्य से सराबोर रहा करता था। लेकिन वर्तमान भौतिकता ने नैतिक आचरण पर अपना अधिकार जमा लिया है। बचपन से ही बच्चे माता-पिता की ममता को भूलकर टीवी, सिनेमा का सहारा ले लेते हैं। शिक्षा क्रांति में बालक-बालिका समान रूप से शिक्षित होकर पारिवारिक जिम्मेदारी को भूल रहे हैं। घर की देहली को हटाकर संपूर्ण परिवार को स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार मिल गया है। बड़े-बुजुर्गों को परिवार से दूर रखकर नौकरों को पनाह दी जा रही है। बालक-बालिकाओं को जात-पॉत के भेद को मिटाकर अंग्रेजी नीति का ज्ञान दिया जा रहा है। पहले हिन्दू, हिन्दरू परिवार देखकर विवाह



करता था, मुस्लिम, मुस्लिम परिवार से ही निकाह करता था, सिख संप्रदाय सिखों से ही शादी किया करते थे। ईसाई सम्प्रदाय ईसाइयों में ही शादी मनाया करता था और जन सम्प्रदाय भी जैन कुल देखकर अपने बच्चों का विवाह करता था। लेकिन पाश्चात्य परंपरा की अंधी दौड़ में बालक-बालिका हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन परंपरा को भूलकर शिक्षित परंपरा के साथ विवाह करने के लिए तैयार हो रहे हैं। भौतिक पाश्चात्य शिक्षा की नैतिक परंपरा से दूर कर प्रेम विवाह की ओर जाने के लिए प्रेरित कर रही है।

इसके अलावा प्रेम विवाह में टीवी, सिनेमा, मिथ्या चित्रों का सबसे बड़ा योगदान है क्योंकि हमारे घरों में जिस भगवान का चित्र लगा होता है, हमारा चित्त भी उसी के अनुसार हो जाता है। इस चित्त में आए विचारों को चरितार्थ करने के लिए उसी भगवान को मानने वाले भक्त से प्रेम विवाह कर लेते हैं। अगर आप अपने परिवार को पारंपरिक रखना चाहते हो तो जाति परंपरा के अलावा कोई मिथ्या चित्र घर पर नहीं लगे होना चाहिए।

रात को सोने के पहले चारों प्रकार के आहार का त्याग क्यों करना चाहिए?

आहार का प्रभाव मन के विचारों पर पड़ता है। हम सारे दिन आहार की तलाश में विहार करते रहते हैं। क्योंकि आहार शरीर को चलाने का मुख्य आयाम है। इसके बिना शरीर स्वतंत्र कार्य नहीं कर सकता है। विश्राम के समय शरीर शिथिल हो जाता है और मन प्रबल रूप से अपना कार्य प्रारंभ कर देता है। हमने दिनभर में जो कार्य किए हैं वह मन के द्वारा स्वप्न में स्वतंत्र रूप से चला करते हैं। इस अवस्था में भोजन का त्याग नहीं हुआ तो मन चौबीस घंटे भोजन से जुड़ा रहेगा। भोजन की आसक्ति में मन में अध्यात्म का आनंद प्राप्त नहीं हो पाएगा।

ध्यान रखना- जागृत अवस्था में हम अपना बचाव कर सकते हैं लेकिन अर्धमृतक नींद अवस्था में मृत्यु निश्चित है। यदि त्याग के बिना मृत्यु आ जाती है तो निश्चित रूप से हमें गर्दन झुकाकर तिर्यंच में जन्म लेना होगा। वहां सदैव ध्यान भोजन पर ही रहेगा। जैन ग्रंथ में लिखा है जो श्रावक रात्रि काल में खाद्य, स्वाद, लेह, पेय चार प्रकार के आहार का त्याग करता है उसे माह में पंद्रह दिन के उपवास का लाभ अपने आप प्राप्त हो जाता है।

त्यागपूर्वक मरण समाधिमरण स्वरूप कहलाता है। इसलिए रात्रि सोने से पहले चारों प्रकार के अन्न का त्याग कर अपने विचारों में भगवान के स्वरूप को धारण कर शुभरात्रि में परिवर्तित करें।

17 से इन 5 राशियों का जाग जाएगा भाग्य, सूर्य के तेज से होंगे हर एक काम

ज्योतिष गणना के अनुसार, ग्रहों का राजा सूर्य 17 अगस्त को कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश कर रहा है। सूर्यदेव देर रात 01 बजकर 05 मिनट पर कर्क राशि से सिंह राशि में गोचर करेंगे। सूर्य इस राशि में 17 सितंबर 2022, शुक्रवार देर रात 01 बजकर 02 मिनट तक रहेंगे और फिर अपना पुनः गोचर करते हुए कन्या राशि में विराजमान हो जाएंगे। सूर्य के इस गोचर का असर हर राशि के जातकों के जीवन पर पड़ेगा। लेकिन इन पांच राशियों की किस्मत सातवें आसमान में होगी।

मेष राशिः सूर्य इस राशि में पांचवें स्थान में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार के साथ आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में दोगुना लाभ मिलेगा। वहीं जो जातक नई नौकरी की तलाश में है अब उनकी तलाश पूरी होगी।

मिथुन राशिः इस राशि में सूर्य तीसरे भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में व्यक्ति को हर काम में सफलता प्राप्त होगी। परिवार के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही नौकरी और बिजनेस में अपार सफलता मिलेगी।

कर्क राशि : इस राशि में सूर्य दूसरे भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। छात्रों के लिए यह गोचर अच्छा साबित होगा। नई नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को सफलता मिलेदा। व्यापार में भी पूरा मुनाफा मिलेगा।

तुला राशि : इस राशि में सूर्य ग्यारहवें भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों को समाज में मान-सम्मान के साथ यश की प्राप्ति होगी संतान पक्ष की ओर से कोई शुभ समाचार मिलेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में मेहनत कर रहे छात्रों को सफलता हासिल होगी।

मीन राशिः इस राशि में सूर्य छठे भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों का वर्चस्व चारों ओर फैलेगा। कार्यस्थल में आपके काम की तारीफ होगी। नौकरी में अच्छा रिजल्ट मिलेगा।

मेष राशि वालों के लिए मूंगा रत्न माना जाता है शुभ

ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली में ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर व्यक्ति के भविष्यफल का आकंलन किया जाता है। वहीं ज्योतिष शास्त्र की तरह रत्न शास्त्र का भी विशेष महत्व है। ग्रहों से संबंधित रत्न धारण करना बेहद शुभ माना गया है।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, मंगल को मेष राशि का स्वामी ग्रह माना गया है। मंगल ग्रह मूंगा रत्न से संबंधित हैं। मेष राशि के जातकों को मंगलवार के दिन लाल मूंगा रत्न को अपने दाएं हाथ की तर्जनी या सबसे छोटी अंगुली (कनिष्ठा) में धारण करना चाहिए। ध्यान रहे कि किसी भी रत्न को धारण करते समय ज्योतिषीय सलाह लेना जरूरी होता है। मान्यता है कि मूंगा रत्न व्यक्ति को कई चीजों में सफलता दिलाने में मददगार साबित होता है। माना जाता है कि अगर कोई जातक सही समय पर, सही भार का और सही विधि से मूंगा रत्न धारण करता है तो ये रत्न उसे धनवान भी बना सकता है।

मूंगा रत्न धारण करने से साहस व आत्म विश्वास में वृद्धि होती है। मानसिक तनाव पर काबू पाने के लिए मूंगा रत्न लाभकारी होता है। किसी व्यक्ति को रक्त से संबंधित दिक्कत होने पर मूंगा रत्न धारण करने से लाभ मिलता है। मूंगा रत्न को मेष, वृश्चिक, सिंह, धनु व मीन राशि के लोग धारण कर सकते हैं।

महापुरुष इस मन को अर्पित करता है

सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी

जिस तरह से एक लालटेन के ऊपर कोई पतंगा, कोई कीड़ा बैठा हुआ है। उस पतंगे का अक्स, उसकी परछाई, सामने दीवार के ऊपर पड़ती है। अगर हम कहें कि उस दीवार पर बैठे पतंगे को हटाना है और हम कोई झाड़ू ले लें, कोई सोटी (डंडा) ले लें या हाथ से ही उसे हम दीवार से हटाना चाहें, तो वह नहीं हटेगा, वह वहीं पर रहेगा। क्योंकि वह पतंगा दीवार पर नहीं बैठा हुआ है, वह लालटेन पर बैठा हुआ है। उसे लालटेन से हटाएंगे तो वह खुद-ब-खुद दीवार से भी हट जाएगा।

इसी तरह से जो भी लालसाएं, तृष्णाएं हैं, ये मन में बैठी हुई हैं। मन में ही अभिमान होता है, मन ही सचिंत होता है। बैठे कहीं होते हैं, यह मन कहां की सोच रहा होता है, कहां पर इसका ध्यान लगा होता है। महापुरुष इस मन को अर्पित करता है। हम चाहे कुछ भी अर्पित कर देते हैं, दान पुण्य भी कर देते हैं, लेकिन मन में अभिमान बना हुआ है, तो महापुरुषों ने कहा

कबीर माया तजिआ, मानु तजिआ न जाई।

अगर सब कुछ अर्पित कर दिया, लेकिन मन का ये अभिमान बना रहा तो कुछ भी बनने वाला नहीं। हमें मन को समझाना है। अगर हम मन को अपने फर्जों की अदायगी करते हुए एक प्रभु के साथ जोड़ लेते हैं, तो हम फिर भी निर्लिप्त रह सकते हैं, एक निर्लेप अवस्था वाले हो सकते हैं।माया में मन ही फंसा करता है। शरीर तो खुद ही माया का पुतला है। इसीलिए सन्तों ने कहा है कि-

जो किछु किया सो मन कीआ मूंडा मूंडु आ जाइ।

अगर इस मन के ऊपर हम हावी नहीं, तो फिर यह ऐसे नाच नचाता है, जैसे बेलगाम का घोड़ा। जिस घोड़े के लगाम नहीं होती, वह घोड़ा हावी होता है और सवार उसके अधीन होता है, लेकिन जिसकी लगाम है और सवार का लगाम पर कंट्रोल है, तो फिर सवार हावी होता है और घोड़ा उसकी मर्जी के मुताबिक चलता है। सांसारिक त्याग की भावना तो ऐसी है, जैसे यह कहनाकि घोड़े से गिरने का खतरा होता है, अतः घोड़े की छुट्टी करो। लेकिन घोड़ा एक अच्छी सवारी भी है, घोड़ा हमारे कई काम भी करता है, उसे त्यागना नहीं है, घोड़े को कंट्रोल मे रखना है। तभी महापुरुष कहते हैं कि यह ज्ञान समझे खम्भा है, और मन है बन्दर। बन्दर कहीं भी जा सकता है, लेकिन अगर ब्रह्मज्ञान रूपी खम्भे से बन्दर को बांध दो, तो वह बन्दर वहीं बैठ जाता है। मन को वश करने के लिए ही हमें साधसंगत की आवश्यकता होती है। हमारा ध्यान इस दातार के साथ जुड़ा रहे।

पंचांग

सोमवार, 15 अगस्त, 2022, सूर्योदयः 05:49 ए एम, सूर्यास्तः 07:05 पी एम, चन्द्रोदयः 09:28 पी एम, चन्द्रास्तः 09:05 ए एम, शक सम्वतः 1944 शुभकृत, विक्रम सम्वतः 2079 राक्षस, गुजराती सम्वतः 2078 प्रमादी, अमान्त महीनाः श्रावण, पूर्णिमान्त महीनाः भाद्रपद, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः चतुर्थी - 09:01 पी एम तक, नक्षत्रः उत्तर भाद्रपद - 09:07 पी एम तक, योगः धृति - 11:24 पी एम तक, करणः बव - 09:42 ए एम तक, द्वितीय करणः बालव - 09:01 पी एम तक, सूर्य राशिः कर्क, चन्द्र राशिः मीन, राहुकालः 07:28 ए एम से 09:08 ए एम, गुलिक कालः 02:07 पी एम से 03:46 पी एम, यमगण्डः 10:48 ए एम से 12:27 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:01 पी एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:54 पी एम से 01:47 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:33 पी एम से 04:26 पी एम, अमृत कालः 04:29 पी एम से 06:01 पी एम, वर्ज्यः 07:12 ए एम से 08:45 ए एम।

भविष्य फल

मेषः	आप किसी नतीजे या फैसले का इंतजार कर रहे हैं तो शांति रखें, सब ठीक हो जाएगा।
वृषः	आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा में इजाफा होगा। रुका हुआ व उधार दिया हुआ रुपया प्राप्त होगा। आप न्याय एवं सिद्धांतों को प्राथमिकता देंगे।
मिथुनः	आज आपका कुछ बढ़िया खाने का मन करेगा और पैसे को लेकर स्थिति आज अच्छी होगी। कहीं से रुका हुआ, पैसा वापस आने से हर्ष होगा।
कर्कः	बिजनेस में भी सफलता मिल सकती है। भावनाओं भरा दिन होगा। कोई बड़ा फैसला भावुक होकर न लें।
सिंहः	अगर आज आप वाणी पर संयम रखेंगे तो बहुत सी समस्याओं से बच जाएंगे।
कन्याः	आप आज अपने काम में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आपका खूब मन लगेगा और आप जल्द से जल्द अपना काम निपटा लेंगे और खाली समय में अपने साथियों के साथ गपशप का भी समय निकाल लेंगे।
तुलाः	बहुत से काम आसानी से पूरे हो सकते हैं और आपका अच्छा असर लोगों पर होगा।
वृश्चिकः	आज आप जीवन के प्रति आपके नजरिये में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। प्रतिद्वंद्वी कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।
धनुः	आप अपने अनुभव और अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन लगभग सभी क्षेत्रों में करेंगे।
मकरः	बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। उन मामलों को टाल दें जिनको निपटाने में आप परेशान हो रहे हैं।
कुंभः	अचानक कुछ अच्छी खबर प्राप्त हो सकती हैं। व्यापारिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आप अधिकारियों से पूर्ण सहयोग प्राप्त प्राप्त करेंगे।
मीनः	आज आप सामाजिक मोर्चे पर चलने वाले किसी घटनाक्रम में दिलचस्पी दिखा सकते हैं। यश और कीर्ति भी प्राप्त होगी।

पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला

सबसे अलग

जैविक खेती के लिए अलख जगाने को कश्मीर से कन्याकुमारी तक की साइकिल यात्रा

एक लाख किमी से ज्यादा की साइकिल यात्रा

जैविक खेती के प्रति लोगों को जागरुक करने के मकसद से हरियाणा के नीरज कुमार कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा कर रहे हैं। इस दौरान वे एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा करेंगे। पंजाब से राजस्थान जा रही ट्रेन में कैंसर रोगियों को देख कर नीरज का मन इतना व्यथित हुआ कि उसने लोगों का रुझान फिर से जैविक खेती की तरफ मोड़ने के लिए पदेशभर में साइकिल यात्रा निकालने के निश्चय कर लिया।

जिस ट्रेन से लोग अपने इलाज के लिए पंजाब से राजस्थान जाते हैं, उस ट्रेन को कैंसर एक्सप्रेस के नाम से जाना जाता है। इस ट्रेन में यात्रा करने वाले ज्यादातर लोग कैंसर से पीड़ित ही होते हैं. इन कैंसर पीड़ितों को देख कर हरियाणा में सोनीपत जिले के गोहाना क्षेत्र के आहुलाना गांव के नीरज कुमार प्रजापति ने बीटेक के पांचवें सेमेस्टर को छोड़ कर साइकिल पर जहर मुक्त खेती के अलख जगाने की ठान ली। लोगों की अच्छी सेहत के लिए उठाए गए इस कदम को देखते हुए नीरज को 'साइकिल मैन ऑफ इंडिया' भी कहा जाने लगा है।

नीरज जानते हैं कि खेती में बढ़ते अंधाधुंध कीटनाशकों का इस्तेमाल ही कैंसर की बिमारी का सबसे बड़ा कारण है। किसानों को कीटनाशकों के इस्तेमाल के प्रति जागरूक करने के साथ ही नीरज जहां से भी गुजरते हैं, लोगों को जैविक खेती के प्रति प्रोत्साहित करते हैं, ताकि ग्रामीण बीमारियों की चपेट में आने से बच सकें। अब तक साइकिल से 48 हजार 817 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुके नीरज हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली से गुजर चुके हैं। इस दौरान वे 14 विश्व विद्यालयों, 106 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदों और 731 कृषि केंद्रों में अपना लेक्चर दे चुके हैं। महाराष्ट्र यात्रा की तैयारी कर रहे नीरज का कहना है कि उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पंजाब की जेलों में अब कुत्तों की तैनाती

पंजाब की जेलों में मोबाइल ढूंढ़ने के लिए अब प्रशिक्षित कुत्तों को तैनात किया जाएगा। जेल की कोठरियों को सूंघ कर ही यह कुत्ते बता देंगे कि मोबाइल फोन कहां छुपा कर रखा गया है। लुधियाना की सेंट्रल जेल में चार कुत्तों की तैनाती से इसकी शुरुआत भी कर दी गई है।

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश दिल्ली की तिहाड़ जेल में बैठ कर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने मोबाइल फोन के जरिए ही रची थी। इससे पहले भी ऐसे कई खुलासे हो चुके हैं, जब गैंगस्टर्स ने जेल से फोन के जरिए बाहरी दुनिया से जुड़ कर खतरनाक वारदातों को अंजाम दिया है। इसी वजह से जेल में छुपाये गए मोबाइल फोन तलाश करने के मकसद से प्रशिक्षित कुत्तों की तैनाती का फैसला किया गया है। कैदियों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल के मामले में हाल ही में पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने जेलों में जैमर लगाने के लिए हाल ही फटकार लगाते हुए पंजाब सरकार को दो हफ्ते का समय दिया था।

जेल विभाग के सीनियर अफसरों के मुताबिक मोबाइल फोन ढूंढ़ने के लिए बेल्जियम मैलिनोइस नस्ल के कुत्तों का इस्तेमाल किया जाएगा। इस नस्ल के कुत्तों को अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में भी तैनात किया जाता है। अपराधियों को पकड़वाने में इन कुत्तों की अहम भूमिका रहती है। इनकी सूंघने की क्षमता इतनी जबरदस्त होती है कि यह नौ गज की दूरी और दो फीट गहराई तक छिपे सामान को ढूंढ लेते हैं। यह कुत्ते न केवल फुर्तीले होते हैं, बल्कि किसी जगह से 24 घंटे पहले गुजरे इन्सान का भी पता लगा लेते हैं।

पंजाब की विभिन्न जेलों में इस साल अब तक 2600 से ज्यादा मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक जेलों में इस समय 42 फीसदी कैदी नशे के आदी हैं। अकेले अमृतसर की जेल में 1900 कैदियों में से 900 कैदी ड्रग्स का सेवन करते पाए गए थे।

बांट दिए कागज के पांच हजार लिफाफे

लगातार दूषित होते पर्यावरण से चिंतित पंजाब में फिरोजपुर नगर परिषद के दो दिव्यांग सफाई कर्मचारियों ने कागज के लिफाफे बना कर उन्हें बाजार में बांटने की मुहिम शुरु की है। पिछले दो महीनों में वे शहर में पांच हजार से ज्यादा लिफाफे बना कर बांट चुके हैं।

पंजाब सरकार की तरफ से सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के बाद उन्होंने कागज के लिफाफों को विकल्प के तौर पर अपनाने पर जोर दिया है। कागज के लिफाफों के अलावा वे कपड़े के थैले भी बना रहे हैं। सफाई निरीक्षक सुखपाल सिंह के मुताबिक इनमें मक्खन सिंह शारीरिक रूप से 70 फीसदी दिव्यांग है, जबकि सुख सिंह नेत्रहीन है।

कैबिनेट मंत्री फौजा सिंह सरारी ने हाल ही में इन दोनों दिव्यांग कर्मचारियों को पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए चलाई गई इनकी मुहिम के लिए सम्मानित भी किया था।

फिरोजपुर के डिप्टी कमिश्नर अमृत सिंह ने भी इन दोनों दिव्यांग कर्मचारियों के काम की तारीफ करते हुए कहा था कि अब समाजसेवी संस्थाओं को भी कागज के लिफाफे और कपड़े के थैले बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा. उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि आने वाले दिनों में शहर में कागज के लिफाफों की उपलब्धता बढ़ जाएगी।

कार्तिकेय का नाम गिनीज बुक में दर्ज

हरियाणा में झज्जर जिले के कार्तिकेय जाखड़ ने 12 साल की छोटी-सी उम्र में ही अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड बुक में दर्ज करवा लिया है। अभी वह आठवीं कक्षा का छात्र है और उसने बिना किसी की मदद के पढाई से संबंधित तीन मोबाइल एप बना दिए हैं। इसके साथ ही उसका हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में जाने का रास्ता भी साफ हो गया है।

कार्तिकेय जाखड़ के पिता अजीत सिंह पेशे से किसान हैं। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान उसके पिता ने दस हजार रुपए का एक स्मार्टफोन खरीदा था। कोडिंग के दौरान अक्सर यह फोन हैंग हो जाता था। बावजूद इसके कार्तिकेय ने यूट्यूब के जरिए अपनी पढ़ाई जारी रखी. इस दौरान कार्तिकेय ने कुल तीन एप बनाए। इनमें पहला जनरल नॉलेज से जुड़ा था। उसने इसका नाम लुसेंट जीके रखा। दूसरा एप राम कार्तिक लर्निंग सेंटर था, जो कोडिंग व ग्राफिक डिजाइनिंग सिखाता है। तीसरा एप श्री राम कार्तिक है, जो डिजिटल शिक्षा से संबंधित है।

यह एप करीब 45 हजार छात्रों को मुफ्त प्रशिक्षण दे रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने ट्वीट में 12 साल की उम्र के एप डेवलपर कार्तिकेय को बधाई देते हुए कहा है कि खेल, संस्कृति और कला के बाद अब राज्य के युवा प्रौद्योगिकी में भी हरियाणा का नाम विश्व स्तर पर चमका रहे हैं। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी कार्तिकेय को बधाई दी है।

कार्तिकेय के मुताबिक उन्हें प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया अभियान से यह प्रेरणा मिली है। कई पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके कार्तिकेय हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा पास कर चुके हैं। कम्प्यूटर साइंस से बीएससी करने के लिए कार्तिकेय को वहां पढ़ने पर वजीफा भी मिलेगा।

फिर से चमक उठेंगी घर की दीवारें

इस्तेमाल करने के बाद खराब हो चुकी काम्पेक्ट डिस्क (सीडी) के पालिकार्बोनेट प्लास्टिक से तैयार रसायन से कम लागत में इतना पक्का टिकाऊ रंग मिलेगा कि धूल साफ करते ही घर की दीवारें फिर से चमक उठेंगी। इस रंग की पुताई के बाद दीवारें जल्दी से खराब भी नहीं होंगी।

हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने यह रसायन तैयार किया है, जो विभिन्न रंगों में मिलाने पर अपना काम करता है। रसायन और पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक पंत ने शोधार्थी डॉ. अन्विता शील के साथ मिलकर संयुक्त रूप से यह इपोक्सी तैयार किया है। इसे रंगों को टिकाऊ बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

प्रो. पंत के मुताबिक ग्लिसरिन का इस्तेमाल कर यह रसायन बनाया गया है। ग्लिसरिन सस्ता उत्पाद है। यह जैव और हरित पदार्थ है। यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक नहीं है। सीडी, टप्परवेयर आदि कई पॉलीकार्बोनेट प्लास्टिक उत्पादों के व्यर्थ हो जाने की स्थिति में इनका फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है।

इसे व्यर्थ प्लास्टिक पदार्थों को ठिकाने लगाने का आसान तरीका बताते हुए प्रो. पंत ने कहा कि महंगे रसायनों के स्थान लोग इस सस्ते केमिकल का इस्तेमाल कर अपनी दीवारों पर पक्का टिकाऊ रंग हासिल कर सकेंगे। यह एक ऐसा रंग होगा, जिससे धूल साफ करने के बाद दीवारें दोबारा से चमक उठेंगी।

प्रस्तुतिः सुमित्रा

RS 1983
Steel Industries
AN ISO 9001 : CERTIFIED COMPANY
Specialists in : DISPLAY RACKS/TROLLIES
Mfrs. of : Fancy Display Racks, Restaurants Furniture & Shopping Trolley, Racks, Trollies, Basket & Fabrication of MS/SS/Aluminum
Also Undertaken Govt. & General Order Suppliers
Plot No. 130, INDUSTRIAL AREA, PHASE-2, CHANDIGARH
Contact : 9915588039, 0172-5085216
www.rssteelindustries.com Email : rs.steel148@hotmail.com

कामरी®
काला गोंद कैप्सूल

जोड़ों तथा घुटनों के दर्द में अत्यंत लाभकारी
इस देसी दवाई ने मेरे घुटनों में ग्रीस का काम किया
क्या आप जानते हैं कि पेड़ पौधों में लगने वाली गोंद घुटनों में खत्म हुई ग्रीस को बनाने का काम कर सकती हैं। जी हाँ ! मेरे डाक्टर ने मुझे कामरी काला गोंद कैप्सूल तथा पंचम गोंद कैप्सूल खाने को दिया और लगातार 4–5 महीने खाने के बाद अब मेरे घुटनों में दर्द भी नहीं है तथा कोई आवाज भी नहीं है। अगर आप भी घुटनों के दर्द से परेशान हैं तो कामरी काला गोंद कैप्सूल तथा पंचम गोंद कैप्सूल लगातार खाएंगे तो ऑप्रेशन से भी मुक्ति पा सकते हैं
नीलम, जालंधर
(Vardhan Ayurvedic) Super Stockist: Pb.- Shanti Ayurvedic Store Bathinda
Chandigarh 90419-90372, 98726-76222 Delhi 88008-25789

Breezalit
ONLY TO BRING OUT, THE LARGEST EVER RANGE OF DECORATIVE FANS
Distributor: AMRIT ELECTRICALS PRIVATE LIMITED
ELECTRIC CITY
426-A, Ind. Area,
Ph-II, Chandigarh.
P.: 4640426, 9888012838
SCO No. 26, Sector-26 Madhya Marg
Chandigarh
P.: 4630426, 9814016237
E-mail: amritelectricals@gmail.com
www.amritelectricals.in

RAYAT-BAHRA UNIVERSITY
Chandigarh-Ropar NH-205, Greater Mohali, Punjab

ADMISSIONS OPEN 2022-23
ENGINEERING & TECHNOLOGY | MANAGEMENT | COMPUTER APPLICATIONS | COMMERCE | LAW | PHARMACEUTICAL SCIENCES | AIRLINES TOURISM & HOTEL MANAGEMENT | BASIC SCIENCES | PHYSIOTHERAPY | MEDIA STUDIES | AGRICULTURE SCIENCES | JOURNALISM | SOCIAL SCIENCES | EDUCATION | MEDICAL & ALLIED SCIENCES | NURSING SCIENCES | DENTAL SCIENCES
For online admissions & detailed courses visit university website www.rayatbahrauniversity.edu.in
Admission Helpline: 97800 40777, 98888 06027


PB RERA
SAS80-PR0262
SUNNY ENCLAVE
Creating lifestyles
SPECIAL FESTIVAL OFFER
SUNNY ENCLAVE, SECTOR-124
SCO/OFFICE SPACE
PLOT SIZE 90, 100, 150 Sq. Yrd.
@14.90 Lacs onwards
Bajwa Developers Ltd. | Call: 75289-61122 88720-21122

सभी देश व प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जतिन कुमार सैनी, एडवोकेट
बीसीएस लॉ एसोसिवेट्स
पंजाब

सभी देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ROYALE
– ESTATE GROUP –
Wishes You
Happy Independence Day
15th August, 2022
MAY THE INDIAN TRI COLOR FLY HIGH
#PROUDLY INDIAN
www.royaleestategroup.com

सभी देश व प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Opinder Preet Kaur Gill
Director
Programme Generation
Saviour Association

सभी देश व प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गगनदीप सिंह
थाना प्रभारी
फेस–11, मोहाली

सभी देश व प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
DJ R Nation

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, पंजाब की ओर से सभी देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम सागर गुप्ता
प्रधान
मुकेश मित्तल
यूथ विंग प्रधान
अनीता अग्रवाल
महिला विंग प्रधान

Jay Ell
Beyond Medicines
IGIENA Premium
Frangipani Fragrance
2 IN 1
SANITIZER & MOISTURIZER
ALCOHOL FREE
IGIENA Premium
Alcohol Free Hand Sanitizer
Sanitizer + Moisturizer
For All Seasons
Kills 99.99% of Germs & Prevents Dryness
Kills Germs
Child Friendly
Moisturizing Lotion
Available at Leading Chemists & amazon Flipkart
www.jayellhealthcare.com
igienawellbeing
For all types of queries, call us at : 7399900052, 8800332020

किंगफिशर के स्टीकर लगाकर बेची जा रही उत्तराखंड की बीयर

- टेस्ट में फर्क लगने पर खरीददार ने की जांच, मामला पहुंचा एक्साइज विभाग के पास
- रिसाइकिल करते समय कंपनी से हुई गलतीः ठेका मालिक

अर्थ प्रकाश/मनिंदर मनौली

जीरकपुर, 14 अगस्त। एयरपोर्ट रोड पर जीरकपुर छत लाइटों के पास बने शराब के ठेके में बीयर की बोतल पर किंगफीशर के स्टीकर की पेस्टिंग लगाकर उत्तराखंड की बीयर बेची जा रही थी। यह मामला गांव दयालपुरा के रहने मंदीप सिंह उठाया, जिसने इस ठेके से दो बीयर की बोतलें खरीदी थी।

मंदीप ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने बीयर पीनी शुरू की, तो उन्हें किंगफीशर का टेस्ट नहीं आया, जिसके बाद उन्होंने जांच की तो बीयर की बोतल पर किंगफीशर के स्टीकर की पेस्टिंग ठीक नहीं लगी। जब उन्होंने पेस्टिंग हटाई तो नीचे उत्तराखंड में बिकने वाली बीयर का स्टीकर था, जिस पर बकायदा बैच नंबर लगा हुआ था। उन्होंने जब इसकी शिकायत ठेके के कारिंदे से की, तो उसने कहा कि इसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है।

मंदीप ने इस डबल पेस्टिंग वाले स्टीकर की वीडियो बनाई और उसे इंटरनेट व मीडिया ग्रुप में सार्वजनिक कर दिया। वीडियो सार्वजनिक होने के बाद मंदीप ने इस मामले की शिकायत एक्साइज विभाग और पंजाब के मुख्यमंत्री की ओर से जारी किए एंटी क्रप्शन हेल्पलाइन नंबर पर कर दी है, जिसकी जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि यह शराब का ठेका कुछ ठेकेदारों ने सांझे तौर पर खरीदा है, जिसके कई पार्टनर है। इस मामले की जांच एक्साइज विभाग की ओर से भी की जा रही है। हालांकि ठेके वालों ने कहा कि इस तरह की केवल दो ही बीयर उनके पास आई थी लेकिन इसे किसी ने भी सार्वजनिक नहीं किया है कि पेटी में इस तरह की ऐसी डबल पेस्टिंग वाली और कितनी बीयर थी।

> बीयर की बोतल पूरे इंडिया पर रिसाइकिल की जाती है। रिसाइकिल करते समय यह पेस्टिंग उतारी नहीं गई जोकि ठेके की नहीं, बल्कि रिसाइकिल करने वाली कंपनी की है। अगर आप उस पर बैच नंबर देखेंगे, तो वह वही बैच नंबर है, जो उन्हें जारी किया गया है। बीयर में किसी तरह की मिलावट नहीं है। यह एल-1 कंपनी से रिसाइकिल होकर आई थी।
>
> *-गौरव जैन, ठेके का हिस्सेदार*

> मामले की शिकायत उनके पास आई है। जांच की तो पता चला कि रिसाइकिल करते समय यह गलती हुई है। लुधियाना की कंपनी में बीयर की बोतल रिसाइकिल होती है। वैसे बीयर की बोतल पर अंकित हुए बैच नंबर को मिला लिया गया है। मैंने अपनी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी है। आलाधिकारियों के अगले निर्देश के बाद बनती कार्रवाई की जाएगी।
>
> *-लखमीर चंद, एक्साइज इंस्पेक्टर जीरकपुर*

चंडीगढ़। सेक्टर 46 निवासी मास्टर विवेक कुलड़िया ने 75 वा आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए घर-घर तिरंगा अपनी पीठ पर घर पर कला के माध्यम से झंडा फहराते हुए दिखाया है और कहां की आजादी का अमृत महोत्सव हमें अपने घरों पर ऑफिसों में अन्य जगह पर राष्ट्रीय झंडा लगाकर मनाना चाहिए आपको बता दें विवेक विभिन्न अवसरों पर अपनी पीठ पर कला के माध्यम से जागरूक करते रहते हैं। विवेक इन्फेंट जीसस कॉन्वेंट स्कूल कक्षा चार में पढ़ता है अंजली आर्य ने विवेक की पीठ पर पेंटिंग की है।

सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने पर 9 के खिलाफ हुई कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 14 अगस्त। चंडीगढ़ पुलिस ने सर्वजनिक स्थलों पर शराब पीने को लेकर लगातार अभियान चला रखा है। पुलिस उक्त मामलों में लगातार आरोपियों की धरपकड़ कर रही है। वही शुक्रवार को पुलिस ने एक अभियान चलाकर अलग अलग से मामलों में 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

केस नंबर-1: जानकारी के मुताबिक पता चला है कि शुक्रवार को थाना इंडस्ट्रीएल एरिया पुलिस एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस गांव दड़वा के एक होटल के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि आरोपी सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा कर दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनी माजरा के रहने 38 वर्षीय सुरेश कुमार के रूप में हुई है।

केस नंबर-2: जानकारी के मुताबिक थाना 26 पुलिस 12 अगस्त को एरिया में पेट्रोलिग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 28 की मार्केट की पिछली साइड पहुंची तो पुलिस ने देखा कि दो आरोपी सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया पकड़े गए आरोपियो की पहचान मोहाली के रहने वाले साहिब लाल और हिमाचल के हमीरपुर के रहने वाले सनी के रूप में हुई है।

केस नंबर-3: थाना 26 पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना पुलिस 12 अगस्त को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस गवर्नमेंट टॉयलेट सेक्टर 26 के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे हैं। जिनमें लुधियाना के रहने वाले निर्भय, अमरजीत, चरणजीत सिंह पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

केस नंबर-4: थाना 26 पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान खरड़ के रहने वाले हर्षदीप के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि पुलिस शुक्रवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 26 मार्केट की पिछली साइड पहुंची तो पुलिस ने देखा कि आरोपी सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

केस नंबर-5: थाना आईटी पार्क पुलिस ने सर्वाधिक स्थल पर शराब पीने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शास्त्री नगर मणिमाजरा के रहने वाले इंदल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना पुलिस शुक्रवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस भगवानपुरा चंडीगढ़ के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा जी वाइन शॉप के पास आरोपी सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

केस नंबर-6: जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना मलोया पुलिस शुक्रवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जा पुलिस मलोया बस स्टैंड के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि डडू माजरा का रहने वाला प्रशांत सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मनाया

चंडीगढ़ (अन्ना)। 75वां स्वतंत्रता दिवस पूरे देश मे धूमधाम से मनाया जा रहा है! इस उपलक्ष मे पूरी मार्किट 23, चंडीगढ मे हर शॉप को तिरंगे से सजाया गया है! शनिवार को ब्राइट ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन और चंडीगढ सराफा एसोसिएशन ने सोहाना अस्पताल मोहाली तथा जीएमएसएच-16 के सहयोग से मुफ्त कोरोना बूस्टर डोज केम्प और मेमोग्राफी कैंप लगाया! जिसमे 168 लोगों ने कोरोना का टिका लगवाया तथा 23 महिलाओ ने मेमोग्राफी का टेस्ट करवाया! मार्किट के प्रेसिडेंट मनोज बजाज ने सफल आयोजन के लिए अपनी सभी का आभार प्रकट किया!

सेक्टर-30 के निवासियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

चंडीगढ़ (अप्रस)। देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आज़ादी के अमृत महोत्सव पर 'हर घर तिरंगा' मुहिम पर एक राष्ट्र, एक भावना, एक पहचान, इस लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए आज सेक्टर 30 के निवासियों द्वारा श्री शिव शक्ति मंदिर, चंडीगढ़ के सामने सुबह 7-00 बजे तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया इस अवसर पर यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेविका एवं लेखिका मंजू मल्होत्रा फूल द्वारा किया गया। राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए और ध्वज संहिता का पालन करते हुए बड़ी धूमधाम से तिरंगा यात्रा शुरू हुई। सब लोग इस पल से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए थे। भारत माता की जय, जय हिंद,जय भारत एवं वंदे मातरम के नारे यात्रा के शुरू से लेकर अंत तक गूंजते रहे। इस यात्रा में महिलाएं, पुरुष तथा बच्चे भी शामिल थे। हाथ में अपना राष्ट्रध्वज लिए सभी गौरवान्वित महसूस किया यात्रा के मध्य में सभी देशभक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई इस अवसर पर राजेश बिट्टू पूर्व डिप्टी मेयर, राजेंद्र नेगी, रवि रावत,ईश्वर शर्मा, महिला संकीर्तन मंडल एवम गणमान्य लोग उपस्थिति रहे। यात्रा के अंत में सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

श्री सुखमनी ग्रुप ने तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा आंदोलन को किया मजबूत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

डेराबस्सी, 14 अगस्त। श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस श्री सुखमनी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डेराबस्सी ने भारत की आजादी के 75 वें वर्ष को राष्ट्रीय ध्वजारोहण नियमों का पालन करते हुए तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर पूरे उत्साह के साथ मनाया। हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा' आंदोलन को मजबूत करने के लिए, श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संकाय और कर्मचारियों ने लोगों को घर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इस अभियान में भाग लिया। भारत की स्वतंत्रता। एसएस जीआई के विभिन्न संस्थान (श्री सुखमनी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, श्री सुखमनी पॉलिटेक्निक, श्री सुखमनी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, श्री सुखमनी इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट और श्री सुखमई डेंटल कॉलेज) सभी प्राचार्यों के साथ उनके स्टाफ ने समारोह में भाग लिया

इस अवसर पर एसएसजीआई के अध्यक्ष प्रो. कंवलजीत सिंह, निदेशक दमनजीत सिंह और मुख्य प्रशासक प्रो रशपाल सिंह भी उपस्थित थे और उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए हर घर तिरगा आंदोलन को और मजबूत करने की अपील की। उन्होंने उन लोगों के प्रयासों को भी याद किया जिन्होंने स्वतंत्र भारत के लिए एक ध्वज का सपना देखा था। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद संकाय कर्मचारियों और छात्रों को मिठाई बांटी गई

संत निरंकारी मिशन ने शहर में लगाए 250 पौधे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 14 अगस्त। आज सन्त निरंकारी मिशन की चण्डीगढ ब्रांच के संयोजक और सैक्टर 15,45,40 एरिया के मुखीयों, सेवादल के अधिकारीयों व सेवादल के सदस्यों ने मिलकर सैक्टर 47 चंडीगढ़ के पार्क में 150 पौधे लगाए गए और इसके इलावा मनिमाजरा में भी कमेटी सैन्टर के नजदीक वाले पार्क में 100 पौधे मनीमाजरा ब्रांच के इचार्ज श्री अमरजीत सिंह जी व सेवादल के सदस्यों ने मिलकर लगाए ।

भारत की स्वतंत्रता के 75 वें अमृत महोत्सव दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अर्बन ट्री क्लस्टर' अभियान का शुभारम्भ किया गया। वननेस वन नाम की इस परियोजना को सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से संपूर्ण भारत के राज्यों में विशेष स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लाखों की सख्या में वृक्षों का रोपण किया गया । इस महा अभियान में संत निरंकारी मिशन के सेवादारों एवं श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आज जब पृथ्वी ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या से जूझ रही है, तो ऐसे समय में वृक्षारोपण का महत्व ओर अधिक ब? गया है। वर्ष 2020 से कोरोना संकट ने हम सभी को प्रकृति की अमूल्य देन, प्राण वायु अर्थात् ऑक्सिजन के महत्व को समझा दिया है। साथ ही इसकी कमी से उत्पन्न होने वाले सभी दुष्प्रभावों से हमें भली भांति अवगत भी करा दिया है। ज्ञात रहे कि मनुष्य का जीवन जिस प्राण वायु पर आधारित है वह हमें इन वृक्षों के माध्यम द्वारा ही प्राप्त होती है।

इस अवसर पर स्थानीय संयोजक श्री नवनीत पाठक जी ने बताया कि इस अभियान का शुभारम्भ पिछले साल 21 अगस्त को सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने कर कमला द्वारा किया था। जहां पूरे भारत वर्ष के 350 स्थानों पर लगभग 1,50,000 के करीब वृक्षों का रोपण किया गया था।

मोबाइल स्नैचिंग के मामले में आरोपी और उसका साथी काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 14 अगस्त। थाना-इंडस्ट्रीएल एरिया पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग के मामले में आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब के जिला मानसा के रहने वाले 23 वर्षीय हरबंस सिंह और उसके साथी पंजाब के जिला बठिंडा के रहने वाले 22 वर्षीय काका सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि हाल ही में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना इंडस्ट्रीएल एरिया के प्रभारी इंस्पेक्टर राम रतन शर्मा की सुपरविजन में बनाई गई टीम ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने मामले का खुलासा किया

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्नैचिंग किया गया मोबाइल फोन उसके साथी से आधार कार्ड की फोटोकॉपी बरामन्द की है।

मनीमाजरा मदरसे के बच्चों ने निकाली तिरंगा पदयात्रा

डीएसपी रामगोपाल, व एसएचओ जसपाल सिंह, पूर्व पार्षद हाजी खुर्शीद ने दिखाई हरी झंडी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 14 अगस्त। मनीमाजरा मदरसे से आजादी के 75 वे गणतंत्र दिवस के मौके पर तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य मेहमान डीएसपी रामगोपाल, रहे तथा उनके साथ एसएचओ जसपाल सिंह, माइनोरिटी मोर्चा भाजपा के सह प्रभारी हाजी खुर्शीद सलमानी, माइनॉरिटी मोर्चा चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष चांद मियां, मुख्य रूप से मौजूद रहे, इस मौके पर डीएसपी रामगोपाल ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की, और यात्रा की अगुवाई।

मदरसे के प्रिंसिपल मौलवी इमरान, ने की इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए चांद मियां माइनॉरिटी मोर्चा के उपाध्यक्ष ने बताया कि देश 75 वा आजादी का गणतंत्र दिवस मना रहा है और, और आज मनीमाजरा मदरसे से यह तिरंगा यात्रा यह दर्शाती है कि, देश में देशभक्ति का जुनून कितना भरा हुआ है हर किसी के सीने में, और छोटे-छोटे बच्चों ने आज यह तिरंगा यात्रा निकालकर, देश को एकजुटता का संदेश दिया है, इस मौके पर मध्य प्रदेश के सह प्रभारी माइनोरिटी मोर्चा हाजी खुर्शीद सलमानी, ने सभी बच्चों की हौसला अफजाई की और मदरसे की तारीफ की कि आने वाले दिनों में भी वह इसी तरीके से कार्य करता रहे इस मौके पर मुख्य रूप से मौलाना शकील, पूर्व मेयर गुरचरण दास काला, मौलाना इमरान, डॉक्टर खालिद, नोमान कादरी, शमीम अहमद, आरिफ ,इमरान मंसूरी, नौशाद अहमद, दिलशाद अहमद मौजूद रहे।

कार्यक्रम

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल से बड़ी संख्या में बाजीगर समुदाय ने भाग लिया

गोबिंद सागर झील में डूबे युवकों की अंतिम अरदास में बडी संख्या में लोगों ने की शमूलियत

- धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के नेताओं ने भी साझा किया अपना दुख

अर्थ प्रकाश/मनिंदर मनौली

बनूड़, 14 अगस्त। बनूड के वार्ड नंबर ग्यारह की मीरा शाह कॉलोनी के बाजीगर समुदाय के सात युवक पवन कुमार, रमन कुमार, लाभ सिंह, लखवीर सिंह, अरुण, विशाल व शिवा, जिनकी एक अगस्त को ऊना के पास गोबिंद सागर झील में डूबने से मौत हो गयी थी, आज बनूड की अनाज मंडी में उनके सयुंक्त अंतिम अरदास समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल से बड़ी संख्या में बाजीगर समुदाय ने भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, वाणिज्यिक और अन्य संगठनों के नेताओं ने भी भाग लिया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

अंतिम अरदास के अवसर पर गरुड़ पुराण के पाठ के बाद आरती की गई। इसके बाद बाजीगर समुदाय के एमसी भजनलाल ने अंतिम अरदास समारोह में शामिल सभी पक्षों व समाज का आभार जताया। भोग के अवसर पर बाबा दिलबाग सिंह ने लंगर लगाया। इस मौके अमेरिका से रमेश कुमार ने सात युवकों के परिजनों के लिए 20-20 हजार की राशि भेजी। प्रख्यात समाजसेवी एसएमएस संधू ने सभी परिवारों को 5100-5100 की आर्थिक सहायता प्रदान की। व्यापार मंडल बनूड द्वारा भी वित्तीय सहायता दी गई। ट्रक यूनियन बनूड द्वारा 50 हजार की राशि भेंट की गई। इस मौके पर राजपुरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक नीना मित्तल, पूर्व विधायक हरदयाल सिंह कंबोज, भाजपा नेता हरजीत सिंह ग्रेवाल व जगदीश कुमार जग्गा, अकाली दल नेता चरणजीत सिंह बराड़ व एडवोकेट सिमरनजीत सिंह चंदूमाजरा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्भय सिंह मिल्टी, नगर अध्यक्ष कुलविंदर सिंह भोला, बसपा नेता जगजीत सिंह छडबड, आप लोकसभा प्रभारी इंद्रजीत सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष जगतार सिंह कंबोज, पूर्व अध्यक्ष हरबंस लाल उत्तम, लक्ष्मण सिंह चंगेरा, जसविंदर सिंह जस्सी, पार्षद प्रीति वालिया, अवतार बबला, सोनी संधू, एडवोकेट बिक्रमजीत पासी , किरणजीत पासी, सतनाम सिंह जलालपुर, लकी बाजवा, हरियाणा बाजीगर कल्याण संघ के अध्यक्ष नागर राम, महंत अमरीक सिंह सुरल कलां आदि ने परिवार के साथ अपना दुख साझा किया।

पंजाब सरकार की सहायता राशि कम

कांग्रेस के पूर्व विधायक हरदयाल सिंह कंबोज और अकाली नेता चरणजीत सिंह बराड़ ने इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मृतकों के परिवारों के लिए घोषित एक-एक लाख की राशि बहुत कम है। उन्होंने कहा कि यदि हिमाचल सरकार प्रत्येक को चार-चार लाख का मुआवजा दे सकती है, तो पंजाब सरकार को इन गरीब परिवारों को दस-दस लाख की आर्थिक सहायता और परिवार के प्रत्येक सदस्य को सरकारी नौकरी देनी चाहिए।

युवामन, करियर

सहेज लें रिश्तों को

एक जमाना था जब प्यार के मायने इबादत होते थे। किसी लड़के का किसी लड़की से मिलना या फिर लड़की का लड़के से मिलना उनके जिंदगी की उपलब्धि बन जाती थी, हालांकि आज समय बदल चुका है और इंटरनेट के जमाने में दिलों की बात वाया ईमेल ही आती जाती हैं। खुशकिस्मती रही तो इस दौरान यह अनजाना सा रिश्ता विवाद बंधन तक भी पहुंचता है लेकिन समय बीतने पर छोटी-छोटी बातों को लेकर दरार कायम होने लगती हैं क्या इससे बचा नहीं जा सकता?

प्यार में आप जितना समय साथ बिताएंगे उतना ज्यादा प्यार बढ़ेगा और वफादारी पक्की होगी। एक-दूसरे की अच्छाइयों और कमियों को जानते हुए आगे बढ़ने का फैसला प्यार को लंबे सफर के लिए तैयार करता है। दूर रहकर मीठी-मीठी बातें और हंसी-ठिठोली तो की जा सकती है पर अहम कदम नहीं उठाए जा सकते क्योंकि जीवन जीने के कुछ व्यावहारिक सवालों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसलिए आमने-सामने ढेर सारी बातें किए बिना जीवन भर रिश्ता निभाने का वादा भी कभी-कभी पछतावे में बदल सकता है इसलिए ऐसी हालत में सोच-समझकर फैसला लेना ही समझदारी है।

रोजाना की छोटी-मोटी बातों के चलते संबंधों में दरार आना अच्छी बात नहीं। आप जिसे प्यार करते हैं उसे पूरी तरह जानना जरूरी है, अगर ऐसा हुआ तो यह समस्या खड़ी ही नहीं होगी। यदि किसी को अपना प्यार बचाना हो तो वह कोई भी मुश्किल उठाने को तैयार रहता है लेकिन जिन्हें इसकी परवाह नहीं होती वे सुलझती गुत्थी को भी और उलझा देते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि आप अपने प्यार की गहराई को लेकर अनिश्चित हैं। आपको लगता है ऐसी हालत में इतना बड़ा फैसला एक जुए के समान होगा। आपका यह डर सौ फीसदी सही है। जिंदगी में हर रोज तरह-तरह के हालात आते हैं। जब तक हम किसी से हर मौके पर ठीक तरह से संवाद नहीं बना पाते हैं या फिर मिलकर अपनी राय नहीं रखते हैं तब तक हमारे निजी विचारों का पता नहीं चलता है। व्यक्तिगत क्षुद्रता, उदारता के आधार पर हम भविष्य में सामंजस्य स्थापित करने और साथ निभाने का मन बनाते हैं। एक-दूसरे की छोटी-छोटी आदतों जो कभी-कभी कमियों की मानिंद लगती हैं से वाकिफ होना बहुत जरूरी है।

केवल खतो किताबत के आधार पर किसी व्यक्ति की पूरी तस्वीर बनाना मुश्किल है क्योंकि संभलकर समय निकालकर कुछ अच्छी और प्रेम की बातें लिखना दूर से अच्छा अहसास करा सकता है पर जीवन साथ बिताने का हौसला नहीं दे सकता। जिंदगी में हर दम नाप तौलकर नहीं चला जाता है। ज्यादा से ज्यादा मिलने से हर व्यक्ति के सच्चे रूप का पता चलता है और उसी आधार पर उस व्यक्ति की जगह जीवन में तय की जाती है।

ऐसा भी नहीं है कि जो लोग जीवन में खूब व्यावहारिक व चालाक बनते हैं। खूब तौल-तौलकर संबंध बनाते हैं उन्हें ढेर सारी खुशियां मिल जाती हैं। सच तो यह है कि ऐसे लोग अक्सर रिश्ते के लिहाज से घाटे में रहते हैं। यह बात वह अपने भीतर जानते हैं। प्यार में हमेशा तुलना या मोलभाव की जरूरत नहीं पड़ती है पर हां एक-दूसरे को गहराई से जानने की बहुत जरूरत है। यहां प्यार करते हुए सुखी मन से जीवन बिताने का फैसला लेना है। भक्ति भाव से जीवन भर किसी को पूजने का संकल्प लेने का मसला नहीं है। इसीलिए दोस्ती, प्यार और संवेदनशीलता के साथ ही एक-दूसरे को बारीकी से समझना और जानना बेहद आवश्यक है।

काम आएगी यह बात

[illegible]

इंटरनेट बन गया है विद्यार्थियों के टीचर

बदलते जमाने की शिक्षा भी बदल गई है, अब विद्यार्थी सिर्फ क्लास और किताबों पर ही निर्भर नहीं हो रहे। वे इंटरनेट की दुनिया में उतरते हैं और अपने लिए नॉलेज के नए अध्याय तैयार करते हैं...

कॉलेज शुरू होते ही अधिकांश युवा नॉलेज बढ़ाने नेट का सहारा ले रहे हैं। कॉलेज में या घर पर बैठकर नेट से जानकारी एकत्र करने के साथ ही युवा साइबर कैफे को अधिक प्राथमिकता देने लगे हैं। यही वजह है कि अब युवाओं में साइबर कैफे का प्रचलन काफी तेजी से बढ़ा है, जिसके चलते युवाओं को काफी हेल्प मिली है। अपने विषय से जुड़ी जानकारी एकत्र करने के साथ ही युवा अब मनोरंजन के लिए भी इसका सहारा लेने लगे हैं।

सिलेबस तैयार करने के लिए घंटों रिफरेंस बुक्स खोजने और पन्ने पलटने पड़ते थे। अब एक क्लिक से सिलेबस से जुड़ी जानकारी मिनटों में प्राप्त की जा सकती है। एनआईटी के स्टूडेंट्स बताते हैं कि नोट्स तैयार करने या नॉलेज पाने के लिए नेट सर्फिंग बेहतरीन आप्शन है। इससे वे सीनियर्स से नोट्स मांगने और लाइब्रेरी के चक्कर काटने से बच जाते हैं। इसमें विषय से जुड़ी जानकारी सारी जानकारी मिल जाती है। इसके लिए वे रैग्यूलर नेट पर बैठते हैं। साइंस कालेज की स्टूडेंट रिश्मा अपने दोस्तों के साथ रोजाना साइबर कैफे जाती है। वे लगभग 3 से 4 घंटे नेट पर बिताती हैं।

उनका कहना है कि बहुत ही कम दाम में अधिक जानकारी एकत्र करने का यह सबसे अच्छा जरिया है। साइंस के स्टूडेंट्स को नेट फ्रेंडली तो होना ही चाहिए फिर चाहे इसके साइड इफेक्ट ही क्यों न हों। आज के जमाने में जो नेट से दूरी बना कर रखता है वह दुनिया से कट से जाता है।

बीए की छात्रा सोनाली बताती हैं कि उन्हें तरह-तरह की नॉवेल और बुक्स पढ़ने का शौक है। इसके लिए वे ई लाइब्रेरी का सहारा लेती हैं। कई बार तो नॉवेल को खत्म करने में चार से पांच घंटे लग जाते हैं। नेट पर चैटिंग करने व नए दोस्त बनाने की शौकिन बीसीए की स्टूडेंट्स राखी बताती हैं कि खाली समय में वे अपने दोस्तों से देर तक चैटिंग करती रहती हैं।

युवाओं में बढ़ता ट्विटर, फेस बुक व चैटिंग का क्रेज उन्हें इस ओर आकर्षित करता है। ब्वॉयज के साथ गर्ल्स भी इसमें काफी रुचि लेती हैं। राखी के मुताबिक कुछ स्टूडेंट्स ऐसे हैं जो केवल चैटिंग करने के लिए 2 घंटे से भी ज्यादा समय लेते है। कई स्टूडेंट्स तो शाम को आते हैं और देर रात तक बैठते हैं क्योंकि दिन में कॉलेज होता है। उन्हें अपनी प्रॉब्लम सॉल्व करने में यही वक्त मिलता है।

नई जगहों पर घुमना और वाइल्ड लाइफ वाचिंग के शौकीन एमजे के स्टूडेंट मनोहर कहते हैं कि चूंकि मेरा सबजेक्ट वाइड है। इसमें पावरफुल जीके जरूरी है। यही वजह है कि मेरे लिए नेट पर सर्फिंग इंपार्टेंट है। मुझे जो भी जगह पसंद आती है, उसकी डिटेल निकाल लेता हूँ। दुनिया की सैर के लिए मैं घंटों नेट पर बैठ सकता हूँ। हालांकि मुझे इसके लिए साइबर कैफे जाना पड़ता है लेकिन कोई बात नहीं।

आजकल युवा हर काम में लैपटॉप और कम्प्यूटर की हेल्प लेने लगे हैं, जिससे फिजिकल एक्टीविटी न के बराबर होती है। यही वजह है कि ज्यादातर युवाओं में सरवाइकल, मेंटल स्ट्रेस, ड्राय आई जैसी कई तरह की प्रॉब्लम पाई जाती हैं। रात में घंटों कम्प्यूटर पर काम करने और देर से सोने की वजह से ही ज्यादातर युवाओं में नींद न आने की शिकायतें देखने को मिल रही हैं। इससे बचने के लिए लगातार काम न करें बल्कि बीच- बीच में आराम करें। इससे आंखों को भी आराम मिलता है और काम में भी गलतियां होने की संभावना कम होती है।

असफलता के कारण तो खोजें

आपने लगन के साथ मेहनत की है पर परिणाम नकारात्मक रहा। आप क्या करेंगे, मेहनत करना छोड़ देंगे या अपना लक्ष्य बदल देंगे। यह स्थिति प्रत्येक युवा के सामने आती है। सफलता प्राप्ति का दबाव एक असफलतड्डा के बाद जरा ज्यादा ही हो जाता है। व्यक्ति स्वयं से प्रश्न पूछने लगता है कि आखिर कहां गड़बड़ हो गई।

दरअसल व्यक्ति कई बार इस प्रकार की स्थिति होने पर पलायनवादी मानसिकता अपना लेता है। वह असफलता से इतना डर जाता है कि पुनः उस रास्ते पर जाने की वह हिम्मत नहीं जुटा पाता। वह अपने आप से समझौता करने लगता है कि शायद पेपर ही कठिन था या जॉब इंटरव्यू में उससे ज्यादा काबिल लोग आए थे। जबकि यही समय होता है आत्मविश्लेषण करने कर अपनी कमियों को स्वयं के सामने रखने का और सफलता से पुनः प्रेम करने का।

बायोमीट्रिक तकनीक से मिलेंगी काफी सुविधाएं

देश की आधी से ज्यादा जनसंख्या गांव में रहती है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग अभी भी सरकारी योजनाओं के सभी फायदों से वंचित हैं। बायोमेट्रिक तकनीक के माध्यम से कोशिश हो रही है गांवों और दुर्गम इलाकों में रहने वालों तक भ्रष्टाचार रहित फायदा पहुंचाने की।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के कीड़ी गांव में हमारी मुलाकात सुषमालता से हुई। ऊंचे पहाड़ों में बसे छोटे से गांव में वो अपने परिवार और दो बच्चों के साथ रहती हैं। वो पिछले दो सालों से नरेगा से जुड़ी हैं। नरेगा के अंतर्गत अपना पैसा लेने के लिए उन्हें कम से कम 12 किलोमीटर चलना पड़ता था। पहाड़ों पर टेढ़े-मेढ़े रास्तों से चलकर बैंक पहुंचने में उन्हें दो से ढ़ाई घंटे लग जाते थे और बैंक पहुंचने पर भी कोई गारंटी नहीं कि पैसा मिल जाए क्योंकि वहां बहुत भीड़ रहती थी। लेकिन अब देश के कई दूसरे हिस्सों की तरह उनके गांव में भी लोगों को बायोमेट्रिक कार्ड दिए गए हैं।

उन्हें अपने पैसे लेने के लिए दूर बैंक में नहीं जाना पड़ता बल्कि गांव के एक व्यक्ति के पास जाना होता है और बायोमेट्रिक कार्ड के माध्यम से अपनी पहचान साबित करने के बाद उन्हें पैसे मिल जाते हैं। गांव के इस व्यक्ति को कस्टमर सर्विस प्वाइंट सीएसपी कहते हैं। चंबा के कीड़ी गांव में रामकिशोर यही काम करते हैं। वो इसी गांव के ही हैं। गांव के ज्यादातर लोग उन्हें जानते हैं और उन पर विश्वास करते हैं।

रामकिशोर ने हमें बताया कि शुरुआत में जब उन्होंने लोगों को बायोमेट्रिक कार्ड के फायदों के बारे में बताया तो लोगों ने उन पर विश्वास नहीं किया। लोगों को समझाने में उन्हें थोड़ा वक्त लगा।

आसान प्रक्रिया रू पैसे पाने की पूरी प्रक्रिया बेहद आसान है। इसमें होता है एक मोबाइल फोन और फिंगरप्रिंटिंग मशीन जो अंगुलियों के निशान पढ़ सकती है। साथ में होता है बायोमेट्रिक कार्ड यानि एक ऐसा कार्ड जिसमें नरेगा में काम करने वाले व्यक्ति का नामए पताए उनकी अंगुलियों के निशान के अलावा कई जानकारियों मौजूद होती हैं।

नरेगा के अंतर्गत आपके जितने पैसे बनते हैं उसे लेने के लिए आप गाँव के एक व्यक्ति के पास बायोमेट्रिक कार्ड लेकर जाइएए अँगुली के निशान सत्यापित करिए और अपने पैसे ले लीजिए। बायोमेट्रिक कार्ड में दर्ज जानकारी जाती है मोबाइल फोन मेंए फोन से कंपनी के पास और फिर बैंक के पास। ये काम मिनटों में होता है और अकांउटधारक का अकाउंट मिनटों में अपडेट हो जाता है।

सीएसपी काम करते हैं ऐसी कंपनियों के लिए जिनका मकसद मुनाफा कमाना नहीं होता। जीरो फाउंडेशन और फीनो ऐसी ही कंपनियां हैं। ये कंपनियां काम करती हैं बैंकों के लिए जहाँ अकाउंटधारक का अकाउंट होता है। देश के दूसरे प्रदेशों जैसे आंध्रप्रदेश और राजस्थान में लोगों को बायोमेट्रिक कार्ड के माध्यम से पैसे मिलने शुरू हो गए हैं।

बायोमेट्रिक कार्ड का इस्तेमाल नरेगा के अलावा लोगों को पेशन बांटने जैसे कामों में भी किया जा रहा है। हिमाचल का उना जिला इन्हीं में से एक है। हम पहुँचे उना ज़िले के संतोकगढ़ इलाके में जहाँ कई बूढ़े लोगों को पेशन मिल रहा है।

होटल वाली सीक्रेट बर्गर रेसिपी !

अगर आप मेरी तरह ही एक बड़े फूडी हो तो आपको हमेशा ही कुछ ना कुछ खाने को मन करता रहता होगा। ऐसे में हम हमेशा दाल-चावल तो नहीं खा सकते!! तो इसीलिए आज मैं आपके लिए एक ऐसी रेसिपी लाई हूं जो चटपटा भी है और स्पाइसी भी है । तो वह आपको बहुत पसंद आएगी । मैं बात कर रही हूं बर्गर की.. आप सोच रहे होंगे बर्गर खाने के लिए तो रेस्टोरेंट जाना पड़ेगा या फिर ऑर्डर करना पड़ेगा! और उसमें आप का ढेर सारा पैसा भी चले जाएगा तो ऐसा नहीं है आज मैं आपको बताऊंगी कि घर पर बर्गर कैसे बनाते हैं। इसे बनाना बहुत ही आसान है और आप इसे बहुत ही आसानी से बना सकते हो । इसे बनाने में ज्यादा से ज्यादा 10 से 15 मिनट लगता है और यह बनकर तैयार हो जाती है । तो अगर हम बाजार के बर्गर से कंपेयर करें तो वह कम से कम आधे घंटे लेती हैआर्डर को देलेवेर करने में लेकिन आप अगर घर पर बनाए तो उसे 15 मिनट पर ही बना सकते हैं और उससे कहीं अच्छा बना सकते हैं तो स्टार्ट करें बर्गर बनाना।

बर्गर बनाने के लिए हमें चाहिए

सामग्री

वड़ा पाव 2
तेल 2 चम्मच
जीरा 1/2 चम्मच
अदरक 1/2 इंच
लाल मिर्च पाउडर1 चम्मच
आमचूर पाउडर 1 चम्मच
काली मिर्च 1/2 चम्मच
गरम मसाला 1 चम्मच
बीन्स आधा कप
गाजर आधा कप
पक्की हुई चावल 1/2 कप
उबली हुई आलू 3
धनिया पत्ता 1/2 कप
मक्के का आटा 2 चम्मच
मैदा 2 चम्मच
नमक स्वादानुसार
ब्रेड चूरा
पत्ता गोभी 4-5
टमाटर 1
प्याज 1
खीरा 1
म्योनीज 4 चम्मच
टोमेटो सॉस दो चम्मच

बर्गेर बनाने की विधि

तो चलिए अब हम बर्गर बनाना स्टार्ट करते हैं

1. सबसे पहले गैस पर पैन/कड़ाई रखे, और उसमें तेल गर्म होने के लिए डाल दे फिर उसमें जीरा और बारिक अदरक को डालकर थोड़ी देर भुने ।
2. फिर उसमें लाल मिर्च पाउडर, आमचूर पाउडर, काली मिर्च और गरम मसाला डाल दें और उसे अच्छे से मिलाएं ।
3. फिर उसमें कटे हुए बीन्स और बारीक की हुई गाजर को डाल दें और उससे थोड़ी देर तक भुने ।
4. फिर उसमें पक्की हुई चावल को डाल दें और उससे मिलाएं ।
5. फिर उसमें उबले हुए आलू को और धनिया पत्ता को डाल दे और उससे अच्छे से मिलाएं ।
6. और हमारा आलू का चोखा बनकर तैयार है अब हम उसे थोड़ी देर ठंडा होने के लिए छोड़ दें

।. तब तक दूसरे कटोरे में मैदा और मक्के के आटे को ले लें और उसमें थोड़ा सा नमक डालकर मिला ले

8. फिर उसमें थोड़ा थोड़ा पानी डालकर उसका एक बेटा तैयार करें
9. और अब किसी दूसरे कटोरे में ब्रेक चूड़ा ले ले ।
10. हमारी आलू का चोखा बन कर तैयार है उसे एक बार हम हाथ से भी मिला लेंगे ।
11. फिर उसका एक छोटा सा टिकिया बना लेंगे
12. फिर उसे बेटर में अच्छे से डूबा कर निकाल ले
13. अब टिकिया में चारो तरफ ब्रेड छोड़ा लगा लेंगे और उसे हलके हाथों से दबा देंगे ।
14. फिर गैस पे तेल रखे और उसे मध्यम आंच पे छाने ।
15. गोल्डन ब्राउन हो जाने पे उसे किसी टिसू पेपर पे निकाल ले ।
16. अब गैस पे पैन रखे और पाव को बीच से काटकर उसे गरम करे ।

1।. फिर ऊपर वाले भाग के पाव पे म्योनीज डाल दे और उसे चम्मच दे फैला दे ।

18. यहां पर मैंने टमाटर प्याज खीरा और गोभी को काट लिया है ।
19. फिर उसके ऊपर गोबी पत्ता, टमाटर और खीरा को रख दे ।
20. फिर दूसरे पाव में टोमेटो सॉस लगा दे और उसके ऊपर थोड़ा सा म्योनीज डालकर उसे मिला ले ।
21. फिर उसके ऊपर थोड़ा सा प्याज रख दे ।
22. फिर उसके ऊपर आलू के टिकिया को रख दे और उसके ऊपर पहली वली पाव (जिसमे अपने गोबी पत्ता और खीरा रखा था) उसके ऊपर रख दे । और उसे अच्छे दे दबा दे ताकि वो गिरे नहीं ।
23. फिर उसके ऊपर आइसक्रीम वाली लकड़ी डाल दे ताकि वो नहीं गिरे ।
25. और आप देख सकते है की हमारी बर्गर कितनी अच्छी दिख रही है ।

ऐसे बनता है पनीर चिली

www.chezshuchi.com

बहुत सारे लोग होते है जो नॉन-वेज नहीं खाते वो लोग पनीर की सब्जी खाया करते है। इसीलिए आज मैं आपके लिए ले के आई ही की पनीर चिल्ली डिश रेसिपी । इसे आप किसी भी चीझ के साथ खा सकते है रोटी, पूरी या राइस हो । बहुत से लोग ऐसे होते है जो खाना बनाने के शौकीन होते है लेकिन उनसे अच्छा नहीं बनता । और उन्ही में से मैं भी थी वह पे परेशानी ये होती है कि हम बनाने तो लगते है लेकि हमें बनाने कि विधि ही नहीं पता होती कि उसको बनाने का सही तरीका क्या है, और इसीलिए सब सामग्री के होते हुए भी हमारा खाना अच्छा नहीं होता । तो चलिए कुछ ऐसा ही खाना बनाना हम शुरू करते है । तो आज हम सीखेंगे पनीर चिली बनाना तो, चलिए शुरू करते है -

सामग्री

पनीर 250 ग्राम
प्याज 1 (कटा हुआ)
हरा मिर्च 4 (काट ले)
शिमला मिर्च 1 (काट ले)
हरा प्याज 2 (काट ले)
अदरक लहसुन (बारीक)
अदरक लहसुन पेस्ट 2 टेबलस्पून
मैदा 50 ग्राम
मक्का का आटा 2 चम्मच
मिर्च सॉस 1 चम्मच
टमाटो सॉस 1 चम्मच
सोया सॉस 1 चम्मच
काली मिर्च पाउडर 1/2 चम्मच
तेल 50 ग्राम
नमक 1/2 चम्मच
हल्दी 1/2 चम्मच
गरम मशाल/सब्जी मसाला 1 चम्मच

बनाने की विधि -

1. सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, मक्के का आटा, मिर्च और नमक डालकर मिलाये और उसका ठीक पेस्ट तैयार करे ।
2. अब पनीर को उसमे डाल दे और उसे मिला कर कुछ देर के लिए छोड़ दे।
3. फिर एक पैन में थोड़ा सा तेल ले ले और उसमे पनीर के टिक्की को फ्राई कर ले ।
4. फिर उसे किसी बर्तन में निकाल ले ।
5. फिर उसी तेल में अदरक लहसुन बारीड़, प्याज, मिर्च, और शिमला मिर्च को डाल के भुने ।
6. थोड़ी देर भुनने के बाद उसमे सोया सॉस, टोमेटो सॉस, ग्रीन चिल्ली सॉस,मिर्ची पाउडर, अदरक लहसुन पेस्ट डाल दे और भुने ।

।. फिर उसमे थोड़ा सा पानी डाले और वो जो पनीर का ग्रेवी बचा था उसे डाल दे और थोड़ी देर पकाये ।

8. फिर उसमे पनीर डाल दे और फिर उसे थोड़ी देर के लिए पकाये ।
9. फिर गैस को बंद कर दे और और ऊपर हरा प्याज डाल दे ।
10. और अब आपकी पनीर चिली तैयार है इसे किसी करोडे में निकाल ले । और उसे गरमा -गरम परोसे ।

महत्वपूर्ण सुझाव-

पनीर का बैटर ज्यादा पतला नहीं होना चाहिए । बैटर में पनीर को डालने के बाद थोड़ी देर सेट होने के लिए रखने से वो अच्छे से मैरीनेट हो जाती है और अच्छी बनती है

स्वतंत्रता दिवस, जनमाष्टमी के मौके पर घर में बनाएं हर किसी की फेवरेट 'पनीर जलेबी'

कितने लोगों के लिए : 3

सामग्री :

फुल क्रीम दूध डेढ़ लीटर, नींबू का रस डेढ़ चम्मच, मैदा- 1 चम्मच, बेकिंग पाउडर आधा छोटा चम्मच, नमक चुटकी भर, पानी- 3 कप, चीनी- 2 कप, घी- 2 कप

विधि :

- पैन में दूध उबलने के लिए रख दें। जब दूध में उबाल आ जाए तो उसमें नींबू का रस डालें। इससे दूध फटने लगेगा। इसके बाद इसे छान लें और इस छेने को किसी मलमल के कपड़े में बांधकर टांग दें, जिससे इसका पूरा पानी निकल जाए। अब इस छेने में मैदा, बेकिंग पाउडर और नमक मिलाकर सारी चीज़ों को अच्छी तरह मिला लें और करीब 20 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद मिश्रण को बाहर निकालें और उससे लंबी-लंबी रस्सी की तरह बनाकर जलेबियों का शेप दें।
- अब एक कढ़ाई में घी गर्म होने के लिए रख दें। जब घी अच्छे से गर्म हो जाए तो उसमें जलेबी को डालें और अच्छी तरह से फ्राई कर लें।
- इसी के साथ चाशनी तैयार होने के लिए रख दें। एक गहरे पैन में चीनी और पानी को तब तक उबालें जब तक कि वह गाढ़ी न हो जाए। चाशनी न ज्यादा गाढ़ी हो न ही पतली।
- जब चाशनी एक तार की हो जाए तो पनीर जलेबी को करीब 2-3 घंटे के लिए इसमें डालकर छोड़ दें। अब गरमागरम जलेबी सर्व करें।

ऐसे बनाए आलू के क्रिस्पी चिप्स और अनंद लीजिए स्वतंत्रता दिवस का

सूखे आलू के क्रिस्पी चिप्स बनाने विधि!!

अब घर पे बनाये सूखे आलू के चिप्स बिलकुल मार्केट के जैसा!!

आलू के चिप्स किसे पसंद नहीं आता है आप ना भी खाना चाहे तो भी इसे देखकर खा ही लेते है। इसे आप किसी भी टाइम खा सकते है खाने के साथ सा फिर स्नैक्स में चाय के साथ!!

अभी तो आलू का सिजन है तो मैंने सोचा क्यों ना आलू से कुछ अलग और स्पेशल बनाया जाये। तो इसीलिए आज मैं आलू का चिप्स बनाने बनाने की विधि के आयी हुए जिसे आप सूखा कर रख दे और उसे सालो तक इस्तेमाल कर सके। वैसे तो हम आलू से कितनी सारी चिझे बनाते हैज आलू की सब्जी, आलू फ्राई,आलू भुजिया, फ्रेंच फ्राई, चिप्सज आदि। तो चलिए देखते है की सूखे आलू के क्रिस्पी चिप्स कैसे बनाते है

सामग्री-

बड़े साइड के आलू 1
बेकिंग सोडा 1/4 चम्मच
नमक 1चम्मच
तेल तलने के लिए

बनाने की विधि

1. सबसे पहले आलू को छीलकर उसे डूड प्रोसेस्सर से या चिप्स कटर से काट ले।
2. फिर एक बड़े कटोरे में पानी ले लीजिये और उसमे बेकिंग सोडा डालकर उसे मिला दे फिरआलू के चिप्स को उसमे डाल दे । और उसे 5 मिनट तक छोड़ दे। (बेकिंग सोडा डालने से चिप्स उजाला उजाला बनत है)
3. फिर उसे किसी दूसरे कटोरे पानी में ले ले और आलू को छानकर दूसरे कटोरे में डालकर चिप्सों को छान ले।
4. अब फिर किसी बर्तन में पानी गरम करे और उसके बाद उसमे चिप्स को डाल दे और उसमे थोड़ा सा नमक डालकर उसे आधा उबाल देंगे। (यहाँ पे थोड़ा ज्यादा पानी का इस्तेमाल करे जिससे की चिप्स पानी के अंदर अच्छे से आ जाये)
5. और प्लेट में थोड़ा सा तेल लगाकर अच्छे से मिला दे और फिर चिप्स को उस पे फैला कर डाल दे।
6. उसे उसको कम से कम दिन सुखाये सुखाये 7पहले दिन सुखाकर उसे शाम को पलट दे और दूसरे दिन वो अच्छे से सुख कर तैयार हो जायेगा।
7. उसके बाद हम कड़ाई में तेल गरम करेंगे और उसे मध्यमआंच पे चिप्स को छान लेंगे। (तेल ज्यादा गरम नहीं होना चाहिए नहीं तो चिप्स जल जाएगी)
8. और हमारी चिप्स बनकर तैयार है और आप चाहे तो इसके और हल्का कला नमक और चाट मशाला डालकर खा सकते है या इसे बिना नमक और मशाला डाल भी खा सकते है।

शाम की जायका का मजा डबल कर देंगे गरमा-गरम 'नूडल्स के पकौड़े'

कितने लोगों के लिए 4

सामग्री

1 छोटा पैकेज रेडी टू कुक नूडल्स, 100 ग्राम बेसन, 40 ग्राम चावल का आटा, 10 ग्राम हरी मिर्च बारीक कटी, 10 ग्राम अदरक-लहसुन का पेस्ट, 5 ग्राम गरम मसाला, स्वादानुसार नमक और चाट मसाला, 20 ग्राम पत्तागोभी और पीली या लाल शिमला मिर्च बारीक कटी, थोड़ा सा हरा धनिया बारीक कटा और तलने के लिए तेल

विधि

- नूडल्स को टेस्ट मेकर के साथ उबाल लें। आंच से उतारकर ठंडा होने के लिए रख दें।
- ठंडा हो जाने पर इसमें चावल का आटा और बेसन मिक्स करें। आवश्यकतानुसार पानी और अदरक-लहसुन का पेस्ट व नमक मिक्स करें।
- कड़ाही में तेल गरम करें। इसमें तैयार मिश्रण से पकौड़े तैयार करें और पेपर नैपकिन में निकाल लें।
- पत्तागोभी, शिमला मिर्च, हरा धनिया मिक्स करें। ऊपर से चाट मसाला बुरक करें परोसें।

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
और श्री कृष्ण जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं

प्रेमलता
पार्षद
आम आदमी पार्टी
वार्ड नंबर 23 चंडीगढ़

MIKKY
BRASS BAND
ROYAL BAND FOR ROYAL MARRIAGE
FANCY LIGHT, IMPORTED FIRE WORKS, PUNJABI DHOL, BAGPIPER BAND, PALKI, BAGGI, RATH
NIAGARA FALLS & COLD ANAAR
REAL ROSE FLOWER RAIN
SCF-23, 1st FLOOR, SECTOR -18C, CHANDIGARH
Nagpal (M) 9814004938

स्वर सुधा रिकॉर्डिंग स्टूडियो और शिवानंद चौबे मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट
की तरफ से सभी देशवासियों को 75वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
SHIVANAND CHOUBEY MEMORIAL CHARITABLE TRUST
SWAR SUDHA RECORDING STUDIO
Deals In : All Type Of Recordings, Documentary Films, Add Films, Jingles Light Sight & Sound Shows, Background Score, Film Dubbing, & Musical Events
RECORDING | DUBBING | MIXING
SCO NO. 115, TOP FLOOR, SECTOR 47-C, CHANDIGARH MOB. 9855431374
SANJAY KUMAR CHOUBEY
Chairman
SAROJ CHOUBEY
General Secretary

Azadi Ka Amrit Mahotsav
SHRI SHYAM PARIVAAR TRUST
MULTISPECIALITY CHARITABLE HOSPITAL
SCO- 133, SECTOR 14, PANCHKULA - 134113, LANDLINE: 90410-80011
CONTACT : +91-7578000011, +91-90410-60011

आजादी का अमृत महोत्सव पर पंचकूला निवासियों को हार्दिक बधाई एंव शुभकामनांए ।

श्री श्याम परिवार ट्रस्ट पंचकुला एक नजर..............
पिछले वर्ष में ओ.पी.डी. रोगियों की संख्या 51000 ।
ट्रस्ट उदेश्य : अब नही रहेगा कोई बिमार, होगा 11 रूपये में उपचार ।

मेडिकल सुविधाएं :
- रजिस्ट्रेशन फीस मात्र 11 रूपये
- एक दिन की दवाई मात्र 11 रूपये
- वर्तमान डॉक्टरों की संख्या 17

विशेषज्ञ डाक्टर उपलब्ध :
- जनरल फिजिशयन, सर्जन, स्त्री रोग, आँख रोग, गला कान नाक, स्किन, डेंटिस्ट, हड्डी रोग, फिजियोथेरेपिस्ट

अन्य सुविधांए तथा प्रकल्प :
- एक्स-रे, अल्ट्रासाऊंड, ब्लड टैस्ट लैब, ड़ी.सी.जी. फिजियोथेरेपी बाजार से कम रेटों पर

मासिक मैडीकल नि:शुल्क चैकअप कैम्प :
- अलग-अलग क्षेत्रों में मासिक निशुल्क चेकअप केम्प तथा नि:शुल्क दवाईयां

धार्मिक सामाजिक गतिविधियां :
आरती :- ट्रस्ट हॉस्पिटल के अन्दर सुबह शाम आरती । (डाक्टरों, पैरा-मेडिकल स्टॉफ, अन्य स्टॉफ तथा उपस्थित रोगियों की सहभागिता)

मासिक संकीर्तन एंव भण्डारा :
ट्रस्ट परिवार के प्रचार प्रसार तथा हॉस्पिटल सुविधाओं का जन जन तक पहुचानें तथा साथ जोड़ने के लिए ।

मासिक धार्मिक बस यात्रा :
श्री खाटूश्याम जी तथा सालासर धाम दर्शन के लिए । जनसाधारण की धार्मिक भावनाओं की इच्छानुसार और सम्मान हेतु बहुत ही कम राशि में उपरोक्त बस यात्रा ।

सामाजिक सेवा :
विकलांगो की सहायतार्थ ट्राईसाइकिल की सेवा । गर्मियों के दिनों में स्थायी रू से वॉटर कूलर की सेवा ।

कोरोना काल के समय विशेष सहयोग
- ऑक्सीजन सिलेंडर सेवा
- लोकडाऊन के दौरान भोजन की सेवा
- कोरोनारोधी शिविर आयोजन

Azadi Ka Amrit Mahotsav
KULJIT SINGH BEDI
DEPUTY MAYOR | MOHALI


आज़ादी का अमृत महोत्सव
श्री बनवारीलाल पुरोहित
माननीय राज्यपाल पंजाब और
प्रशासक, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़

भारत का 76वां स्वतंत्रता दिवस

इस स्वतंत्रता दिवस पर, आइए हम सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करें जिन्होंने हमारे देश की आज़ादी में मदद की और देश के इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों का जश्न मनाएं।

भारत के राष्ट्रीय ध्वज को भी घर लाएं और भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में फहराएँ।

जन संपर्क विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन


चण्डीगढ़ को जवाहर लाल नेहरू के सपनों का शहर बनाने को हमेशा तत्पर
चण्डीगढ़ कांग्रेस

पवन कुमार बंसल
कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस

एच.एस. लक्की
अध्यक्ष चंडीगढ़ कांग्रेस

आप सब चण्डीगढ़ निवासियों को
भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण
होने पर हार्दिक बधाई देती है।

चण्डीगढ़ कांग्रेस 09 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक चली 75 किलोमीटर लम्बी आज़ादी की गौरव यात्रा में अपनी भागीदारी कर उसे सफ़ल बनाने के लिए तहे दिल से आपका धन्यवाद करती है।

न्यूज ब्रीफ

इंसानियत का सिर्फ एक ही धर्म मानवताः डॉ. आनंद वर्धन

कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)। राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी हरियाणा प्रदेश की एक विशेष मीटिंग का आयोजन आज कुरूक्षेत्र सकिट हाऊस में किया गया, जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी के संस्थापक डा आनंद वर्धन पूव जज साहब ने कमेटी के साथ जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मीटिंग में समाज कल्याण के मुद्दों पर विस्तार से बातचीत कर कमेटी सदस्यों को जनहित व समाजसेवा में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के बारे में कहा और देशवासियों को 75 स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए प्रेम और भाईचारे को बढाने की अपील की। मीटिंग में कमेटी पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी के संस्थापक रिटायर्ड जज माननीय सुप्रीम कोर्ट डा आनंद वर्धन ने कहा कि एनएचआरसी संयुक्त राष्ट मानवाधिकार आयोग जेनेवा स्वीटजरलैंड से जुड़ी हुई कमेटी है। भारत में इस कमेटी से सभी राज्यों से लोग जुड़ रहे हैं। जिसमें रिटायर्ड क्लास वन आफिसर भी शामिल हैं। इस मौके पर एनएचआरसी जर्नल सैक्ट्री एडवोकेट महेश शर्मा, प्रभारी जिला कुरूक्षेत्र शिब्बू शर्मा, राजेंद्र सीकरी, संजीव शर्मा चौटाला, फूला राम बसतपूरा रादोर, सुभाष दास बाबा कपाल मोचन बिलासपुर, चौधरी बिजेन्द्र दामला यमुना नगर इत्यादि अन्य शामिल हुए।

रक्तदान है महादान, इसे जीवन में बार बार करेंः मेयर

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कैथल रोड स्थित राजघराना रिसॉर्ट में जेबीडी समाज कल्याण-समिति के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर करनाल की प्रथम महिला रेणु बाला गुप्ता मेयर करनाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश कुमार सीनियर डिप्टी मेयर करनाल एवं ठाकुर वीरेंद्र सिंह (प्रधान श्रद्धानंद अनाथालय करनाल) उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त करनाल शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जेबीडी समाज कल्याण-समिति करनाल के तत्वाधान में आयोजित सातवें रक्तदान शिविर में नागरिक अस्पताल करनाल एवं कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर्स की अनुभवी टीम ने रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने जेबीडी समाज-कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे समाज सेवी कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। समिति के अध्यक्ष भारत भूषण कपूर ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेश एवं देशवासियों को समिति की ओर से अनेकों-अनेक शुभकामनाएं प्रेषित कीं एवं रक्तदान को महादान एवं पुनीत कार्य बताया। इस शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का उन्होंने ह्दय से आभार व्यक्त किया।

आज होगा हरियाणवी रागनी कार्यक्रम का आयोजन

कैथल (अप्रस)। आजादी के अमृत महोत्सव पर देशभश्चित, कर्म और ज्ञान पर आधारित हरियाणवी रागनी कार्यक्रम का आयोजन 15 अगस्त को गांव पाई में करवाया जाएगा। यह बारे में जानकारी देते हुए विकास शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम गांव पाई कीअनाज मंडी में दोपहर 12 बजे से सांय सायं 5 बजे तक चलेगा। विकास शर्मा ने बताय कि इस हरियाणी रागनी कंपीटिशन में प्रसिद्ध रागनी गायक रमेश कलवाडिया, विकास पसोरिया, अमित मलिक, नरेन्द्र दादरी लोगों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस रागनी कार्यक्रम में न केवल पाई गांव के लोग पहुंचेंगे बल्कि आसपास के गांवों से भी भारी संख्रया में लोग पहुंचेंगे।

कपिस्थल नंदी गौशाला में पांच कुंडीय यज्ञ आयोजित

कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)। कपिस्थल नंदी गौशाला में गायत्री परिवार संस्थान शाखा कैथल द्वारा गौवंश की रक्षा हेतू पांच कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया। आज कल पशुओं में लम्पी स्कीन नामक बीमारी बहुत फैली हुई है। इस बीमारी से गौशाला में भी बहुत गाए बीमार हो गई हैं। यज्ञ में गायों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए सैंकड़ों लोगों द्वारा आहुति डाल कर प्रार्थना की गई। गौशाला के प्रधान राम लाल पप्पू व अन्य सदस्यों ने गायत्री परिवार संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। यज्ञ में सुरेश कुमार किच्छानिया ने मुख्य यजमान के रूप में आहुति अर्पित की। गायत्री परिवार की महिला मण्डली द्वारा भजन कीर्तन किया गया तत्पश्चात सभी ने गायों की पूजा की। इस अवसर पर गायत्री परिवार संस्थान के प्रधान सूरजभान शर्मा, भले राम शर्मा, विमल सिंगला, रूलिया राम शर्मा, जोगेन्द्र गोयल, डी.डी. सिंगला, भूपेन्द्र रोहिला, शमशेर व सुरेन्द्र हरित उपस्थित थे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति से होगा आदर्श नागरिकों का निर्माण, देश के लिए महत्वपूर्ण : मनोहर लाल

- केयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की स्मारिका का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया विमोचन
- केयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 14 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारत आज विश्व में तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरकर आया है। शिक्षा मानव निर्माण का आधार होता है। शिक्षा के साथ केवल भौतिक निर्माण से ही काम नहीं चलता बल्कि मानव शक्ति के रूप में अच्छे नागरिकों का निर्माण कर राष्ट आगे जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कुवि द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

मीडिया को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्वतजनों, चिंतकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों सहित 2 लाख बुद्धिजीवियों से परामर्श कर लागू करने का निर्णय लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को वर्ष 2025 तक हरियाणा के सभी विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में लागू करने का निर्णय लिया गया है। उच्च शिक्षा स्थानीय भाषा में होनी चाहिए। स्थानीय भाषा का अपना महत्व है। हमारे देश का शिक्षा के क्षेत्र में पुराना इतिहास है। यहां उच्च कोटि के लेखक हैं। हमारा लक्ष्य है कि शिक्षा की पहुंच हर व्यक्ति तक हो व सभी को रोजगार मिले।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमें हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के लिए बहुत संभावनाएं हैं। छात्रों का समग्र विकास व चरित्र निर्माण होना शिक्षा का पहला व अन्तिम लक्ष्य है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना, छात्रों को कला, मानविकी, विज्ञान, खेल और व्यावसायिक विषयों में अध्ययन करने के लिए लचीलेपन और विषयों की पसंद को ब?ाना है। इसी दिशा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आईआईएचएस संस्थान के नए भवन का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऋश हॉल में आजादी के अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया व इसकी सराहना की तथा क्रश हॉल के बाहर पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाशोत्सव पर संगीत एवं नृत्य विभाग द्वारा बनाए गए संदेश गीत का लोकार्पण किया। उन्होंने कुवि महिला अध्ययन केन्द्र व कुवि एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ करके जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीने वितरित की।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा प्रदेश व देश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का शुभारंभ करने जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा का प्रावधान है। यह शिक्षा नीति भविष्य के भारत को ध्यान में रखकर बनाई गई है और हमारे पाठ्यक्रम भी वैश्विक स्तर के हों, इसका भी ध्यान रखा गया है। भारत की आने वाली पीढ़ियों का सर्वांगीण विकास हो यही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का मूल उदेश्य है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में इस सत्र से आधुनिक विषयों के 14 ऑनलाइन कोर्सिज भी शुरू किए जा रहे हैं।

इस मौके पर कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, उपायुक्त मुकुल कुमार, एसपी सुरेन्द्र कुमार भौरिया, कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. मंजूला चौधरी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल वशिष्ठ और विभागाध्यक्ष व अधिकारी मौजूद थे।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने आवास पर लगाया तिरंगा

चंडीगढ़ (अप्रस)। देशभर में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज अपने आवास संत कबीर कुटीर पर तिरंगा लगा कर कर इस राष्ट्रीय पर्व में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। श्री मनोहर लाल ने कहा कि तिरंगा हर भारतीय का गर्व है। देश के सभी नागरिक एक साथ मिलकर अपने घरों पर तिरंगा लगाकर कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभक्ति को बढ़ावा देने और देश के प्रति अपने जज्बे को सलाम करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस अनूठे अभियान की शुरुआत की थी। देशवासियों से आह्वान किया था कि वे 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा लगाएं। मुझे खुशी है कि सभी हरियाणावासियों ने अपने घरों पर तिरंगा लगाकर इस अभियान में अपनी अहम भूमिका दर्ज करवाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पूरे देश और प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में अब तक प्रदेश में 10000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित करवाए गए हैं।

1947 में हुए देश के विभाजन पर हुआ जागरूक

अर्थ प्रकाश/विनोद अरोड़ा

कालांवाली, 14 अगस्त। नगरपालिका कालांवाली सचिव विक्रमजीत सिंह ने आज कालांवाली की सामाजिक लोगो को बुलाकर 1947 में हुए देश के विभाजन पर एक कार्यक्रम करवाया गया जिसमें मुख्यातिथि कालांवाली गांव के एक बजुर्ग अजमेर सिंह को बुलाया गया अजमेर सिंह ने विभाजन का वह मंजर अपनी आंखों से देखा हुआ था विभाजन के समय अजमेर सिंह की उम्र करीव 22 साल की थी उन्होंने कहा विभाजन या बंटवारा किसी देश, भूमि या सीमा का नहीं होता। विभाजन तो लोगों की जिंदगी, भावनाओं का हो जाता है जो हमेशा के लिए उनको इतने गहरे जख्म दे जाता है कि वह उनकी खुद की और आने वाली नस्लों की जिंदगी को झिंझोड़ कर रख देता है। 1857 से 1947 तक 90 साल के संग्राम, आंदोलन और बलिदान के बाद भारतीयों ने आजादी की जगह देखी विभाजन की त्रासदी। बंटवारा किस आधार पर हुआ और क्यों हुआ? क्यों नहीं इसके लिए जनमत कराया गया? ऐसे कई सवाल है जो आज भी मन में उठते हैं। बंटवारे की सबसे ज्यादा त्रासदी सिंधी, पंजाबी, कश्मीरी और बंगालियों ने झेली है। आओ जानते हैं कुछ त्रासदियां जिसमे मुस्लिम लीग से पाकिस्तान की मांग उठवाई गई और फिर उसके माध्यम से सिंध और बंगाल में हिन्दुओं का कत्लेआम कराया गया। अगस्त 1946 में 'सीधी कार्रवाई दिवस' मनाया और कलकत्ता में भीषण दंगे किए गए जिसमें करीब 5,000 लोग मारे गए और बहुत से घायल हुए। यहां से दंगों की शुरुआत हुई।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर रेलवे स्टेशन चलाया संयुक्त सर्च अभियान

कालांवाली (अप्रस)। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत रेलवे क्षेत्र में कालांवाली में उच्चाधिकारियो के दिशा निर्देश पर थाना कालांवाली शहर चोंकी कालांवाली व डायल 112 पुलिस व जीआरपी ने संयुक्त रूप में रेलवे क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए क्षेत्र में हर तरफ सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग शुरू की गई है। थाना क्लनवाली प्रभारी व जीआरपी चोंकी प्रभारी ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले सभी यात्रियों की जांच की जा रही है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ कोई शरारती तत्व कुछ गलत न कर सके, इस लिये यात्रियों के समान की गहनता के साथ जांच की जा रही है ताकि कोई शरारती तत्व गलत सामग्री को एक जगह से दूसरी जगह न ले जा सके।

चोरी की 9 बाइक सहित 3 गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 14 अगस्त। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस द्वारा एक बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करके 3 आरोपी काबू किए गए हैं जिनके कब्जे से 9 चोरीशुदा बाईक तथा एक चोरीशुदा बाईक के पार्ट बरामद हुए हैं। डीएसपी विवेक चौधरी ने प्रैस वार्ता के माध्यम से बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस की टीम ने एक बाईक चोरी गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान कर्ण उर्फ लक्की निवासी कैलरम, मोनू निवासी पट्टी कौथ गामड़ी कैथल तथा सुमित निवासी करोड़ा के रूप में हुई। डीएसपी ने बताया कि स्पेशल डिटैक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार की अगुवाई में एसआई राजेंद्र सिंह की टीम को शनिवार की दोपहर सूचना मिली 3 युवक चोरी की बाईक का ईजन बेचने की फिराक में मानस रोड पर घूम रहे हैं। पुलिस ने मानस रोड पर नाकाबंदी की तथा पट्टी कौथ साईड से बाईक पर आए 3 युवकों को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान यह बाईक ईजन थाना सिविल लाईन क्षेत्र से चोरीशुदा बाईक का पाया गया। बतां दें कि सतपाल सिंह निवासी बलराज नगर कैथल की शिकायत अनुसार उसकी बाईक 26 जून 2021 को सैक्टर 19 हुड्डा कैथल में उसके दोस्त के मकान से अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए थे जिस बारे थाना सिविल लाईन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान आरोपियों से 9 अन्य चोरीशुदा बाईक बरामद की गई। इसके अतिरिक्त आरोपी कर्ण के कब्जे से सतपाल उपरोक्त की चोरीशुदा बाईक की टंकी व साईलैंसर भी बरामद किए गए।

रंग दे बंसती चोला, आन तिरंगा जान तिरंगा के उद्घोष गूंजे सड़कों पर

श्रद्धानंद अनाथालय से निकलीं बालिकाएं तिरंगा लेकर सड़कों पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

करनाल, 14 अगस्त। श्रद्धानन्द अनाथालय ट्रस्ट रजि. कर्णताल की प्रबंधक समिति द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस के 75 वर्ष पूरे होने पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धानन्द अनाथालय के बच्चों, सभी कर्मचारियों व शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यगणों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस कार्यक्रम में श्रीमती सारिका भाटिया चैरिटेबुल ट्रष्ट द्वारा संचालित मिले यसुर हमाा तुम्हारा, लायंस क्लब , इंडियन मीडिया सैंटर रघुनाथ मंदिर सभा ट्रस्ट द्वारा सक्रिंय भागीदारी की गई। इस कार्यक्रम में मिले सुर हमारा तुम्हारा के सोनिया चौपड़ा, राजेश भाटिया अनि रुद्ध कालड़ा विनीत भााटिया, ओम प्रकाश सुखीजा ने प्रवीण मित्तल ने देश भक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संस्था के प्रधान ठाकुर वीरेन्द्र सिंह जी ने देश के शहीदों को नमन किया तथा देश के प्रति समाज को जागरुक किया तथा अपने सम्बोधन में तिरंगे के बारे में विस्तार से बताया कि तिरंगे में केसरिया रंग त्याग और बलिदान का, सफेद रंग शान्ति और सद्भावना का तथा हरा रंग सम्पूर्णता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्रद्धानन्द अनाथालय के प्रांगण में झंडा फहराया जायेगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें बच्चे देशभक्ति पर अपनी प्रस्तुति देंगे। तिरंगा यात्रा में संस्था के प्रधान श्री ठाकुर विरेन्द्र सिंह, मंत्री राधेश्याम डूडेजा, बलराज जी मैम्बर ज्यूविलियन कोर्ट, कोषाध्यक्ष महेश आर्य, बलजीत आर्य, सतिन्द्र मोहन कुमार, मास्टर राजकुमार, रमेश कुमार स्टौंडी, मास्टर सतीश कुमार, शिव कुमार शास्त्री, अमित, राजेन्द्र शर्मा, मुन्ना शास्त्री, सुरेश कुमार, बलवान सिंह, विनित भाटिया, इंडियान मीडया सैंटर से अनीता सिंह, पंकज जनौट, पवन शर्मा, सोनिया चोपड़ा, राजन अरोड़ा, विनोद खेतरपाल, कुलदीप मक्कड़, महेन्द्र बत्तरा, नरेश भाटिया, आर.के. भाटिया, प्रवीण मित्तल, अनरूप कालड़ा, ओमप्रकाश सुखीजा, कृष्ण चांदसमंद आदि ने बढ़ चढकर भाग लिया।

पंचनंद स्मारक ट्रस्ट के सदस्यों ने दी शहीद स्मारक पर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कैथल, 14 अगस्त। कुरुक्षेत्र में होने वाले प्रथम विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के लिए कैथल से सैकड़ों की संख्या प्रवीन सरदाना प्रदेश उपाध्यक्ष पंचनंद स्मारक ट्रस्ट की अध्यक्षता में लोग रवाना हुए। सबसे पहले हरियाणा शहीद स्मारक पर पूर्वजों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। महंत हरीश शास्त्री द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और उसके बाद प्रवीण सरदाना ने बताया कि आज पूरे हरियाणा के पंजाबी समाज के लोग कुरुक्षेत्र की नई अनाज मंडी में एकत्रित होंगे और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज की अध्यक्षता में होगा। और कार्यक्रम का प्रदेश अध्यक्ष सुभाष सुधा शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2021 को लाल किले से घोषणा की थी कि प्रत्येक वर्ष विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में उन शहीदों को अंतरात्मा को प्रत्येक वर्ष याद किया जाएगा। हरीश शास्त्री ने हरी झंडी देकर यात्रियों को रवाना किया। इस मौके पर हैफेड़ चेयरमैन कैलाश भगत, इंद्रजीत सरदाना, राजकुमार मुखीजा, योगराज बत्रा, प्रदर्शन परुथी, सतीश सोनी, राजेन्द्र मदान, महेश धमीजा, रमेश सरदाना, मोहिंदर थरेजा, सतीश कथूरिया, सुभाष शास्त्री, वीरेंदर बत्रा, काका सचदेव, धन सचदेव, रजत थरेजा, भारत खुराना, मनोज कथूरिया, सतीश मुंझाल, संकल्प खुराना, सुबोध काकड़, सौरव छाबरा, कृष्ण खुराना, कमल मक्कर आदि भी उपस्थित थे।

जीवन की चुनौतियों में आत्मविश्वास को बनाए रखना ही श्रीमद्भागवत गीता है : स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

करनाल, 14 अगस्त। डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में ग्लोबल हिंदी साहित्य संस्थान की ओर से आयोजित जीवन की चुनौतियों में श्रीमद्भागवत गीता की व्यवहारिक प्रासंगिकता विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में मुख्य अतिथि के रुप में गीता मनिषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने शिरकत की। संगोष्ठी में अति विशिष्ट अतिथि के रुप में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के पुर्व कुलपति डॉ मार्कंडेय आहुजा, वशिष्ठ अतिथि के रुप में सेव मैक्स कनाडा के सीईओ और संस्थापक रमन दुआ, ग्लोबल हिंदी साहित्य संस्थान के चेयरमैन डॉ कामराज संधु मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने की। प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी वशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि गीता हर मनुष्य के लिए प्रेरणा श्रोत है। जो जीवन की कठिनाईयों एवं विपरीत परिस्थितियों में धर्य रखने के लिए प्रेरित करती है। गीता मनुष्य की मुक्ति का मार्ग भी है जो सत्कर्मों की ओर लेकर जाती है। मुख्य अतिथि गीता मनिषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने जीवन की चुनौतियों को हराकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढने् को ही श्री मद्भागवत गीता ज्ञान बताया, उन्होंने कहा गीता पुर्ण समाधान है,कर्तव्य की ओर बढने् की प्रेरणा है, श्रीमद्भागवत गीता, चुनौतियों को अवसर बनाने का मार्ग है गीता,विपरीत परिस्थितियों में संयम से रहना गीता है। गीता आत्मविश्वास का सार है। स्वामी ज्ञानानंद जी ने कर्तव्य और आत्मविश्वास को भी गीता ज्ञान बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपनी सोच को सकारात्मक रखना चाहिए, जीवन में क्या मिला,ना मिला उसके लिए चिंतित नहीं होना चाहिए। मन के विश्वास को बनाए रखना ही श्रेष्ठ पुरुष का गुण है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने गीता मनिषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज व अन्य सभी सम्मानित अतिथियों को फूलदान व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन डॉ पूनम वर्मा ने किया। इस मौके पर करनाल की मेयर रेणुबाला गुप्ता, गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ गुरविंदर सिंह, जनता कॉलेज कोल ढांड के प्रिंसिपल डॉ ऋषिपाल ,दयाल सिंह कॉलेज करनाल के राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कुशलपाल सिंह , नवीन गोयल गुरुग्राम, अमरदीप कनाडा, विपिन कनाडा, श्याम बत्रा, व कॉलेज स्टाफ सदस्य डॉ संजय शर्मा, डॉ लवनीश, डॉ बलराम शर्मा सहित सभी मौजूद रहे।

देश-भक्ति

लोगों ने दर्जन से अधिक स्थानों पर स्टाल लगा कर कांग्रेस के वर्करों का किया अभिनंदन

करनाल में भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करने भीड़ उमड़ी

- दर्जन से अधिक स्थानो पर हुआ जोरदार स्वागत

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 13 अगस्त। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश को जोडने् , लोगों में आपसी भाई चारा बढ़ाने और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और मर्यादा की रक्षा के लिए करनाल में सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली। देश को आजादी दिलाने वाली कांग्रेस का एक कार्यकर्ता सबसे आगे तिरंगा लेकर चल रहा था। पीछे कांग्रेस वर्कर पार्टी का झंडा लेकर चल रहे थे। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दर्जन से अधिक सथानों पर यात्रा के स्वागत के लिए स्टाल लगाए करनाल विधान सभा क्षेत्र मे भारत जोड़ो यात्रा की अगुवाई पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, जिला प्रभारी तथा पूर्व विधायक लहरी सिंह तथा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता मतलौडा, जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह कर रहे थे। यात्रा के सुबह करनाल मानव सेवा संघ पार्क से वाल्मीकि चौक (कमेटी चौक), से होते हुए कर्ण गेट, बांसों गेट, कर्ण ताल पार्क से सदर बाजार इब्राहिम मंडी चौक से , मूनक रोड पुल के नीचे से शिव कालोनी, कैथल रोड से प्रेमनगर, मुख्यमन्त्री निवास से राम नगर मैन बाजार, से होते हुए महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद उषा तुली के कार्यालय के सामने समापन हुआ। मानव सेवा संघ मे कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि आज देश की एकता, भाई चारे और संवैधानिक संस्थाओं पर खतरा मंडरा रहा हैं। जिला प्रभारी पूर्व विधायक लहरी सिंह ने कहा कि सभी को मिल कर देश विरोधी ताकतों का मुकाबला करना होगा। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी प्रधान सुरेश गुप्ता ने कहा कि देश की आजादी दिलाने में कांग्रेस की अहम भूमिका रही है।कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कांग्रेस देश को सांप्रदायिकताकतों से बचाने के लिए संघर्ष कर रही ।

यह लोग थे उपस्थितः इस अवसर पर पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता,पूर्व विधायक गणा राकेश कांबोज, त्रिलोचन सिंह, कमल मान, रघुवीर संधू, कृष्ण बसताडा अशोक खुराना,पार्षद पप्पू लाठर , हरी राम सौंभा, राजेंद्र बल्ला, ललित , रामफल कलाम पुर,जोगेंदं वाल्मीक ,राजेश वैद्य, रन पाल संधू, जोगेंद चौहान भूपेंद्र लाठर इंद्रजीत गुराया, निप्पी मान,अमरजीत धीमान, धर्मपाल कौशिक डॉ गीता, मीनू दुआ,सुषमा नागपाल, युवा अध्यक्ष मनिंदर सेंटी, रोहित जोशी , रमेश सेनी बीरबल तवर, नरेश संधू, अरुण पंजाबी, राजेंद्र सिंह,भोला, रामेश्वर वाल्मीक अनिल शर्मा , जागीर सैनी, सुनेहरा वाल्मी , सिराज, रोहताश , कर्म पाल, होशियार सिंह, पृथ्वी भाट, जीत राम कश्यप, अमर जीत धीमान, डॉ, नारंग, रमेश जोगी, जिले राम वाल्मीकि राजेंद्र , राज किरण सहगल, एम एस महेंद्रु, सुरजीत सैनी, अंशुल चौधरी, अशोक जैन, अनिल शर्मा, दिनेश सेन, राजेंद्र नम्बरदार,गगन मेहता, दया प्रकाश, जितेंद्र पंचाल कृष्ण गहलोत कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री के निवास की पुलिस ने की घेरा बंदीः करनाल, कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को देखते हुए पुलिस ने मुख्यमन्त्री के प्रेम नगर स्थित आवास की घेरा बंदी कर दी। मुख्यमन्त्री के निवास की तरफ जाने वाले रास्ते को ब्लाक कर दिया।

मुख्यमंत्री के निवास के बाहर यात्रा का ढोल बजा कर स्वागतः करनाल, कांग्रेस द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा का मुख्यमन्त्री मनोहर लाल के निवास के बाहर जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस के समर्थन मे ढोल बजा कर नारेवाजी की। यहाँ पर स्टाल लगा कर स्वागत किया। यहाँ पर महिला जिला अध्यक्ष उषा तुली, युवा जिला अध्यक्ष मनिंदर शेन्टी, सेवादल अध्यक्ष अनिल शर्मा, सीनियर नेता धर्मपाल कौशिक, राजा संधू आदि उपस्थित थे।

IS THE STENT REALLY NEEDED, DOCTOR?

As the cardiologists are now spilling out of the big cities , patients are getting primary interventions rather than the "lysis therapy" even in the peripheral centres. According to National Interventional Council data, 5,78,164 coronary stents were utilized in year 2018.But with this growing better and accessible cardiac care in a developing economy where patient's affordability is important factor in treatment opted, grows the apprehension in the mind of general masses if the stent is really needed or is it just a means for cardiologist to mint money. One important factor is that most people are not insured and paying out of pocket for an emergency really makes them question the need of stent. As a result, they end up taking multiple opinions before intervention and if anything goes downhill during procedure, the incidents of violence and litigation against doctors are also not uncommon. Thus, it is the need of the hour to bridge this gap of trust between the doctors and general public so that people can confide in the decision of the treating cardiologist. The Government and media in collaboration with medical bodies and associations can play an important role in sensitising the masses about the cardiac problems and the optimal treatment needed. Also, having insurance cover can also help people to make a better decision with a calmer mind in a situation where urgent decision for intervention is to be made by patient's relatives. Thirdly, quacks should be punished by the respective medical councils for misguiding the patients regarding a disease they don't have an expertise in. Thus, doctors will be able to serve the patients to the best of their knowledge and potential when they know that their patient has trust and faith in them and will ultimately lead to a healthier society.

Dr Akash Jain, DM interventional cardiology resident at Sri Jayadeva Institute Of Cardiovascular Sciences And Research, Bangalore, India. Completed MBBS and MD(Medicine) from VMMC & Safdarjung Hospital, New Delhi.

संदेश

आजादी का 75वां अमृत महोत्सव स्वतंत्रता, स्वच्छदता और संविधान इन तीनों शब्दों को समझने के उपरांत ही यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि स्वतंत्रता का वास्तविक अधिकृत क्या है। स्वतंत्रता का पूर्ण रूप से स्थान नहीं है। स्वतंत्रता का अर्थ व्यक्तित्व के विकास के लिए पर्याप्त सुअवसर यह परिस्थितियां प्रदान करना है। वर्तमान परिस्थितियों में यह देखा गया है कि लोगों ने स्वतंत्रता को स्वच्छंदता मानते हुए स्वयं के कार्यों को करना प्रारंभ कर दिया है। जैन धर्म के अनुसार भगवान महावीर का सिद्धांत यह जब बिल्कुल स्पष्ट करना है कि जीवों और जीनेदार अन्य किसी के अधिकारों का हनन नहीं कर सकते। स्वतंत्रता संविधान के अंतर्गत निवृित अधिकार और कर्तव्य का पालन करते हुए प्राप्त होनी चाहिए। इनको राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति स्वतंत्रता प्राप्त हुई है वर्तमान परिस्थितियों में स्वतंत्रता क्या इनमें कर मानक हिंसा की और तेजी से बढ रहा है इसका परिणाम विकास के अशांति और के रूप में दृष्टिगत हो रहा है।

Aku 92 (Excellence in Medical Care)
Aku Physiotherapy
(A division of Aku 92 Delhi)
✆01732-220062
Dr. Manoti Kadian
B.P.T., M.I.A.P
Consultant Physiotherapist
M : 082094 11116
Physiotherapy · By Qualified & Experienced Doctors
अक्कू फिजियोथैरेपी
•Shivaji Park, Pyara Chowk, Yamunanagar
•Santosh Hospital, Kanahaiya Chowk, Yamunanagar


pnb पंजाब नैशनल बैंक
...भरोसे का प्रतीक

सुधीर कुमार, मंडल प्रमुख
पंजाब नैशनल बैंक
मंडल कार्यालय, चंडीगढ़ की तरफ से
समस्त चंडीगढ़ वासियों को
76वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


FIRST TIME IN INDIA
DINO MALL CARNIVAL
An Exhibition with full of fun, Food, Rides & Masti
हैंडीक्राफ्ट
हैन्डलूम
किचन आईटम
घर सजावट स्टॉल
गेम्स व टॉयस् इत्यादि

6th to 28th August 2022 | Timings: 4pm to 10pm
Housing Board Chowk, Manimajra, Chandigarh
For Stall Booking: 98881-52375, 90232-47264, 73071-55599

GURU NANAK KHALSA COLLEGE
YAMUNA NAGAR
Affiliated To Kurukshetra University, Kurukshetra
(A Multi-Faculty Post Graduate Co-Educational Institution)
UGC Recognized Centre With Potential for Excellence
E-mail : khalsawins@gmail.com Phone : 01732-221675, 268531 Website : www.gnkc.ac.in
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
ADMISSION NOTICE 2022-23
DIRECT ADMISSION (ONLINE ADMISSION EXEMPTED)

Faculty of Arts
UG COURSES
- B.A. with Economics, Political Science, History, Geography, Mathematics, Social Work, Public Administration, Music (Vocal), Health & Physical Education Sanskrit (Compulsory), English, Hindi (Cumpulsory/Elective), & Punjabi (Compulsory / Elective)
PG COURSES • M.A. Social Work
- M.A. Punjabi • M.A. Public Administration

Faculty of Science
UG COURSES
- B.C.A.* • B.Sc. Medical
- B.Sc. Non Medical • B.Sc. Computer Science
- B.Sc. Computer Applications
- B.Sc. Industrial Chemistry
- B.Sc. Industrial Microbiology
PG COURSES
- M.Sc Biotechnology*
- M.Sc Mathematics* • M.Sc. Physics*

Faculty of Commerce
UG COURSES
- B.B.A.* • B.Com (General)
- B.Com (Computer Applications
- B.Com (Hons.)
PG COURSES • M.Com

Faculty of Sports Sciences
UG COURSES
- B.Sc (Physical Edu., Health Edu. & Sports)
DIPLOMA COURSES
- P.G. Diploma in Yoga Therapy (PGDYT)

Faculty of Education
(NCTE Approved Courses)
- B.Ed. (Two Year Duration)
- B.P.Ed. (Two Year Duration)

Vocational Courses
UGC Approved
- Diploma in Retail Management
- Diploma in Banking & Financial Services

Campus Placement for Students
Add on Course For Every Student
Wi-Fi Campus
Small Khelo India Centre by Govt. of India
Hostel Facility Available For Girls & Boys
Free Books & Scholarships for Meritorious Students
Self Finance Course
*T & C APPLY
For Admission Visit website www.gnkc.ac.in or call 1800-121-0205
Principal

BABY MODEL SR. SEC. SCHOOL, BANUR
(Associated with P.S.E.B., Mohali)
BABY CONVENT SCHOOL, BANUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (Affiliation No. 1630912)
(BANUR - AMBALA HIGHWAY, BANUR)

Wishing you Happy Independence Day
- TOP MOST RESULT
- ECO FRIENDLY ATMOSPHERE
- SMART CLASS FACILITY
- WATER COOLER FACILITY
- GENERATOR FACILITY
- '24X7 CCTV SURVEILLANCE
- THEME-BASED & AIRY CLASS ROOM
Congratulations ! Dear Parents and Children
Students of Class 10th of BABY CONVENT SCHOOL have secured marvellous Marks in CBSE Board Examination
Priyanka Jindal (95.4%) 1st Rank
Tanuja Kumari Shah (93.4%) 2nd Rank
✆01762-251313, 98159-09513, 78371-51313
Website : babyconventschool.com
E-mail : babyconventschool@gmail.com

मेरी आन तिरंगा है,
मेरी शान तिरंगा है,
मेरी जान तिरंगा है,
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
संजीव खन्ना
पूर्व भाजपा प्रत्याशी , डेराबस्सी विधानसभा 2022

भारतीय जनता पार्टी
ज़ीरकपुर मण्डल
श्री नरेन्द्र मोदी जी
आप सभी निवासियों को
भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण
होने पर हार्दिक बधाई देती है।
आशीष गर्ग
अध्यक्ष, ज़ीरकपुर मण्डल
रवि मोदी
भाजपा ज़ीरकपुर मण्डल मंत्री
90562 99473

Dr. Ashwani Bansal
9915866644
स्वतंत्रता दिवस
पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
PUBLIC CLINIC
& NURSING HOME
Near N.K. Sharma Office, Opp. Royal Estate,
Ambala Chd. Road, Zirakpur (Chd)
Lab Facility also available

लाल चौक श्रीनगर से इंडिया गेट दिल्ली के 829 किलोमीटर के सफर में खिलाड़ियों का सोनीपत में किया स्वागत

पूर्व क्रिकेटर सबा करीम के साथ कोच राजकुमार शर्मा व कुलदीप मलिक ने किया धावकों का अभिनंदन

- हाथों में तिरंगा दिलों में देशभक्ति का जज्बा और जुबान पर भारत माता की जय-जयकार के साथ दौड़ते आये खिलाड़ी
- छोटूराम धर्मशाला में जिलावासियों और खिलाडि?ों ने किया जोरदार स्वागत, शुभकामनाओं के साथ किया रवाना

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 14 अगस्त। द ग्रेट इंडिया रन-2022 के तहत श्रीनगर के लाल चौक से 5 अगस्त को दौड़ प्रारंभ करते हुए चार राज्यों से गुजरने वाले 11 धावकों की टीम रविवार की सायंकाल सोनीपत में पहुंची, जहां जिलावासियों और खिलाड़ियों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। पूर्व विकेटकीपर सबा करीब व कोच राजकुमार शर्मा तथा कुलदीप मलिक व सुनील शर्मा के नेतृत्व में खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए शुभकामनाओं के साथ दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत यह आयोजन किया गया। जम्मू एवं कश्मीर के श्रीनगर लाल चौक से इंडिया गेट दिल्ली तक का 829 किलोमीटर का सफर तय करने वाले 11 खिलाड़ियों का सोनीपत में पड़ाव छोटूराम धर्मशाला में किया गया। इनमें 9 पुरूष (अरूण भारद्वाज, अरूण मिश्रा, रमेश एनएस, चिराग धारीमल जैन, मोनू मीणा, अनूप शर्मा, रितेश उदार, सुरेंद्र कुमार सहरावत व धीरज कुमार) खिलाड़ी व दो महिला (मोनिका करमा व अंजलि चौरसिया) खिलाड़ी शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने एक स्वर में कहा कि देश के लिए कुछ कर गुजरने के जज्बे के साथ आगे बढ़ें। राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूती देने की दिशा में कदम आगे बढ़ायें। स्वस्थ रहें, फिट रहें और देश को विकास पथ पर आगे बढ़ाने में योगदान दें।

इस दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर एवं कमेंटेटर सबा करीम सैंकड़ों किलोमीटर की दौड़ लगाते हुए आ रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने यह गौरवमयी सफर है, जिसमें शामिल होना परम सौभागय की बात है। दिल्ली के इंडिया गेट पर इस यात्रा का समापन होगा। इससे युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा लेते हुए आगे बढना चाहिए। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मशहूर क्रिकेटर विराट कोहली के कोच राजकुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा के रूप में बड़ी मुहिम चलाई है, जिसमें इन खिलाड़ियों ने विशेष रूप से आहुति डाली है। इस नई शुरुआत में हर किसी को साथ आना चाहिए। इससे देशभक्ति के जज्बे को बल मिला है।

ओलंपियन साक्षी मलिक के कोच अवार्डी कुलदीप मलिक ने तिरंगा यात्रा में शामिल खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उपस्थित युवा खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। युवाओं को देश का नाम रोशन करने की दिशा में आगे बढना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत जरूरी है। कठोर परिश्रम व लगन और निष्ठा के साथ देश के साथ अपने भविष्य निर्माण की दिशा में आगे बढें। हरियाणा फुटबाल फेडरेशन के पूर्व महासचिव सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के स्वप्न को साकार रूप प्रदान करने की दिशा में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मजबूती के साथ कदम बढ़ाये हैं। उन्होंने कहा कि सोनीपत खिलाड़ियों की धरती है। यहां के खिलाड़ियों ने हर स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

द ग्रेट इंडिया रन के धावकों को शुभकामनाओं के साथ इंडिया गेट दिल्ली के लिए रवाना किया गया, जिनकी झलक पाने को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर सुनील कालरा आदि गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

गांव नन्यौला में लगाया गया मेडिकल कैंप, 577 मरीजों ने उठाया लाभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अंबाला, 14 अगस्त। पंडित केदारनाथ हॉस्पिटल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से हर रविवार को लगाए जाने वाले मेडिकल कैंप अभियान के तहत आज फिर भी अंबाला शहर के गांव नन्यौला स्थित गुरू द्वारा सिंह सभा में मेडिकल कैंप लगाया गया। अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा के देख रेख में लगाए जा रहे इस कैंप के दौरान लोगों की कई तरह की बिमारियों की जांच की गई। मेडिकल कैंप के शुभारंभ अवसर पर अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने नन्यौला के गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेयर शक्तिरानी शर्मा को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। मेडिकल कैंप के दौरान 577 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और कैंप का लाभ उठाया।

पंडित केदारनाथ हॉस्पिटल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लगाए गए मेडिकल कैंप के दौरान अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा पहुंचने पर गांव के पूर्व सरपंच नरेश वत्स द्वारा हार्दिक अभिनंदन किया गया और कैंप में अपनी सेवा दी। नरेश वत्स ने कहा कि इस कैंप से निश्चिततौर गांव के लोगों को लाभ मिला है और भविष्य में भी समय समय पर ऐसे मेडिकल कैंप की गांव को जरूरत है। गांव में मेडिकल कैंप लगाए जाने पर वत्स ने मेयर शक्तिरानी शर्मा का आभार प्रकट किया। कैंप के दौरान डॉ. मुकेश भगत हड्डी रोड विशेषज्ञ द्वारा 87 लोगों की जांच की गई, तो वहीं संजीवनी अस्पताल के आई विशेषज्ञ डॉ. ओपी आर्य द्वारा 215 लोगों की आंखों की जांच की गई और इस अवसर पर मेयर शक्तिरानी शर्मा द्वारा असहाय लोगों को मुफ्त चश्में देने बारे कहा गया। इस दौरान 43 लोगों में मोतिया बिंद की शिकायत पाई गई। जिसके ट्रस्ट की ओर से आप्रेशन संजीवनी अस्पताल में मुफ्त करवाया जाएगा। कैंप के दौरान जरनल चैकअप डॉ. मनी पुरी और डॉ. सतेंद्र द्वारा करीब 100 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। कैंप के दौरान पंडित केदारनाथ हॉस्पिटल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से करीब 114 मरीजों के खून की जांच करवाई। कार्यक्रम के दौरान विशेषतौर पर प?ने वाले बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने के लिए चलाए गए ऑन लाइन फस्ट इन क्लास के लिए 61 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया।

इंडियन बैंक ने अटारी बॉर्डर के ज्वाइंट चेक पोस्ट पर हायड्रॉलिक रक्षा स्तंभ का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर, 14 अगस्त। आजादी का अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक अश्विनी कुमार ने चंडीगढ़ के क्षेत्र महाप्रबंधक अशोक पटनायक एवं उप महाप्रबंधक आर के जोशी तथा अंचल कार्यालय, अमृतसर के अंचल प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा सहित सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों की मौजूदगी में अपने कर कमलों से भारत-पाक सीमा अटारी बॉर्डर के ज्वाइंट चेक पोस्ट पर हायड्रॉलिक रक्षा स्तंभ का शुभारंभ किया। माननीय कार्यपालक महोदय ने सीमा सुरक्षा बल के सतत् अतुलनीय सेवा के लिए इंडियन बैंक की तरफ से हृदयतल से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर इंडियन बैंक के सभी कार्यपालकों ने सीमा सुरक्षा बल अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी ऊर्जा के साथ भारत माता की वंदना भी की।

सीमा सुरक्षा बल के शीर्ष अधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव के इस पावन अवसर पर बैंक द्वारा स्थापित हायड्रॉलिक रक्षा स्तंभ हेतु इंडियन बैंक का धन्यवाद ज्ञापन किया।

'आप' सरकार आम आदमी के दरवाजे पर इलाज मुहैया कराएगी : जौड़ामाजरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 14 अगस्त। आम लोगों के घर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की पंजाब सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'आम आदमी क्लीनिक' के शुभारंभ की उल्टी गिनती शुरू होते ही लोगों में उम्मीद की लहर दौड़ गई है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कहा कि यह योजना स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांति लाएगा। कल से शुरू होने वाले 75 आम आदमी क्लीनिक में लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवा मिलना शुरू हो जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने पहले चरण के लिए 100 आम आदमी क्लीनिक तैयार किए हैं, जिनमें 75 को सोमवार को स्वतंत्रता दिवस पर उद्घाटन के बाद आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा और शेष 25 को भी जल्द ही खोला जाएगा। सभी 117 निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करने के लिए राज्य भर में क्लीनिक फैले हुए हैं। प्रत्येक क्लिनिक में 4 का स्टाफ होगा, जिसमें एक एमबीबीएस डॉक्टर और लैब टेक्नीशियन शामिल होंगे और यह लगभग 20000/- व्यक्तियों की आबादी को पूरा करेगा। ये बुनियादी उपचार प्रदान करने के लिए हैं और यदि किसी को विशेष ध्यान की आवश्यकता पड़ती है तो ये क्लीनिक रेफरल केंद्रों की भूमिका निभाएंगे।

पहले चरण में शहरी क्षेत्रों में 65 और ग्रामीण क्षेत्रों में 35 क्लीनिकों के लिए आधारभूत संरचना विकसित की गई है। क्लीनिक में 41 तरह की जांच की व्यवस्था है और रोगियों को मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराने के लिए भी पर्याप्त बजटीय प्रावधान किया गया है।

पंजाब में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के लिए इस पहल को एक बड़ा कदम बताते हुए, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार इन क्लीनिकों को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक कर्मचारियों और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है।

सरकार अगले चरणों में आम आदमी क्लीनिक की तर्ज पर राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) चलाने की भी योजना बना रही है।

स्वास्थ्य मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कहा कि पिछली सरकार के विपरीत आम आदमी पार्टी की सरकार आम लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने अपने चुनावी वादों को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर दिन रात काम कर रही है। पिछली सरकारी चुनावों के आसपास ही सिर्फ दिखावे के लिए काम करना शुरू करती थी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक यह सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए गए हैं कि राज्य में किसी भी व्यक्ति को इलाज के लिए पैसे की चिंता करने की जरूरत न हो।

वार्षिकोत्सव समारोह में विधायक ने शिरकत कर दिया तिरंगा लगाने की अपील की

- नपा चेयरमैन अरूण त्यागी का किया स्वागत

अर्थ प्रकाश/सुरिन्द्र कुमार

गन्नौर, 14 अगस्त। आर्य समाज मन्दिर किशनपुरा मंडी का वार्षिक उत्सव व जन्माष्टमी महोत्सव रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें विधायक निर्मल चौधरी, नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में आचार्य प्रमोद, सतीश, संतोष आर्या, सत्यकरण दीवान ने भजनो के माध्यम से वेदप्रचार किया। मंच संचालक कार्यक्रम अध्यक्ष भारत भूषण भूटानी ने किया। सुदर्शना बत्रा ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने शहर के लोगों से अपने घर की छत पर तिरंगा लगाने की अपील की।

आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा रैली

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

महम, 14 अगस्त। वरिष्ठ नागरिक गृह , सिमान द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया इस अवसर पर तिरंगा यात्रा भी निकाली गई । वरिष्ठ नागरिक गृह, सिमान के संचालक प्रदीप सिवाच ने आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में बताते हुए कहा कि भारत को आजाद कराने के लिए किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और क्या क्या कुर्बानिया भारत को देनी पड़ी यह आज की युवा पीढी को जानना जरूरी है और आजादी का अमृत महोत्सव किसी विशेष जाति, धर्म अथवा राज्य से नही, परन्तु सम्पूर्ण भारत के लिए महत्वपूर्ण है । इस आजादी महोत्सव के दौरान सरकारी भवनो , निजी संस्थाओं और घरो में तिरंगा फहराया जाना चाहिए। इस अवसर पर देश भक्ति के गीत गाये।

वरिष्ठ नागरिक गृह, सिमान (रोहतक)
आजादी का अमृत महोत्सव
आजादी का अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी विकास संघ

तिरंगा यात्रा में सांसद, विधायक, नपा चेयरमैन ने वातावरण को देश भक्ति के नारो से भक्तिमय बनाया

- तिरंगा यात्रा में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था

अर्थ प्रकाश/सुरिन्द्र कुमार

गन्नौर, 14 अगस्त। आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में गन्नौर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा को सांसद रमेश कौशिक, विधायक निर्मल चौधरी व नगरपालिका चैयरमैन अरूण त्यागी ने संयुक्त रूप से नेतृत्व किया। यात्रा गन्नौर रेलवे स्टेशन से चलकर नगरपालिका रोड से होती हुई सचिवालय परिसर में शहर चन्द्रशेखर की प्रतिमा के पास जाकर समाप्त हुई। इसके बाद सांसद, विधायक, चैयरमैन ने शहीद चन्द्रशेखर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में युवाओं व महिलाओं ने भाग लेते हुए देश भक्ति से ओतप्रोत नारेबाजी करते हुए वातावरण को भक्तिमय बनाया। यात्रा में भीड़ को देख सांसद ने विधायक व चेयरमैन के प्रयास की सराहना की। यात्रा के दौरान युवाओं को जोश देखते ही बनता था।

सांसद कौशिक ने यात्रा के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराने के लिए असंख्य वीर शहीदों ने अपने प्राणों की बाजी लगाई, ऐसे महान सपूतों को कोटि-कोटि नमन करता हूं। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर तिरंगा फहराने की जो मुहिम चलाई है, वह अपने आप में राष्ट्ः भक्ति की एक अनूठी मिशाल है। नगरपालिका चैयरमैन अरूण त्यागी ने तिरंगा यात्रा में भाग लेने वाले युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए हर घर पर तिरंगा लगाने की अपील की। यात्रा के दौरान भाजपा नेता आजाद नेहरा, युवा नेता संजय गौत्तम, पार्षद शिवानी जैन, पार्षद दिनेश अधलखा, पूर्व चेयरमैन ईश्वर कश्यप, सतबीर खोखर, भोपाल रापरिया, सुन्दर रापरिया एडवोकेट, भाजपा युवा नेता सुरेन्द्र खुराना आदि गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

माता शिकारी जा रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी काढ़ा मोड़ के पास 35 फुट खाई में लुढ़की, पांच घायल

- एक महिला नेरचौक मेडिकल कॉलेज रैफर

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

गोहर 14 अगस्त। उपमंडल गोहर के काढ़ा (बगस्याड)में एक निजी कार में सवार 5 श्रद्धालु माता शिकारी मन्दिर को जा रहे थे कि मन्दिर पहुँचने से पहले की काढ़ा मोड़ के पास कार अन्यंत्रित होकर करीव 35 फुट गहरी खाई में लुढ़क गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह गाँव चपलाह त. बगाना जिला ऊना से माता शिकारी मन्दिर को जा रही एक निजी कार एच पी 78,-3849 मंदिर पहुँचने से पहले ही हादसे का शिकार हो गई। करीब 9 बजे जैसे ही कार काढ़ा मोड़ नाले के समीप पहुँची कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी जिससे कार में सवार 5 लोग घायल हो गए घायलों को मामूली चोटें आई है लेकिन कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घायलों में निर्मला देवी 67, सुभद्रा कुमारी 42, शीतल ठाकुर 22, कोमल ठाकुर 20 अंकुश कुमार कार चालक 32 शामिल हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सिविल अस्पताल बगस्याड ले जाया गया उनका उपचार जारी है। एक घायल महिला जिसको ज्यादा चोट आई है को नेरचौक मेडिकल कॉलेज हस्पताल रैफर कर दिया है। कार हादसे को लेकर पुलिस अधीक्षक मण्डी शालिनी अग्निहोत्री ने घटना की पुष्टि की है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने झंडा वितरण समारोह का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

करनाल, 14 अगस्त। भारत सरकार की अनोखी पहल 'हर घर तिरंगा अभियान- आजादी के अमृत महोत्सव का अनोखा जश्न' की सफलता हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा, करनाल क्षेत्र द्वारा क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं के माध्यम से झंडा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। 13 अगस्त को बैंक ऑफ बड़ौदा, करनाल क्षेत्र की शाखा बरही में सतीश कुमार यादव (क्षेत्रीय प्रमुख) की अध्यक्षता मे गांव के लोगों को झंडे वितरित किए गए। सतीश कुमार यादव (क्षेत्रीय प्रमुख) द्वारा लोगो को आजादी की महता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर ब्रांच मैनेजर मिसराज कुमारी शर्मा एवं समस्त ब्रांच स्टाफ उपस्थित रहे।

जमीन इंतकाल के मामले में किसान 16 को सौंपेंगे मंत्री व विधायकों को ज्ञापन

भिवानी, 14 अगस्त (अप्रस)।। सरकार द्वार शामलात देह व जुमला मुस्तरका मालकान भूमि के इंतकाल तोडकर् पंचायतों व नगरपालिकाओं के नाम करने का विरोध किसानों द्वारा लगातार जारी है। जिसके विरोध में गत दिनों कारीमोद में महापंचायत भी हुई थी, जिसमें 16 अगस्त बुधवार को प्रदेश भर के सभी मंत्रियों व विधायकों को ज्ञापन सौंपकर सरकार से इस फैसले को रद्द किए जाने की मांग की जाएगी। यह बात किसान नेता जोगेंद्र तालु ने रविवार को स्थानीय सुरेंद्र सिंह पार्क में आयोजित किसान बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर किसान नेता जोगेंद्र तालु ने कहा कि वर्ष 1992 में तत्कालीन सरकार ने विलेज कॉमन लैंड रेगुलेशन अधिनियम 1961 में संशोधन कर जुमला मुस्तरका मालकान जमीनों को पंचायती जमीन करार दे दिया था, लेकिन साल अप्रैल 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने फिर से शामलात देह और जुमला मुस्तरका मालकान भूमि वापस पंचायतों और नगरपालिकाओं को करने के आदेश दिए हैं। जिसके इसके विरोध में किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं तथा मांग कर रहे हैं कि इस फैसले को लागू न किया जाए। किसानों की मांग है कि इस फैसले को अध्यादेश के जरिए रद्द किया जाए। तालु ने इस फैसले को रद्द करवाने की मांग को किसान 16 अगस्त को भगत सिंह चौक पर एकत्रित होंगे तथा वहां से प्रदर्शन करते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल, पूर्व मंत्री एवं तोशाम से विधायक किरण चौधरी एवं भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ को ज्ञापन सौंपेंगे।

अणुव्रत भवन मे बही प्रेक्षाध्यान व योग की धारा

हम घर बैठे ही प्रेक्षाध्यान व मेंडिटेशन कर सकते है और स्वास्थ्य लाभ ले सकते है: डा. जोरा सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ, 14 अगस्त। आज इस भागदौड भरी जिंदगी मे हर कोई भाग रहा है लेकिन कहां जाना है किसी को मालूम नही, शरीर को दुरूस्त करने के लिए इंसान दिन भर जिम, व्यायामशाला, स्विमिंग के लिए घर से निकलता है और शरीर को निरोग करने के लिए भरसक प्रयत्न करता है। लेकिन मैं सोचता हूं कि योग व मेडिटेशन के लिए कही भी जाने की जरूरत नही है हम घर बैठे ही प्रेक्षाध्यान व मेडिटेशन कर सकते है और स्वास्थ्य लाभ ले सकते है। ये शब्द डा. जोरा सिंह, कुलाधिपति देश भगत विश्वविद्यालय ने आज अणुव्रत भवन मे पेक्षाध्यान, योग और प्रयोग कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा. सुरेंद्र चौधरी, संस्थापक योगासंजीवनी विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि डा. तेजिंद्र कौर सह-कुलाधिपति देश भगत विश्वविद्यालय रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डा. सलील जैन ने किया।

ध्यान सिखाता है हमे शून्य होनाः डा. सुरेंद्र चौधरी

डा. सुरेंद्र चौधरी, संस्थापक योगासंजीवनी ने अपने भाव प्रकट करते हुए कहा प्रयोगशाला मे उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को योग व मेडिटेशन खुद कर व श्रावक श्राविकाओं को भी कराकर योग व ध्यान के फायदे बताये। उन्होने ध्यान के बारे मे कहा ध्यान हमे शून्य होना सिखाता है।

सुरेंद्र चौधरी ने कहा आचार्य महाप्रज्ञ ने व्यक्ति के आध्यात्मिक एवं नैतिक विकास हेतु प्रेक्षाध्यान उपक्रम आविष्कृत किया। एक पद्धति को बदलना कठिन है पर व्यक्ति व समाज को बदलना उससे भी अधिक कठिन है। प्रेक्षाध्यान प्रयोग आत्मा शुद्धि की प्रकिया के उपक्रम है। आत्म विश्वास, सहिष्णुता, धैर्य एवं भावानात्मक संतुलन के विकास के लिए यह अत्यन्त मूल्यवान है।

